RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 71
नई दिल्ली, शनिवार, 14 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



दोहरी भूमिका निभाने से राहुल को कोई शिकायत नहीं
स्पोर्ट्स-12

# मानवता केंद्रित वैश्वीकरण हो: मोदी

## वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ सम्मेलन

- कहा-विकासशील देश जलवायु संकट या कर्ज संकट सृजित करने वाला वैश्वीकरण नहीं चाहते हमारे लिए पिछले तीन साल कठिन रहे पर नया साल नई आशा का समय
- विकासशील देशों को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए नई आरोग्य मैत्री परियोजना का किया ऐलान




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने विकासशील देशों के लिए पिछले तीन वर्षों को कठिनाईपूर्ण बताया और कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम के दर्शन पर चलने वाला भारत वैश्वीकरण के सिद्धांत को मनाता है लेकिन विकासशील देश ऐसे वैश्वीकरण की इच्छा नहीं रखते हैं जो जलवायु संकट या कर्ज संकट सृजित करता हो।

उन्होंने कहा कि नए साल की शुरुआत एक नई आशा का समय है। प्रधानमंत्री मोदी ने वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ डिजिटल सम्मेलन के दूसरे दिन अपने संबोधन में कहा, पिछले तीन साल विकासशील देशों के लिए कठिन रहे हैं। कोविड-19, ईंधन, उर्वरक, खाद्यान्न की कीमतों में वृद्धि और बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों ने विकास संबंधी प्रयासों को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा, हम सभी वैश्वीकरण के सिद्धांत की सराहना करते हैं। भारतीय दर्शन हमेशा दुनिया को एक परिवार के रूप में देखने का रहा है। हालांकि विकासशील देश ऐसे वैश्वीकरण की इच्छा नहीं रखते हैं जो जलवायु संकट या कर्ज संकट सृजित करता हो। मोदी ने कहा, हम एक ऐसा वैश्वीकरण चाहते हैं, जहां टीकों का असमान वितरण नहीं हो या अत्यधिक केंद्रित वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला नहीं हो। हम ऐसा वैश्वीकरण चाहते हैं जो समृद्धि लाए और सम्पूर्ण मानवता की भलाई करे। उन्होंने कहा कि हम विकासशील देश अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के बढ़ते विखंडन को लेकर भी चिंतित हैं और ये भू राजनीतिक तनाव हमें हमारी प्राथमिकताओं से भटकाने का काम करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके कारण ईंधन, खाद्य और अन्य उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तीव्र वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि इस तरह के भू राजनीतिक विखंडन से निपटने के लिए हमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में बुनियादी सुधार की तत्काल जरूरत है। उन्होंने कहा, हमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित अंतरराष्ट्रीय निकायों के बुनियादी सुधार की तत्काल आवश्यकता है।

ये सुधार विकासशील विश्व की चिंताओं को आवाज देने पर ध्यान केंद्रित करने वाले होने चाहिए और 21वीं सदी की वास्तविकताओं को परिलक्षित करते हों। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान विकासशील देशों को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए नई आरोग्य मैत्री परियोजना की घोषणा की। उन्होंने कहा, मैं नई आरोग्य मैत्री परियोजना की घोषणा करता हूं। इस परियोजना के तहत भारत प्राकृतिक आपदा या मानवीय संकट से प्रभावित विकासशील देशों को जरूरी चिकित्सा आपूर्ति प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं इस बात की घोषणा करके प्रसन्न हूं कि भारत ( शेष पेज 8 )

# जोशीमठ 12 दिनों में 5.4 सेंटीमीटर धंसा



इसरो द्वारा जारी की गई सेटेलाइट तस्वीर।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- इसरो की सेटेलाइट तस्वीरों से हुआ खुलासा

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा जारी उत्तराखंड के जोशीमठ की उपग्रह छवियों से पता चलता है कि हिमालई शहर केवल 12 दिनों में 5.4 सेमी धंस गया। जमीन धंसने की यह घटना संभवत: दो जनवरी से शुरू हुई। बद्रीनाथ और हेमकुंड साहिब जैसे प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों और अंतरराष्ट्रीय स्कीइंग गंतव्य औली के प्रवेश द्वार जोशीमठ को भूमि धंसने के कारण एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

इसरो के नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर (एनआरएससी) के प्रारंभिक अध्ययन में कहा गया है कि अप्रैल और नवंबर 2022 के बीच जमीन के धंसने की प्रक्रिया धीमी थी, इस दौरान जोशीमठ 8.9 सेमी तक धंसा था। हालांकि 27 दिसंबर, 2022 और आठ जनवरी, 2023 के बीच, भू-धंसाव की तीव्रता में वृद्धि हुई और इन 12 दिनों में शहर 5.4 सेंटीमीटर धंस गया। / तस्वीरें कार्टोसैट-2एस उपग्रह से ली गई हैं। एनआरएससी की रिपोर्ट में कहा गया, यह क्षेत्र कुछ दिनों के अंदर लगभग पांच सेमी धंस गया और अवतलन की क्षेत्रीय सीमा भी बढ़ गई है। यह हालांकि जोशीमठ शहर के मध्य भाग तक ही सीमित है। इसने कहा कि एक सामान्य भूस्खलन आकार जैसे दिखने वाले एक धंसाव क्षेत्र की पहचान की गई थी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि धंसाव का केंद्र जोशीमठ-औली रोड के पास 2,180 मीटर की उंचाई पर स्थित था। तस्वीरों में सेना के हेलीपैड और नरसिंह मंदिर को जोशीमठ शहर के मध्य भाग में फैले धंसाव क्षेत्र के प्रमुख स्थलों के रूप में दिखाया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, आर के सिंह, भूपेंद्र यादव और गजेंद्र सिंह शेखावत व शीर्ष अधिकारियों की मौजूदगी में हुई एक बैठक में जोशीमठ की स्थिति और लोगों की कठिनाइयों को दूर करने के लिए उठाए गए कदमों का आकलन किया था। अब तक 589 सदस्यों वाले कुल 169 परिवारों को राहत केंद्रों में स्थानांतरित कर दिया गया है। जोशीमठ और पीपलकोटी में राहत केंद्रों के रूप में 835 कमरे हैं, जिनमें कुल मिलाकर 3,630 लोग रह सकते हैं।

# कंझावला मामले में 11 पुलिसकर्मी निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- आरोपियों के रक्त के नमूने की रिपोर्ट आई, इससे पता चलेगा कि घटना के समय वे नशे में थे या नही
- एक दिन पहले ही गृह मंत्रालय ने आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज करने के दिए थे आदेश

**दिल्ली** पुलिस ने कंझावला मामले में शुक्रवार को अपने 11 कर्मियों को निलंबित कर दिया है। इनमें दो उपनिरीक्षक, चार सहायक उपनिरीक्षक, चार हेड कांस्टेबल और एक कांस्टेबल शामिल हैं। एक दिन पहले ही गृह मंत्रालय ने आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज करने के आदेश दिए थे, क्योंकि वे जानते थे कि उनकी कार में एक लड़की फंसी है। इसके बावजूद उन्होंने कार नहीं रोकी। गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस को मामले में जल्द से जल्द आरोपपत्र दायर करने का निर्देश दिया है ताकि दोषियों को सजा मिल सके।

नव वर्ष के पहले ही दिन तड़के 20 वर्षीय एक युवती की स्कूटी को एक कार ने टक्कर मार दी थी और कार में फंस गई युवती को आरोपी लगभग 12 किलामीटर तक सुल्तानपुरी से कंझावला तक सड़कों पर घसीटते रहे, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस घटना के सिलसिले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गृह मंत्रालय ने इस मामले में बृहस्पतिवार को दिल्ली पुलिस को तीन पीसीआर वैन और दो चौकियों में ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मियों को निलंबित करने का निर्देश दिया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिन पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है, वे घटना के समय रास्ते में पीसीआर ( शेष पेज 8 )

# हिमाचल में ओपीएस की बहाली को मंजूरी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने मंत्रिमंडल की अपनी पहली बैठक में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। सरकार ने वर्तमान में नई पेंशन योजना (एनपीएस) के तहत आने वाले 1.36 लाख कर्मचारियों के लिए इसे लोहड़ी के उपहार के रूप में बताया। कांग्रेस पार्टी ने मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ओपीएस को बहाल करने का वादा किया था और वह इस पर कायम रही। मंत्रिमंडल ने कांग्रेस पार्टी के चुनाव घोषणा पत्र को सरकार के नीति दस्तावेज के रूप में अपनाने का भी निर्णय लिया। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पत्रकारों से कहा, अपने चुनावी दौरे के दौरान, एआईसीसी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने हमें ओपीएस की बहाली का वादा करने के लिए कहा था और हमने इसे प्रतिज्ञा पत्र में शामिल किया और मंत्रिमंडल की पहली बैठक में वादा पूरा किया। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन योजना का लाभ आज (13 जनवरी, 2023) से दिया जाएगा और इस संबंध में जल्द ही अधिसूचना जारी की जाएगी। ( विस्तृत पेज 11 )

# नफरत फैलाने वाले एंकरों पर अंकुश लगाया जाए : कोर्ट

- सुप्रीम कोर्ट ने टीवी चैनलों को फिर लगाई कड़ी फटकार, सरकार से मांगे सुझाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**सुप्रीम** कोर्ट ने शुक्रवार को एक बार फिर नफरत फैलाने के लिए टीवी चैनलों को कड़ी फटकार लगाई है। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि इस तरह चैनल समाज में विभाजन पैदा कर रहे हैं। ऐसा करने वाले एंकरों को रोका जाना चाहिए।

अदालत हेट स्पीच को नियंत्रित करने के लिए निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। केंद्र सरकार के वकील ने कहा कि सरकार अभद्र भाषा से निपटने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) में व्यापक संशोधन करने की योजना बना रही है। जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना की खंडपीठ ने यह भी कहा कि इस तरह नफरत फैलाने वाले एंकरों को ऐसा करने से रोका जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि टीवी चैनल अपने फंडर्स के हुक्म के अनुसार काम करते हैं, इसलिए सरकार इन मुद्दों से निपटने के तरीके सुझाए।

न्यायमूर्ति जोसेफ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि जब आप अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दावा करते हैं, तो आपको इसके लायक कार्य करना चाहिए। अन्यथा क्या गरिमा बची रह जाएगी। जस्टिस जोसेफ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि चैनल मूल रूप से एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करने के चक्कर में घटनाओं को ( शेष पेज 8 )

# दोस्तों के लिए दे दी जहाज में बम होने की झूठी सूचना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी के आईजीआई हवाई अड्डे पर स्पाइसजेट की दिल्ली-पुणे उड़ान में बम होने की झूठी कॉल करने के आरोप में ब्रिटिश एयरवेज के 24 वर्षीय प्रशिक्षु टिकटिंग एजेंट को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने यह कॉल इसलिए किया ताकि उसके बचपन के दोस्त अपनी महिला मित्रों के साथ अधिक वक्त गुजार सकें, जो पुणे जा रही थीं। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान गुरुग्राम के डीएलएफ कुतुब प्लाजा में ब्रिटिश एयरवेज टिकटिंग सेंटर में प्रशिक्षु अभिनव प्रकाश के तौर पर की गई है और वह राष्ट्रीय राजधानी के द्वारका सेक्टर 22 का रहने वाला है। प्रकाश की गिरफ्तारी की बात सुन कर उसके दोनों दोस्त फरार हो गए। गौरतलब है कि बृहस्पतिवार को एसजी-8938 विमान में बम होने की सूचना स्पाइसजेट कॉल सेंटर को मिली। यह सूचना सीआईएसएफ नियंत्रण कक्ष को दी गई और बाद में इसकी सूचना आईजीआई ( शेष पेज 8 )

# एयर इंडिया घटना: आरोपी का यू टर्न, कहा- मैंने नहीं किया पेशाब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- अदालत में आरोप लगाते हुए कहा- लगता है महिला ने स्वयं ही किया था ऐसा काम

**एयर** इंडिया के विमान में एक बुजुर्ग महिला सहयात्री पर पेशाब करने के आरोपी शंकर मिश्रा ने यू-टर्न लेते हुए शुक्रवार को दिल्ली की एक अदालत में कहा कि उसने आपत्तिजनक कृत्य नहीं किया। ऐसा प्रतीत होता है कि महिला ने खुद ही अपने ऊपर पेशाब किया था।

पिछले साल 26 नवंबर को एयर इंडिया की न्यूयॉर्क-नई दिल्ली उड़ान में हुई कथित घटना को लेकर कुछ सहयात्रियों द्वारा आरोपी की निंदा किए जाने और घटना होने के संबंध में पीड़ित महिला के साथ आरोपी के व्हाट्सऐप संदेशों के बावजूद पहली बार उसके वकील ने दावा किया कि घटना हुई ही नहीं थी। मिश्रा के वकील ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरज्योत सिंह भल्ला के समक्ष दिल्ली पुलिस की याचिका पर बहस करते हुए दलील दी। पुलिस ने अपनी याचिका में आरोपी से हिरासत में पूछताछ करने की अनुमति न देने के मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश में संशोधन का आग्रह किया था। न्यायाधीश ने यह कहते हुए याचिका का निस्तारण कर दिया कि ऐसा लगता है कि उनके सामने जो दलीलें दी गई हैं, वे मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के सामने नहीं रखी गईं।

उन्होंने कहा कि पुलिस अपनी अर्जी के साथ नए सिरे से मजिस्ट्रेट अदालत का दरवाजा खटखटा सकती है। आरोपी के वकील ने मिश्रा की ओर से कहा कि मैं आरोपी नहीं हूं। कोई और होना चाहिए। ऐसा लगता है कि उसने (महिला) खुद पेशाब किया। वह प्रोस्टेट से जुड़ी किसी बीमारी से पीड़ित थी, जिससे कथक नृत्य से जुड़े कई लोग पीड़ित प्रतीत होते हैं। ये ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,261 | ↑ 303 | |
| निफ्टी | 17,956 | ↑ 95 | |
| सोना | 56,236 | ↑ 121 | /10g |
| चांदी | 68,729 | ↓ 145 | /kg |

## क्विक न्यूज

### संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से प्रारंभ होगा

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा जिस दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। संसदीय मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जोशी ने ट्वीट किया, बजट सत्र में 27 बैठकें होंगी और यह 6 अप्रैल तक चलेगा। सत्र का पहला चरण 31 जनवरी से 14 फरवरी तक होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को आम बजट पेश करेंगी। करीब एक महीने के अवकाश के बाद बजट सत्र का दूसरा चरण 12 मार्च से शुरू होगा और 6 अप्रैल तक चलेगा। संसदीय मामलों के मंत्री ने कहा, अमृतकाल में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव, आम बजट और अन्य विषयों पर चर्चा को लेकर आशान्वित है।

# सीबीआई को लालू के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को जमीन के बदले नौकरी घोटाले के सिलसिले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए केंद्र की मंजूरी मिल गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एजेंसी ने शुक्रवार को एक विशेष अदालत के समक्ष मंजूरी के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि विशेष अदालत के लिए एजेंसी द्वारा दायर आरोप पत्र का संज्ञान लेने के वास्ते सक्षम प्राधिकार से मुकदमा चलाने की स्वीकृति एक शर्त है। सीबीआई ने पिछले साल सात अक्टूबर को लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और 14 अन्य के खिलाफ रेलवे में कथित नियुक्ति के बदले में लालू के परिवार के सदस्यों को जमीन उपहार में देने या बेचने को लेकर आरोपपत्र दाखिल किया था। हालांकि, आरोप पत्र का संज्ञान लिया जाना लंबित था। लालू प्रसाद की बेटी मीसा भारती और रेलवे के एक पूर्व महाप्रबंधक को भी सीबीआई की एक विशेष अदालत के समक्ष दायर आरोप पत्र में आरोपी के रूप में नामजद किया गया था।

# काशी से सफर पर निकला दुनिया का सबसे लंबा क्रूज

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को सबसे लंबे जलमार्ग पर वाराणसी से डिब्रूगढ़ के लिए गंगा विलास क्रूज और मालवाहक जलयान को वर्चुअली हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इसके साथ उन्होंने गंगा पार रेती पर बसी टेंट सिटी और गाजीपुर व बलिया में बनी चार फ्लोटिंग जेटी का बटन दबाकर उद्घाटन किया। वहीं बिहार के दो जिलों में पांच सामुदायिक घाट की भी आधारशिला रखी।

रविदास घाट पर आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से जुड़ें और गाजीपुर के सैदपुर, चोचकपुर, जमानिया और बलिया के कंसपुर में चार फ्लोटिंग कम्यूनिटी जेटी का उद्घाटन किया। इसके अलावा बिहार में पटना जिले के दीघा, नकटा दियारा, बाढ़, पानापुर और समस्तीपुर जिले के हसनपुर में पांच सामुदायिक घाटों की आधारशिला भी रखी। उन्होंने पश्चिम



बंगाल में हल्दिया मल्टी मॉडल टर्मिनल और गुवाहाटी में पूर्वोत्तर के लिए समुद्री कौशल विकास केंद्र का भी लोकार्पण किया।

प्रधानमंत्री गुवाहाटी में पांडु टर्मिनल में जहाज मरम्मत सुविधा और एलिवेटेड रोड का शिलान्यास भी किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को रविदास घाट पर आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअली लगभग एक घंटे तक जुड़े रहें। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय जलपत्तन मंत्री सर्बानंद सोनोवाल वाराणसी के

- प्रधानमंत्री ने 'गंगा विलास' को दिखाई हरी झंडी, बनारस से डिब्रूगढ़ तक की करेगा यात्रा

रविदास घाट पर मौजूद रहें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लोगों को सभा को संबोधित करते हुए, भगवान महादेव की जय-जयकार की और मकर संक्रांति व लोहड़ी के शुभ अवसर पर सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि




हमारे त्योहारों में दान, आस्था, तपस्या और आस्था और उनमें नदियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह नदी जलमार्ग से संबंधित परियोजनाओं को और अधिक महत्वपूर्ण बनाता है। उन्होंने बताया कि काशी से डिब्रूगढ़ तक के सबसे लंबे रिवर क्रूज को आज हरी झंडी दिखाई जा रही है, जो विश्व पर्यटन मानचित्र पर उत्तर भारत के पर्यटन स्थलों को सामने लाएगा। उन्होंने कहा कि आज वाराणसी, पश्चिम बंगाल, ( शेष पेज 8 )

ऑटो एक्सपो

# मेले में लग रहा है कार प्रेमियों का तांता

## नई गाड़ियों का दिखा जलवा, टिकट खिड़कियों पर आम दर्शकों की लंबी कतारें

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

कोरोना काल के तीन वर्ष में सुनसान रहे एक्सपो मार्ट में चल रहे ऑटो एक्सपो 2023 में जनता का उत्साह देखते ही बन रहा है। बड़ी संख्या में गाड़ी प्रेमी ऑटो एक्सपो 2023 में पहुंच रहे हैं और ऑटो एक्सपो में प्रदर्शित कारों का लुत्फ उठा रहे हैं।

ऑटो एक्सपो 2023 में प्रवेश को लेकर ज्यादातर लोग बड़े अधिकारियों से पास आदि का जुगाड़ कर रहे हैं, लेकिन टिकट खिड़कियों पर भी भारी भीड़ नजर आ रही है। हाल ये है कि आम आदमी से लेकर खास तक इस एक्सपो में पहुंच रहे हैं। तीन साल बाद आयोजित हुए ऑटो एक्सपो का उत्साह लोगों में चरम पर दिखाई दे रहा है। रानेताओं की बात कहें तो केंद्रीय मंत्रियों से लेकर राज्य के मंत्री और स्थानीय विधायक तक इस मेले में पहुंच रहे हैं। ऑटो एक्सपो में पहुंचने वाले केंद्रीय मंत्रियों की बात करें तो केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय के अलावा राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर यहां पहुंचे थेए वहीं स्थानीय विधायकों में दादरी विधायक मास्टर तेजपाल सिंह नागर और जेवर विधायक ठाकुर धीरेन्द्र सिंह समेत अन्य विधायक और राजनेता भी एक्सपो में पहुंच रहे हैं।

आटो एक्सपो में स्थानीय विधायक और नेता ही नहीं बल्कि दूर दराज के नेता भी पहुंच रहे हैं। मेरठ, मुजफ्फ रनगर और सहारनपुर के राजनेता भी यहां पहुंच रहे हैं और अपने लिए वाहनों को पसंद कर रहे हैं। आपको बता दें कि ऑटो एक्सपो की शुरुआत 13 जनवरी को हुई, और यह 18 जनवरी तक चलेगा।

पांच दिन तक चलने वाले इस मेले से वाहन कंपनियों को काफ ी मुनाफ ा होने की उम्मीद है। वाहन कंपनियों का मानना है कि यह मेला उनके लिए बेहद ही कारगर साबित होगा। यह भारत की एक बड़ी उपलब्धि साबित होगी। बता दें कि ऑटो एक्सपो 2023 में भविष्य की गाड़ियां विभिन्न वाहन कंपनियों ने दिखाई है। पहले दिन 59 और दूसरे दिन 23 वाहनों को यहां पर लांच किया गया था। टाटा, मारुति सुजुकी, किआ, एमजी और हुंडई समेत काफ ी कंपनियों ने दिखाया कि आने वाले भविष्य में किस तरीके की गाड़ियां भारत की सड़कों पर दौड़ सकती है। मारुति और टाटा समेत दर्जनों कंपनियों ने अपनी कई कारें लॉन्च की है।



पहले दिन ऑटो एक्सपो में उमड़ी भीड़।




ई-कारों का बढ़ा क्रेज




## देशी विदेशी कारों का जलवा

गौतमबुद्धनगर में चल रहे ऑटो एक्सपो को देखने के लिए केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय और आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ग्रेटर नोएडा पहुंचे। यहां पर देशी और विदेशीा कारों को जलवा देखने को मिला। उन्होंने ऑटो एक्सपो में लॉन्च किए गए नए वाहनों, इलेक्ट्रिक वाहनों तथा प्राकृतिक ईंधन से चलने वाले वाहनों को देखा। उनकी सुरक्षा में भारी पुलिस बल लगाया गया था। वही यूएस की कार्यकारी एंबेसडर कलैएरिया बारबिना तथा इजरायल के एंबेसडर नागर गिलोन भी एक्सपो मार्ट देखने के लिए ग्रेटर नोएडा पहुंचे।

# विश्व स्तर पर जलवायु परिवर्तन को कम करने में भारत अग्रणीः पुरी

**● स्वच्छ ऑटोमोबाइल का भविष्य सुरक्षितः मंत्री**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप एस पुरी ने कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन को कम करने में अग्रणी है और ऊर्जा परिवर्तन के अपने एजेंडे पर तेजी से कार्य कर रहा है।

आज का कार्यक्रम यह दर्शाता है कि भारत ऊर्जा की अपनी बढ़ती मांग को पूरा करने के साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा करने के बारे में अपनी प्रतिज्ञा को पूरा करने के लिए किस सीमा तक नवाचार करने को तैयार है। ऑटो एक्सपो-2023 में हरदीप एस पुरी ने कहा कि ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए यह आयोजन कल को सुरक्षित, स्वच्छ, जुड़ाव युक्त और साझा बनाने के लिए हमारी तकनीकी क्षमता और गतिशीलता के विजन की एक प्रदर्शनी होगा। दर्शकों के लिए यह इको-सिस्टम की गतिशीलता का अनुभव प्रदान करेगा जो रोजाना सामने आ रहा है और हमारी सभी जरूरतों के लिए बेहतर समाधान भी प्रस्तुत कर रहा है।

यह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों और अन्य हितधारकों के लिए एक मंच भी उपलब्ध कराएगा। एक्सप्लोर द वर्ल्ड ऑफ मोबिलिटी थीम के साथ इस ऑटो एक्सपो- 2023 का आयोजन ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसीएमए), भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) तथा सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) द्वारा किया जा रहा है। इस आयोजन में 100 से अधिक कंपनियों और 30000 से अधिक दर्शकों की उपस्थिति का अनुमान है। उन्होंने ने जोर देकर कहा कि यह कार्यक्रम सहायक और निवेश अनुकूल माहौल के साथ भारत को वैश्विक आर्थिक विकास के इंजन और वैश्विक खपत के चालक के रूप में प्रदर्शित करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा। भारत द्वारा इथेनॉल सम्मिश्रण के बारे में की गई प्रगति के बारे में बातचीत करते हुए हरदीप पुरी ने कहा 2013-14 में पेट्रोल में इथेनॉल सम्मिश्रण 1.53 प्रतिशत था जिसे 2022 में बढ़ाकर 10.17 प्रतिशत कर दिया गया है।



यह नवंबर 2022 की समय सीमा से अधिक है। 2025-26 से 2030 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल सम्मिश्रण लक्ष्य प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल देश की ऊर्जा सुरक्षा में बढ़ोत्तरी हुई है बल्कि 41,500 करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी मुद्रा की बचत भी हुई है और 27 लाख मीट्रिक टन जीएचजी का उत्सर्जन कम हुआ है। इसके अलावा और इससे 40,600 करोड़ रुपये से अधिक के त्वरित भुगतान के कारण साथ किसान लाभान्वित हुए हैं।

## सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बचे पूर्व विधायक

**नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस.वे पर एक सड़क हादसा देखने को मिला। जहां पर एंबुलेंस के पीछे चल रही एक एंडेवर कार ने पीछे से एंबुलेंस में टक्कर मार दी। इस हादसे में कोई भी घायल नहीं हुआ है। बताया जा रहा कि एंबुलेंस में पूर्व विधायक रामस्वरूप सिंह गौर को ले जाया जा रहा था, जबकि उन्हीं के परिवार की एंडेवर उसी के पीछे चल रही थी।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि महेन्द्री ने ग्राम सरफाबाद, परगना और तहसील दादरी, जिला गौतमबुद्ध नगर में स्थित आवासीय प्लॉट जिसका एरिया परिमाप 125.00 वर्ग गज, यानी 104.51 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 476, बिक्री विलेख दिनांक 16.11.2022, पंजीकृत सं. 9061,के माध्यम से मालिक हैं और मैसर्स फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, शाखा नोएडा के द्वारा वित्तपोषित होने के लिए श्री कमल कुमार और श्रीमती चांदनी जैन को बेचने का इरादा है। उपरोक्त संपत्ति संबंधित मूल ब्रिकी विलेख दिनांक 14.12.2011, को एसआर-II गौतमबुद्ध नगर के कार्यालय में विधिवत पंजीकृत दस्तावेज सं. 9061, पुस्तक सं.1, खंड सं. 132036, पृष्ठ 77 से 96, दिनांक 16.11.2022 को पंजीकृत, को श्रीमती महेन्द्री पत्नी छोटे मास्टर के द्वारा खो दी गई है। और दिनांक 13.01.2023 को अपराध शाखा लखनऊ पुलिस यूपी में प्राथमिकी दर्ज एलआर सं. 20230000022083/2023 किया गया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई दावा है, तो कृपया इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिनों के भीतर मूल संपत्ति दस्तावेजों के साथ नीचे दिए गए पते पर अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करें, ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि इस संबंध में कोई दावा या विवाद उक्त संपत्ति में नहीं हैं।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,
सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

**SBFC**
**SBFC FINANCE LIMITED**
Unit No. 103, First Floor C & B Square, Sangam Complex, 127, Andheri-Kurla Road, Village Chakala,Andheri (East), Mumbai -400059 |Telephone: +91 22 - 67875300 | Fax: +91 22 67875334 |
www.sbfc.com| Corporate Identity Number: U67190MH2008PTC178270

**सार्वजनिक सूचना**

एसबीएफसी फाइनेंस लि. की शाखा गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश के स्थानांतरण के बारे में जनता को सूचित/अधिसूचित किया जाता है। **15.04.2023** से प्रभावी।

यहां से:- एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड
व्हाइट कैसल के सामने, प्लॉट नंबर 5, मुख्य दादरी रोड, सलारपुर, सेक्टर, 101, गौतमबुद्ध नगर, 201301

के लिए:- एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड
प्रथम तल, पंजाब नेशनल बैंक के सामने, पुलिस चौकी के पास, बघेल रोड-201301

अधिक जानकारी के लिए, संपर्क करें -
Ph: 8667004673/ 8368915570

**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS RANJAN KUMAR, CS SCJ 1640/18 | Vehicle No. DL1LW3803, Make and Model– TATA ACE, Manu Year - 2015 |
| ICICI BANK LTD VS SANCHIT, CS(Comm) - 785/2019 | Vehicle No. UP14GT1840, Make and Model – MARUTI UDYOG LTD CELERIO, Manu Year - 2017 |
| ICICI BANK LTD VS SALMAN, CS (Comm.) - 4049/21 | Vehicle No. DL4CAZ6553, Make and Model– HONDA SIEL CARS INDIA LTD AMAZE, Manu Year - 2020 |

**Auction Date: January 23, 2023 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** – Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec – 17, Sukhrali, Gurugram - 122022
**Contact Person – Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS ASIF , CS (COMM) No. 1483/2021 | Vehicle No. DL3CCN3029, Make and Model – WAGON R, Manu Year -2017 |

**Auction Date: January 23, 2023** From 11:00 am to 2:00 pm.
Auction Type : Physical Auction
Place of Auction: Mahakal Parking yard,Khasra No 527 Village Banthla Near Indane Gas Plant Loni Ghaziabad-UP, 201102

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS ESRAR, CS (Comm.) No. 4460-2021 | Vehicle No. DL10CT1001, Make and Model- MAHINDRA & MAHINDRA LTD REXTON, Manu Year -2014 |

Auction Date: **January 21, 2023** From 11:00 am to 2:00 pm.
Auction Type : Online Auction
Auction to be Conducted on website: Bid Karo (https://www.bidkaro.net)
Contact Person – Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents to participate in the auction.
Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case
The intending bidders may visit **ICICI Bank Ltd, Shal Towers, Plot No. 23, New Rohtak Road Karol Bagh Delhi – 110005** for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

**एमबीबीएस में दाखिला दिलाने के नाम पर ठगी**

# नीट में फेल छात्रों से करते थे संपर्क, एडमिशन के नाम लेते थे 20 से 35 लाख, 13 खाते सीज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नीट की परीक्षा में फेल छात्रों को एमबीबीएस में दाखिल दिलाने के नाम ठगी का मामला सामने आया है। शुक्रवार को पुलिस ने करोड़ों की ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त होने वाले मोबाइल फोन के सिम कार्ड डेबिट कार्ड फर्जी आधार कार्ड, मोबाइल फोन, अर्टिगा कार आदि बरामद की है।



पुलिस उपायुक्त जोन प्रथम हरीश चंदर ने बताया कि लखनऊ की रहने वाली एक युवती दर्शिका ने कुछ दिन पहले थाना सेक्टर 126 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कुछ लोगों ने उससे एमबीबीएस में दाखिले के नाम पर 13 लाख की ठगी की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा के नेतृत्व में घटना की जांच शुरू की गई। तब बदमाशों को पता चला। उन्होंने बताया कि एक सूचना के आधार पर आज पुलिस ने इस घटना में शामिल दीपक निवासी बिहार तथा राजेश निवासी जनपद आजमगढ़ को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनका एक साथी यश चतुर्वेदी फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। इनके 13 बैंक खातों का पता चला है जिसमें ये लोग ठगी का पैसा जमा करवाते थे। डीसीपी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि इन बदमाशों ने नोएडा के अलावा दिल्ली के मालवीय नगर ,लखनऊ, कानपुर में भी ऑफिस खोलकर लोगों से ठगी की है। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि इन आरोपियों ने गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, यूपी, बिहार सहित विभिन्न प्रांत में रहने वाले दर्जनों छात्र. छात्राओं से करोड़ों की ठगी की है। पीड़िता से ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइस बेंगलुरु में एमबीबीएस के कोर्स में दाखिला दिलाने के नाम पर कुल 1398000 रुपए लेकर फोन स्विच ऑफ कर अपना कार्यालय बंद कर फरार हो गए थे। ये लोग पहले छात्रों से संपर्क करते फिर जिस कॉलेज में दाखिला दिलाना होता उसके नजदीक के होटल में गैंग के अन्य लोगों से ये कहकर मिलवाते थे कि ये सभी कॉलेज के एडमिन में है। यही पर पैसों का लेनदेन होता था। यह गैंग अपने राज्य के कॉलेज में एडमिशन के नाम पर 30.35 लाख रुपए व अन्य राज्य में एडमिशन के नाम पर 20.25 लाख रुपए वसूलते थे।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public that Mrs. Prem Latta is owner of Property bearing No. 187 (Part), area measuring 110 Sq., Yds., out of Killa No. 54/17, Rect. No. 54, Killa No. 17, Situated in the abadi of J Extn., Gali No. 6, Laxmi Nagar, in the area of Village Khureji Khas, Illaqa Shahdara, Delhi,, vide a registered Relinquishment Deed dated 01.05.0989, and Mr. Kuldeep Singh Battoo is having interest over the said property vide an Agreement to Gift dated 13.06.1995, All persons are hereby informed that above mentioned owner / interest holder want to sell First floor built on northern portion of the said property to Mohd Shariq who is taking a Loan from Fullerton India Home Finance company Ltd. for purchase of the said first floor, if anybody has any objection/s upon the ownership of Mrs. Prem Latta and interest of Mr. Kuldeep Singh Battoo in respect of the said property its sale /Mortgage/Litigation, and any kind of dispute, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client HDFC Bank Ltd. that Mrs. Baljeet Kaur (34% share), Mrs. Baneet Kaur (33% share) & Mr. Jupjyot Singh (33% share) are owners of Entire Third floor with roof rights (said floor) built on Property No. D-47A (New) WZ-37C (old) admeasuring 100 sq. yds., Situated at Saraswati Garden New Delhi. Herein after Referred to as the "Said Property". vide sale deed dated 21.06.2021, registration No. 5329. Executed by Mr. Jupjyot singh (33% share) for self and attorney of Mrs. Baljeet Kaur (34% share) & Mrs. Baneet kaur (33 % share) legal heirs of late Mrs. Krishna Devi & Mr. Ved Singh, has lost / misplaced SMC certificate stating legal heirs of late Mrs. Krishna Devi & Mr. Ved Singh. All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of the said missing document. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 10 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

"My clients namely **Ravinder Kumar Sukhija** and **Smt. Aruna Sukhija**, both husband and wife and both R/o 13, DDA Pocket 2, Sector 9, Dwarka, New Delhi 110077 do hereby disown and disinherit their elder son namely Karan Sukhija and his wife namely Smt. Kanika Sukhija alias Smt. Kanika Grover and their children from all of their movable and immovable properties due to their bad behavior with my clients. It is hereby declared that from now onwards Karan Sukhija and his wife namely Smt. Kanika Sukhija alias Smt. Kanika Grover and their children shall have no right in the properties of my clients hence any person dealing with them shall do so entirely at their own risks and consequences."

**Umesh Joshi (Advocate)**
**Chamber No. 1319, Rohini Court Delhi.**

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने का कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कासिरामन बालासुब्रमणि/ सत्यबामा बूबलन/ LBDEL00002080640/ LBDEL00002087966 | फ्लैट नंबर-27-डी, पहली मंजिल, पॉकेट- ए1, एलआईजी, कोंडली, घरोली, मयूर विहार- III, दिल्ली/ 09-01-2023. | मई 27, 2022 रु. 29,55,163/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : जनवरी 13, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# डिप्टी लेबर कमिश्नर समेत तीन सस्पेंड

**● जापानी कंपनी से रिश्वत लेने की शिकायत**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

डिप्टी लेबर कमिश्नर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया है। डिप्टी लेबर कमिश्नर के साथ दो और अधिकारी सस्पेंड किए गए हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक इन लोगों के खिलाफ शहर की एक जापानी कंपनी से रिश्वत लेने की शिकायत शासन को मिली थी। जिसकी जांच करवाई गई। जांच में आरोप सही पाए गए। उसके बाद डिप्टी लेबर कमिश्नर सहित तीन अफसरों पर यह गाज गिरी है।

गौतमबुद्ध नगर के डिप्टी लेबर कमिश्नर डीके सिंह के खिलाफ मुख्यमंत्री कार्यालय से शिकायत की गई। जिस पर जांच का आदेश दिया गया। शहर में काम करने वाली एक जापानी कंपनी ने मुख्यमंत्री कार्यालय को बताया कि डिप्टी लेबर कमिश्नर और उनके सहयोगी पैसा वसूल करने के लिए अनाधिकृत रूप से दबाव बना रहे हैं। यह लोग पूर्व में भी कंपनी से वसूली करते रहे हैं। इस मामले को मुख्यमंत्री कार्यालय ने बेहद संजीदगी से लिया। तत्काल जांच का आदेश दिया गया। अब गुरुवार की सुबह शासन से मिली जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गौतमबुद्ध नगर के डिप्टी लेबर कमिश्नर डीके सिंह को निलंबित कर दिया है। उनके साथ दो और अफसरों को सस्पेंड किया गया है। इन सभी के खिलाफ विभागीय जांच का आदेश दे दिया गया है। उत्तर प्रदेश के श्रम आयुक्त इन लोगों के खिलाफ जांच करेंगे। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा उत्तर प्रदेश में उद्यमियों, निवेशक और कारोबारियों को परेशान करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## तीन बस स्टेशन पीपीपी मॉडल पर होंगे विकसित

**गाजियाबाद।** 23 बस स्टेशनों को पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जाएगा। गाजियाबाद के भी तीन बस स्टेशन इसमें शामिल हैं जिन्हें पीपीपी मॉडल पर संवारा जाएंगा।

इसके लिए विभागीय वेबसाइट पर निविदा अपलोड कर दी गई हैं जिसमें निजी कंपनियों से टेंडर मांगे गए हैं। इस योजना के तहत जिले के कौशाम्बी, साहिबाबाद बस स्टेशन शामिल किया गया है। दो साल में यह स्टेशन संवारे जाएंगे जिसमें यात्रियों को ही स्टेशन परिसर में शॉपिंग मॉल, सिनेमा, वेटिंग शेड, स्टॉल्स, मेडिकल इमरजेंसी, बैंक एटीएम, पोस्ट ऑफिस आदि की सुविधाएं होंगी।

# फिर स्टंटबाजी, कार की खिड़कियों पर लटककर बनवाई रील

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

देश के पहले सिंगल पिलर एलिवेटेड रोड पर पुलिस सख्ती के बावजूद स्टंटबाजी नहीं रुक रही। अब 2 वीडियो सामने आई है। एक वीडियो में तेज रफ्तार दौड़ती स्विफ्ट कार की खिड़की पर लटककर 2 लड़के मोबाइल से वीडियो शूट कर रहे हैं। दूसरी वीडियो में बलेनो कार रोड पर खड़ी करके रील तैयार की जा रही है।

रोहित सिंह नामक शख्स ने गुरुवार को इंस्टाग्राम स्टेटस पर 13 सेकेंड की एक वीडियो डाली है, जो एलिवेटेड रोड की है। इस वीडियो में आगे वाली दोनों खिड़कियों पर दो लड़के लटके हुए हैं।

एलिवेटेड रोड पर बलेनो कार खड़ी है और इसके आगे दो लड़के खड़े हैं। लड़का जवाब देता है. एलिवेटेड। ये एलिवेटेड रोड गाजियाबाद में राजनगर एक्सटेंशन से शुरू होती है और मेरठ एक्सप्रेस.वे पर इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में जाकर जुड़ती है। इसके निर्माण पर 1248 करोड़ रुपए लागत आई थी। यह रोड 227 सिंगल पिलर पर छह लेन चौड़ी है।

# स्ट्रीट डॉग्स लवर दो महिलाओं पर केस दर्ज

**● आवार कुत्तों को दूसरे जगह भेजे जाने पर मारपीट का आरोप**

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद की रिवर हाइट्स सोसाइटी में स्ट्रीट डॉग्स पकड़कर री-लोकेट करवाने के बाद विवाद बढ़ गया है। एनिमल लवर इस कार्रवाई के खिलाफ खड़े हो गए हैं। इधर, सोसाइटी के रेजिडेंट्स गुरुवार देर रात टैंट-तंबू लगाकर कई घंटे तक शांतिपूर्ण धरने पर बैठे रहे। उन्होंने स्ट्रीट डॉग्स पकड़ने का विरोध कर रही पीपल्स फॉर एनिमल्स संस्था का बहिष्कार किया और सोसाइटी में दखलअंदाजी नहीं करने के लिए कहा। इधर, पुलिस ने सोसाइटी पदाधिकारियों की शिकायत पर संस्था अध्यक्ष समेत दो महिलाओं के खिलाफ मारपीट-गधमकी का केस दर्ज कर लिया है।

राजनगर एक्सटेंशन में रिवर हाइट्स सोसाइटी है। सोसाइटी अध्यक्ष सुबोध त्यागी के अनुसार, करीब 20 से ज्यादा स्ट्रीट डॉग थे। ये आए दिन किसी न किसी व्यक्ति को काट लेते थे। सोसाइटी के ज्यादातर लोगों की मांग थी कि स्ट्रीट डॉग्स को यहां से दूर किया जाए। इस पर 11 जनवरी को स्ट्रीट डॉग्स को पकड़कर दूर स्थान पर री-लोकेट करवा दिया गया। इस दौरान सोसाइटी में रहने वाली एनिमल लवर पूनम कश्यप पहुंच गईं। उन्होंने इस कार्रवाई का विरोध किया। इसके बाद एनिमल के लिए काम करने वाली संस्था पीपल्स फ ॉर एनिमल्स की अध्यक्ष सुरभी रावत भी वहां पहुंच गईं। स्ट्रीट डॉग्स को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी, हाथापाई और फिर मारपीट हुई। जो एक वीडियो सामने आई है, उसमें एनिमल लवर पूनम कश्यप की पिटाई हो रही है।

पिटाई करने वाली सोसाइटी की महिलाएं हैं, जो पूनम के बाल पकड़कर खींचती दिखाई दे रही हैं। इस मामले में सोसाइटी के अध्यक्ष सुबोध त्यागी ने 13 जनवरी की शाम थाना नंदग्राम में सुरभी रावत और पूनम कश्यप के खिलाफ सेक्शन-323, 504 व 504 में केस दर्ज कराई है। सुबोध त्यागी का कहना है कि पूनम कश्यप स्ट्रीट डॉग्स को खाना खिलाती थीं। मना करने पर वो गाली-गलौज और अभद्रता करती थीं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# एलजी व सीएम की बैठक, और बढ़ा टकराव

## बैठक के मुद्दों को लेकर केजरीवाल के दावों का एलजी हाउस ने किया खंडन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अलग-अलग मुद्दों पर मतभेद और मनभेद के बीच शुक्रवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की बैठक हुई। दोनों के बीच लगभग एक घंटे तक बैठक हुई।

इस बैठक में राष्ट्रीय राजधानी के शासन, प्रशासन और विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। दिल्ली वालों की भलाई के लिए साथ मिलकर काम करने पर दोनों ने सहमति जताई।

एलजी ने सीएम से कहा कि वे हर मुद्दे का राजनीतिकरण न करें और देश के संविधान के अनुरूप प्रशासनिक प्रभावशीलता और वित्तीय विवेक के साथ विकास की दिशा में काम करें। एलजी ने दोहराया कि वह अपने कर्तव्यों के निर्वहन में संविधान के साथ बंधे हुए है। उनके सभी कार्य निर्णय समय-समय पर संविधान, संसद के अधिनियमों, विधियों और न्यायालयों द्वारा दिए गए निर्णयों के अनुरूप थे जबकि केजरीवाल ने आरोप लगाया एलजी सब कुछ करेंगे तो चुनी हुई सरकार क्या करेगी। हम मिलकर काम करना चाहते हैं। संविधान पीठ के निर्णय को एलजी ने सुप्रीम कोर्ट की राय बताया और कहा कि वह इन्हें नहीं मानते।



फाइल फोटो

अरविंद केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्होंने उपराज्यपान से पूछा कि क्या पीएम मोदी के काम से नाखुश होने पर राष्ट्रपति उनको आदेश दे सकती है।

इस पर उनका कहना है कि वो अलग है। दिल्ली के मामले में वह प्रशासक है। वहीं, संविधान पीठ का स्पष्ट आदेश है कि एलजी कोई भी निर्णय स्वतंत्र रूप से नहीं ले सकते। इसका मतलब है कि जैस्मीन शाह का दफ्तर सील करना, 10 एल्डरमैन का मनोनयन, पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति, 164 करोड़ रुपए की रिकवरी नोटिस, टीचर्स को फिनलैंड जाने से रोकना, योगा क्लास बंद करना अवैध था।

केजरीवाल ने कहा कि संविधान के अनुसार दिल्ली में पुलिस, लैंड और पब्लिक ऑर्डर पर सारे निर्णय लेने का अधिकार एलजी के पास है। इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी व सड़क समेत सारे ट्रांसफर सब्जेक्ट दिल्ली की चुनी हुई सरकार के दायरे में आते हैं।

एलजी से निवेदन है कि आप अपने साथ एक अच्छा संवैधानिक सलाहकार रख लें, जो उनको सलाह दे कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश सलाह नहीं होते हैं, बल्कि बाध्य होते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अगर कहा है कि एलजी को स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने की शक्ति नहीं है, तो नहीं है। मेरा निवेदन है कि एलजी सुप्रीम कोर्ट के आदेशों, संविधान और जनतंत्र का सम्मान करें।

### एलजी को लेकर सीएम के बयान भ्रामक : राजनिवास

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के आदेशों और प्रशासक के रूप में शक्तियों के संबंध में उपराज्यपाल वीके सक्सेना को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान भ्रामक और एक खास एजेंडे के तहत मामले को मोड़ने का प्रयास हैं। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि उपराज्यपाल के साथ मुलाकात के दौरान उन्होंने उच्चतम न्यायालय के फैसलों और संविधान के विभिन्न प्रावधानों का हवाला दिया था, लेकिन, उपराज्यपाल ने कहा कि उन्हें प्रशासक के रूप में संदर्भित किया गया है और उन्हें सर्वोच्च अधिकार प्राप्त हैं।

# पैसे बचाकर शिक्षकों को विदेश भेजने पर आपत्ति क्यों : मुख्यमंत्री

- सिसोदिया ने लगाया सर्विस विभाग पर असंवैधानिक कब्जा करने का आरोप, आप का प्रदर्शन



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली सरकार के बीच ठकराव थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामले में दिल्ली सरकार के 30 टीचरों की फिनलैंड में प्रशिक्षण के लिए भेजने को लेकर घमासान मच गया है। सरकार जहां एलजी पर अनुमति नहीं देनेका आरोप लगा रही हैं, वहीं राजनिवास इसे शरारती और भ्रामक बता रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें दिल्ली की जनता ने चुन कर भेजा।

राष्ट्रीय राजधानी में उनकी सरकार है और वह पैसे बचाकर अपने शिक्षकों को विदेश भेज रहे हैं तो किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। नेता और अधिकारी तो खूब विदेश जाते हैं, लेकिन पिछले 75 में किसी ने भी शिक्षकों और प्रधानाचार्यों को विदेश नहीं भेजा।

देश में दिल्ली सरकार पहली सरकार है, जो अपने टीचर्स और प्रिंसिपल को ट्रेनिंग के लिए विदेश भेजती है। वह पहले भी अपने टीचर्स को फिनलैंड भेज चुके हैं और अब एक और जत्था जाने वाला था जिस पर एलजी ने रोक लगा दी है। टीचर्स और प्रिंसिपल की कड़ी मेहनत की वजह से ही दिल्ली ने जबरदस्त शिक्षा क्रांति आई है और सरकारी स्कूलों के बहुत अच्छे परिणाम आ रहे हैं। इस बीच आम आदमी पार्टी ने शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए फिनलैंड भेजे जाने के दिल्ली सरकार के प्रस्ताव पर उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना की कथित आपत्ति के खिलाफ राजनिवास के बाहर प्रदर्शन किया।

पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी के नेतृत्व में आप कार्यकर्ताओं ने धरना देते हुए प्रदर्शन किया। वहीं इस मुद्दे पर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एलजी ने कास्ट बेनिफिट एनॉलिसिस करने का कुतर्क देकर दिल्ली सरकार के 30 टीचर्स की फिनलैंड में प्रस्तावित ट्रेनिंग पर रोक लगाई है। एलजी बताएं कि दिल्ली सरकार के स्कूलों मे आए परिवर्तन, बच्चों-अभिभावकों के बढ़ते आत्मविश्वास, शानदार रिजल्ट का कास्ट बेनिफिट एनॉलिसिस क्या होगा। एलजी एक्सपोजर ट्रेनिंग का कास्ट-बेनिफिट विश्लेषण मांग रहे हैं। क्या 99.6 फीसद रिजल्ट, सरकारी स्कूलों के सैकड़ों बच्चों का आईआईटी-मेडिकल में दाखिला बेनिफिट नहीं है।

एलजी सर्विस विभाग पर असंवैधानिक कब्जा कर बच्चों के हित में मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए निर्णयों को पलट रहे हैं। उनका उपराज्यपाल से अनुरोध है कि भाजपा के साजिश में उनका साथ देकर गरीब बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं करें। इस बीच मनीष सिसोदिया ने आरोप लगाया कि भाजपा स्कूली शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए फिनलैंड भेजने के आम आदमी पार्टी सरकार के प्रयासों को रोकने के मकसद से गंदी राजनीति कर रही है।

अभी तक 1100 शिक्षकों ने सिंगापुर, ब्रिटेन और फिनलैंड समेत विदेशों में प्रशिक्षण लिया है। अब जब भाजपा के लोगों की सेवा विभाग पर अनधिकृत पकड़ है तो वे दिल्ली में आप सरकार को, शिक्षकों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण देने से रोकने के लिए, गंदी राजनीति कर रहे हैं।

अगर उपराज्यपाल बच्चों के भविष्य की परवाह करते हैं और उनकी शिक्षा में बाधा पहुंचाना नहीं चाहते तो उन्हें भाजपा के षडयंत्र में उनका साथ नहीं देना चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने दावा किया, वह 30 शिक्षकों के एक बैच को प्रशिक्षण के लिए फिनलैंड भेजना चाहते थे।

### प्रशिक्षण प्रस्ताव खारिज नहीं किया, विस्तृत ब्योरा मांगा : राजनिवास

नई दिल्ली। राजनिवास ने कहा कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने फिनलैंड में दिल्ली सरकार के शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रस्ताव को खारिज नहीं किया है और इसके विपरीत कोई भी बयान भ्रामक और शरारतपूर्ण है। उपराज्यपाल ने केवल दिल्ली सरकार को प्रस्ताव का समग्रता से मूल्यांकन करने और अतीत में किए गए ऐसे विदेशी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रभावशीलता का आकलन करने की सलाह दी है। राजनिवास ने शुक्रवार को कई ट्वीट कर के कहा, एलजी ने फिनलैंड में प्राथमिक प्रभारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रस्ताव को खारिज नहीं किया है। इसके विपरीत कोई भी बयान भ्रामक और शरारतपूर्ण है।

# डिस्कॉम में आप नेताओं की तैनाती पर एलजी सख्त

- एलजी ने बीएसईएस राजधानी और यमुना के निदेशक मंडल से आप के लोगों को उनकी नियुक्तियों को अवैध बताते हुए दिया हटाने का निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने अनिल अंबानी के स्वामित्व वाली निजी बिजली कंपनी बीआरपीएल (बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड) और बीवाईपीएल (बीएसईएस यमुना पावर) के निदेशक मंडल में सरकारी नामितों के रूप में आप के लोगों की नियुक्ति को अवैध बताते हुए उन्हें बदलने का निर्देश दिया है। एलजी ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर संवैधानिक



प्रविधानों के पूर्ण उल्लंघन का आरोप लगाते हुए इनकी वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों को नियुक्त करने के लिए भी कहा है, जैसा कि अतीत में प्रथा थी।

राजनिवास से जारी बयान के अनुसार, डिस्काम (वितरण कंपनी) के बोर्ड में ऐसे लोगों का नामांकन स्पष्ट रूप से अवैध था क्योंकि कानून की उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया था। एलजी ने इन्हें हटाने का निर्णय भी 26 सितंबर 2022 को एक शिकायत के आलोक में ऊर्जा विभाग व मुख्य सचिव द्वारा सौंपी गई एक जांच रिपोर्ट के आधार पर लिया है। इन लोगों में आप प्रवक्ता जस्मिन शाह, नवीन एनडी गुप्ता (आप सांसद एनडी गुप्ता के बेटे), उमेश त्यागी और जेएस देसवाल शामिल हैं। राजनिवास सूत्रों के मुताबिक ने कहा, इन नामित लोगों ने राज्य के खजाने और दिल्ली सरकार द्वारा संचालित उपक्रमों (डीटीएल, आइपीजीसीएल और पीपीसीएल) की कीमत पर अंबानी की डिस्काम को हजारों करोड़ रुपए का अनुचित वित्तीय लाभ प्रदान किया।

रिपोर्ट में कहा गया कि आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा तत्कालीन उपराज्यपालों नजीब जंग की एक नवंबर 2016 और अनिल बैजल की 11 अगस्त 2017 को फाइल पर दर्ज आपत्तियों के बावजूद 2019 में बीआरपीएल और बीवाईपीएल के बोर्ड में सरकारी नामितों के तौर पर निजी लोगों की नियुक्ति की गई थी। सूत्रों के मुताबिक 2017 में, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सरकारी नामितों के रूप में उनकी नियुक्ति का प्रस्ताव करते हुए एक फाइल भेजी थी।

### आप का अराजक चेहरा फिर सामने आया: भाजपा

नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री की बैठक के दौरान राजनिवास के बाहर प्रदर्शन से आम आदमी पार्टी का आराजक चेहरा फिर सामने आया है।

यह बेहद निंदनीय है की गत कुछ सप्ताह से प्रशासनिक व्यवस्थाओं के लियें आवश्यक उपराज्यपाल एवं मुख्यमंत्री बैठक का मुख्यमंत्री बहिष्कार कर रहे थे और आज जब आये तो भी उनकी पार्टी की आराजक टोली साथ आई। आज का उपराज्यपाल निवास के बाहर का प्रदर्शन कुछ वर्ष पूर्व निवास के अंदर खुद मुख्य मंत्री के धरने की पुनरावृत्ति है और निंदनीय है। विधायक अतिशि का तर्क की उन्होंने स्कूलों के लिये प्रदर्शन किया बेतुका है।

# राष्ट्रमंडल खेलों में पदक विजेता खिलाड़ी सम्मानित

- सीएम केजरीवाल ने रवि दहिया, पिंकी, नवनीत सिंह, तूलिका मान, तेजस्विनी शंकर, पूजा गहलोत और रोहित टोकस को दिए चेक



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रमंडल खेलों में दिल्ली के सात खिलाड़ियों ने पदक जीत कर देश का मान बढ़ाया है। इन खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रोत्साहन राशि का चेक देकर सम्मानित किया।

एनडीएमसी कंवेंशन सेंटर में आयोजित सम्मान समारोह में सीएम रवि दहिया, पिंकी, नवनीत सिंह, तूलिका मान, तेजस्विनी शंकर, पूजा गहलोत और रोहित टोकस में 2.60 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि का चेक वितरित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी धीरे-धीरे खेल के क्षेत्र में देश के नक्शे पर आने लगी है। देश को कॉमनवेल्थ गेम्स में 61 मेडल मिले, जिसमें से इन 7 खिलाड़ियों ने जीते। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि समान्य तौर पर सिलेक्शन बॉडी में नेता और अफसर भरे पड़े होते हैं, जिनका खेल से कोई लेना-देना नहीं होता है। इस परंपरा को उन्होंने खत्म किया। दिल्ली में सभी योजनों के तहत खिलाड़ियों का चयन मेरिट के आधार पर सिर्फ खिलाड़ी ही करते हैं।

दिल्ली में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्ले एंड प्रोग्रेस, मिशन एक्सीलेंस और कैश इंसेंटिव स्कीम शुरू की, ताकि उनको पैसे की दिक्कत न हो। दिल्ली सरकार ने एक स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी भी बनाई है, जिसका एक ही लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज्यादा से ज्यादा मेडल लेकर आने वाले खिलाड़ी तैयार करना है।

केजरीवाल ने कहा कि जनसंख्या के हिसाब से देखा जाए तो दिल्ली में दो करोड़ की आबादी है। जबकि देश में कुल 130 करोड़ी की आबादी है। इस प्रकार दिल्ली में देश की 2 फीसद से भी कम आबादी रहती है।

# दिल्ली हाट का बदलेगा स्वरूप, सजेंगी कलाकृतियां

- उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने प्रस्तावित नए डिजाइन को दी मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आईएनए स्थिति दिल्ली हाट आने वाले दिनों में नए रंग रूप में दिखेगा। इस बाबत उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने प्रस्तावित मॉडिफिकेशन डिजाईन को मंजूरी दी। मॉडिफिकेशन के बाद आईएनए नए कलेवर में दिखेगा और बड़ी संख्या में पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करेगा।

डिजाईन में प्राकृतिक सामग्रियों के इस्तेमाल पर जोर दिया जायेगा और मौजूदा स्टालों को बांस से बने छत के माध्यम से नया रूप दिया जायेगा।



यहां बने फूड कोर्ट को भी अपग्रेड किया जायेगा और एक शानदार इंडोर डाइनिंग एरिया तैयार किया जायेगा। मॉडिफिकेशन का काम अगले 6 महीनों में पूरा हो जायेगा। मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को मॉडिफिकेशन संबंधित जानकारी साझा करते हुए कहा कि आईएनए स्थित दिल्ली हाट कल्चरल हब है और देश की साझी संस्कृति को प्रदर्शित करता है। ये दिल्ली में पर्यटन का भी मुख्य केंद्र है। राजधानी दिल्ली आने वाले पर्यटक दिल्ली हाट घुमने जरुर आते हैं। लोगों को यहां देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति को जानने का मौका मिलता है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार दिल्ली हाट का मॉडिफिकेशन करने जा रही है।

### पर्यावरण का रखा जाएगा ध्यान

पर्यावरण का ध्यान रखते हुए मॉडिफिकेशन के दौरान ज्यादा से ज्यादा प्राकृतिक सामग्रियों का इस्तेमाल किया जायेगा। पत्थर की बनी जालियों के माध्यम से दीवारों को नया लुक दिया जायेगा। प्रवेश द्वार के साथ-साथ पूरे हाट को सजाने के लिए मॉडर्न आर्ट का इस्तेमाल किया जायेगा। मौजूदा स्टालों को बांस से बने छत के माध्यम से नया रूप दिया जायेगा। फूड कोर्ट को भी अपग्रेड किया जायेगा और एक शानदार इंडोर डाइनिंग एरिया तैयार किया जायेगा।



अभिनेत्री नोरा फतेही ने 200 करोड़ रुपए की उगाही मामले में शुक्रवार को दिल्ली की एक अदालत में गवाह के तौर पर अपना बयान दर्ज कराया। अभिनेत्री ने मामले में मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट आकृति महेंद्रू के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया। इस मामले में कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर और अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज के भी संलिप्त होने का आरोप है।

# भजनपुरा में घर को लगाने की कोशिश की गई, जांच शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा थाना क्षेत्र में दो अज्ञात व्यक्तियों ने कथित रूप से एक घर में आग लगाने की कोशिश की। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

घटना का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। यह घटना शनिवार-रविवार की दरमियानी रात ढाई बजे की है। वीडियो में दो नकाबपोश व्यक्ति एक घर के मुख्य दरवाज़े पर कुछ पदार्थ डालते हुए दिख रहे हैं। माना जा रहा है कि यह ज्वलनशील पदार्थ था। उनमें से एक ने दरवाज़े को आग लगा दी। पुलिस ने बताया कि भजनपुरा थाना क्षेत्र के विजय पार्क में दो-तीन लोगों ने एक घर के बाहर आग लगा दी जिसमें एक मोटर साइकिल और साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस के मुताबिक, घटना में कोई जख्मी नहीं हुआ। यह घर कबाड़ कारोबारी नफीस मलिक का है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने भजनपुरा थाने में भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस संदिग्धों की पहचान करने के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

## संक्षिप्त समाचार



कार्यक्रम में कमल मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र।

### स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस मनाया

नई दिल्ली। मोहन गार्डन स्थित कमल मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के महात्मा गांधी सभागार में वेद एजुकेशनल एंड चेरिटेबल ट्रस्ट और कोहिनूर एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुरू गोविंद सिंह इन्द्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के संयुक्त सचिव ब्रिगेडियर प्रदीप के. उपमन्यु व पूर्व मेयर और उपाध्यक्ष भाजपा ओवरसीज दर्शन ग्रेवाल विशिष्ट अतिथि, एनआरआई वेलफेयर सोसाइटी ऑफ इंडिया इंटरनेशनल सेक्रेटरी यूके डी के त्यागी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भाजपा मीडिया सेल ओबीसी मोर्चा अनिल यादव, उपाध्यक्ष हरियाणा हॉकी संघ, उपाध्यक्ष योग शक्तिपीठ महरौली अनिल शर्मा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारी राष्ट्रपति पदक सम्मानित धर्मपाल भारद्वाज द्वारा संकलित विवेकानंद के जीवन पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया गया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष अमरीक, राष्ट्रवादी चिंतक विनोद बब्बर समेत अन्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

### पिता-पुत्र से ढाई लाख रुपए लूटे

नई दिल्ली। उत्तम नगर इलाके में दुकान से लौट रहे एक व्यक्ति और उसके पिता से दो स्कूटर सवारों ने 2.5 लाख रुपए लूट लिए। पुलिस उपायुक्त हर्षवर्धन ने कहा कि शिकायतकर्ता अपने पिता के साथ अपनी दुकान से बैग में करीब 2.5 लाख रुपए नकद लेकर लौट रहा था। उन्होंने बताया कि सामने से आ रहे स्कूटर सवार दो व्यक्तियों ने उन्हें रोक लिया और उनमें से एक ने बैग छीन लिया। हर्षवर्धन ने कहा कि उत्तम नगर पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 392 के तहत एक मामला दर्ज किया गया है और आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम का गठन किया गया है।

# दिल्ली में महिलाएं चलाएंगी बसें, सौंपे नियुक्ति पत्र

- बस चालक के रूप में महिलाओं की भर्ती के लिए मानदंडों और पात्रता में ढील दी : गहलोत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली की सड़कों पर अब बहुत जल्द दिल्ली परिवहन निगम की बसों में महिला ड्राइवर नजर आएंगी।

केजरीवाल सरकार ने सार्वजनिक बसों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए एक सराहनीय कदम उठाते हुए शुक्रवार को 13 नई महिला चालकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इसके साथ ही डीटीसी में अब कुल 34 महिला चालक हो गई हैं। परिवहन मंत्री



कैलाश गहलोत ने राजघाट डिपो में आयोजित एक कार्यक्रम में इन प्रशिक्षित महिला चालकों को नियुक्ति पत्र सौंपा। केजरीवाल सरकार अपने परिवहन बेड़े में बस चालक के रूप में और अधिक महिलाओं को शामिल करने पर लगातार काम कर रही है।

आज जिन 13 महिलाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया उनमें से 10 महिलाओं ने केजरीवाल सरकार की मिशन परिवर्तन पहल के तहत प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस पहल के परिणाम स्वरूप कुल 17 महिलाएं अब डीटीसी का हिस्सा हैं, जबकि बाकी 17 महिलाओं को सीधे डीटीसी द्वारा भर्ती किया गया है। अप्रैल 2022 में, परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने मिशन परिवर्तन की शुरुआत की थी। फिलहाल इस योजना के तहत अब तक 123 महिलाओं ने प्रशिक्षण पूरा कर लिया है वहीं चौथे बैच को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

### महिलाओं को मुहैया कराई वित्तीय सहायता

केजरीवाल सरकार ने पिछले वर्ष जुलाई में पेशेवर टैक्सी ड्राइवर बनने के लिए ड्राइवर प्रशिक्षण लेने की इच्छुक महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए एक योजना भी शुरू की थी।

इसके अनुसार प्रशिक्षण का 50 फीसदी अर्थात प्रत्येक महिला के लिए लगभग 4800 रुपये परिवहन विभाग द्वारा वहन किया जा रहा है। केजरीवाल सरकार द्वारा बुराड़ी, लोनी और सराय काले खां में स्थापित इन



हाउस ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्रों में महिलाओं का प्रशिक्षण आयोजित किया जाता है।

पहल के तहत, सरकार ने ड्राइविंग रोजगार चाहने वाली महिलाओं के शेष 50 फीसदी प्रशिक्षण लागत को प्रायोजित करने के लिए फ्लीट मालिकों और एग्रीगेटर्स को आमंत्रित किया था। इसके तहत प्रशिक्षण के बाद वे पिछले वर्ष फरवरी में, दिल्ली सरकार ने बस चलाने के लिए महिलाओं के भर्ती मानदंडों और पात्रता मानदंडों में ढील दी थी। जिसके बाद न्यूनतम ऊंचाई मानदंड को 159 सेमी से घटाकर 153 सेमी कर दिया गया था और महिला आवेदकों के लिए बस चालक के रूप में भर्ती के लिए अनुभव मानदंड को एक महीने कर दिया गया था।

# स्पाइसजेट की उड़ान में बम होने की झूठी जानकारी देना वाला गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

रआईजीआई हवाई अड्डे पर स्पाइसजेट की दिल्ली-पुणे उड़ान में बम होने की झूठी कॉल करने के आरोप में ब्रिटिश एयरवेज के 24 वर्षीय प्रशिक्षु टिकटिंग एजेंट को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि आरोपी ने यह कॉल इसलिए किया ताकि उसके बचपन के मित्र अपनी महिला मित्रों के साथ अधिक वक्त गुजार सकें,जो पुणे जा रही थीं। आरोपी की पहचान अभिनव प्रकाश के तौर पर की गई है और वह द्वारका सेक्टर 22 का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि प्रकाश की गिरफ्तारी की बात सुन कर उसके दोनों दोस्त फरार हो गए। गौरतलब है कि बृहस्पतिवार को एसजी-8938 विमान में बम होने की सूचना स्पाइसजेट कॉल सेंटर को मिली।

यह सूचना सीआईएसएफ नियंत्रण कक्ष को दी गई और बाद में इसकी सूचना आईजीआई हवाई अड्डा पुलिस थाने को दी गई। उन्होंने बताया कि शिकायत मिलने पर संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस उपायुक्त (हवाई अड्डा) रवि कुमार सिंह ने कहा कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि जिस नंबर से कॉल आया था वह प्रकाश का था,जिसके बाद प्रकाश को गिरफ्तार किया गया। सिंह ने बताया कि प्रकाश ने पूछताछ में बताया कि उसके बचपन के दोस्त राकेश तथा कुणाल सेहरावत हाल में मनाली गए थे और वहां उनकी दो महिलाओं से मित्रता हो गई।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 14 जनवरी, 2023



# जी-20 शिखर सम्मेलन में विदेशी प्रतिनिधि देखेंगे हरियाणा का जलवा

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

## गुरुग्राम में जी-20 शिखर सम्मेलन के तहत बैठक की तैयारियां शुरू

## हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव ने किया गुरुग्राम का दौरा

## कैमरा म्यूजियम में भी पुराने कैमरे व तकनीकी को देखा

## गुरुग्राम में 1 से 3 मार्च तक एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक प्रस्तावित

**विश्व** फलक पर चमकते हरियाणा के शहर गुरुग्राम को अब जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भी चुना गया है। यहां प्रतिनिधियों को गुरुग्राम के विकास से तो रूबरू कराया जाएगा, साथ ही हरियाणवी संस्कृति की झलक और खान-पान भी देशी-विदेशी मेहमानों के समक्ष परोसे जाएंगे। जी-20 शिखर सम्मेलन के तहत गुरुग्राम में होने वाली बैठक को लेकर गुरुवार को हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने गुरुग्राम का दौरा किया। उन्होंने सेक्टर-29 में स्थित म्यूजियो कैमरा का अवलोकन किया, जहां पर जी-20 ग्रुप की बैठक के दौरान विदेशी मेहमानों का भ्रमण करवाने की योजना है। जी-20 शिखर सम्मेलन के अंतर्गत 1 से 3 मार्च तक गुरुग्राम में एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक होनी प्रस्तावित है, जिसे लेकर गुरुवार देर शाम मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी दिल्ली के हरियाणा भवन में केंद्र व राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की थी।

**होटल लीला में होगी यह बैठक :** एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की तीन दिवसीय बैठक गुरुग्राम में आयोजित करने का प्रस्ताव है, जिसके लिए होटल लीला का चयन किया गया है। इस बैठक के दौरान प्रतिदिन शाम को तथा इसके बाद 4 मार्च को जी-20 वर्किंग ग्रुप के सदस्य शैक्षणिक भ्रमण पर रहेंगे। इस दौरान विश्व के विभिन्न हिस्सों से पधारने वाले अतिथियों को हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत से परिचय करवाने का प्रयास राज्य सरकार का रहेगा, ताकि वे यहां से हरियाणा प्रदेश के बारे में एक अच्छी छवि लेकर अपने देशों को जाएं।



गुरुग्राम में जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों के दौरान कैमरा म्यूजियम का दौरा करते हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव संजीव कौशल।

**कैमरा म्यूजियम भी जाएंगे मेहमान :** बैठक में मुख्यमंत्री के सामने यह प्रस्ताव आया था कि विदेशी मेहमानों को भ्रमण की दृष्टि से गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित कैमरा म्यूजियम में ले जाया जा सकता है। गुरुग्राम में स्थित यह अनूठा म्यूजियम काफी रोचक जानकारियों से परिपूर्ण है और इसमें फोटोग्राफी के कैमरे की उत्पत्ति से लेकर आज तक का इतिहास उपलब्ध है।

**सुल्तानपुर पक्षी अभ्यारण्य का भी कर सकते हैं भ्रमण :** गुरुग्राम जिला के सुल्तानपुर गांव में स्थित पक्षी अभ्यारण्य को भी भ्रमण की सूची में रखा जा सकता है, जहां पर लगभग 250 एकड़ में बनी झील पर सर्दियों में विभिन्न देशों से प्रवासी पक्षी आते हैं। यह स्थल जी-20 ग्रुप के सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के लिए आकर्षण का केंद्र हो सकता है। एक सुझाव यह भी आया है कि हरियाणवीं संस्कृति और ग्रामीण परिवेश से परिचय करवाने के लिए जिला झज्जर स्थित प्रतापगढ़ फार्म का भी भ्रमण विदेशी मेहमानों को करवाया जा सकता है। यह स्थान उनको हरियाणा के ग्रामीण परिवेश के दर्शन के साथ लोगो की वेशभूषा, रहन-सहन, खान-पान आदि का परिचय करवाने में मद्दगार हो सकता है।

**कुरुक्षेत्र भी ले जाए जा सकते हैं मेहमान :** मुख्यमंत्री ने यह भी चाहा है कि हरियाणा में महाभारत काल की धरोहर कुरूक्षेत्र में है। गुरुग्राम में होने वाली प्रस्तावित बैठक के दौरान विदेशी मेहमानों को कुरूक्षेत्र आने के लिए भी आमंत्रित किया जाएगा। राज्य सरकार और जिला प्रशासन ने विदेशी मेहमानों के भ्रमण के लिए इन स्थानों का चयन किया है और उनके सामने इन स्थानों का संक्षिप्त विवरण रखते हुए उन्हें इनमें से किसी भी या सभी में भ्रमण के लिए न्यौता दिया जाएगा, बाकि उन मेहमानों की रूचि और समय की उपलब्धता पर निर्भर करेगा। दर्शनीय स्थलों के अलावा मुख्यमंत्री ने इस जी-20 शिखर सम्मेलन से लोगो विशेषकर युवाओं को जोड़ने और उन्हें सम्मेलन के महत्व व भूमिका की जानकारी देने के लिए गोष्ठी, निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताएं महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में करवाने को कहा है। यही नहीं, इन तीन दिनों के दौरान हरियाणवीं कला व संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर भी प्रतिभागियों को हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत से रूबरू करवाने का प्रयास होगा।

# पूरे प्रदेश में होंगी परीक्षा पे चर्चा विषय पर प्रतियोगिताएं





भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बात करते प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

## 27 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी परीक्षा पे चर्चा पर करेंगे संवाद

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा ने प्रधानमंत्री की परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को बड़े रूप में आयोजित करने की योजना बनाई है। शुक्रवार को इस विषय पर पत्रकार वार्ता करके भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने पूरी योजना की विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परीक्षा से पहले परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के जरिए 2018 से छात्रों से परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिए लगातार संवाद करते आ रहे हैं। तनाव को दूर करने के उपायों एवं स्वयं के अनुभवों को साझा करने से छात्रों को प्रोत्साहन मिलता है तथा यह बहुत लोकप्रिय एवं उपयोगी कार्यक्रम है। हरियाणा में इस कार्यक्रम की सफलता के लिए 20 जनवरी से प्रत्येक जिला में परीक्षा पे चर्चा विषय पर आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में लोकसभा और राज्यसभा सांसदों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने हरियाणा में होने वाली जी-20 की बैठकों के बारे में भी जानकारी दी। ओमप्रकाश धनखड़ ने बताया कि हरियाणा में 26 जनवरी तक सभी प्रतियोगिताएं पूरी कर 27 जनवरी को जगह-जगह एक बड़ी स्क्रीन लगाकर प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा को सामूहिक रूप से सुना जाएगा। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता सूरजपाल अम्मू, जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. मदन गोयल, राष्ट्र दहिया, यशपाल बत्रा, अजीत यादव, जयवीर यादव, नीरज यादव, मनीष गाड़ोली, महेश यादव उपस्थित थे।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस बार भाजपा ने गैर राजनीतिक रूप से तय किया है कि इन प्रतियोगिताओं का आयोजन बड़े और व्यापक रूप से किया जाए। हर जिले में छात्रों की 500 से अधिक संख्या होनी चाहिए। एग्जाम वारियर्स पुस्तक में विभिन्न प्रकार के आर्ट एवं पेंटिंग दर्शाई गई है, जो छात्रों के लिए तनाव से मुक्ति दिलाने में काफी मददगार साबित होगी। उन्होंने बताया कि ये प्रतियोगिताएं सफल हों इसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें संयोजक डा. मदन लाल गोयल को बनाया है। इनके साथ ही महामंत्री डा. पवन सैनी, स्वाति यादव और विरेंद्र फोगाट को जोड़ा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### टोल की लाइन में खड़े ट्रोला में लगी आग



ट्रोला में लगी आग को बुझाते हुए टोल कर्मी।

**सोहना।** गुरुग्राम-सोहना के एलिवेटेड मार्ग पर बने टोल कर्मियों ने ट्रोला में लगी आग को बुझाते हुए बड़ा हादसे होने से बचा लिया। ट्रोला टोल की लाइन में खड़ा था। शुक्रवार को एलिवेटेड मार्ग पर भोंडसी में बना टोल पर यहां मौजूद कर्मचारियों की मदद से बड़ा हादसे होने से टल गया। दोपहर करीब दो बजे सोहना से गुरुग्राम की तरफ जाते समय मार्ग से लोड ट्रोला टोल को लाइन में आकर रुका था। तभी चालक सीट के नीचे से धुंआ उठने लगा। देखते ही देखते धुंआ आग का रूप लेने लगा। जिसे देख टोल कर्मियों ने आग पर काबू पाने वाले यंत्रों को लेकर आए और ट्रोला में लगी आग को बुझाने में जुट गए। इस आग को मात्र 5 मिनट में ही शांत कर दिया। टोल प्रबंधक रंगेश मिश्रा ने बताया कि जैसे ही ट्रोला में आग लगने का अंदेशा हुआ। मौजूद कर्मचारी आग बुझाने में जुट गए। लाइन में लगी अन्य गाड़ियों को दूर हटाया गया। आग शांत होने पर ट्रोला को टोल लाइन से बाहर निकाल दिया। उन्होंने बताया कि आग नोजल पाइप फटने से लगी थी।

### बंद मकान का ताला तोड़ जेवरात चोरी

**सोहना।** सोहना सदर थाना के गांव जखोपुर में मकान का ताला तोड़ जेवरात चोरी हो गए। मकान मालिक दो दिन पहले तीर्थयात्रा पर मकान को बंद करके चली गई। पुलिस ने मकान मालकिन के भाई की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। जखोपुर निवासी रोहताश ने सदर थाना पुलिस को बताया कि उसके पडोस में उसकी बहन इंद्र का मकान है। उसकी बहन 10 जनवरी को तीर्थ यात्रा पर गई थी। जाते समय अपने मकान का ताला लगा कर गई थी। गुरुवार की सुबह साढे 7 बजे वह बहन के मकान की तरफ गया तो उसके मुख्य गेट पर लगा ताला टूटा हुआ और अंदर बरामदे में पड़ा था। उसने अंदर जाकर देखा तो कमरे में लगी लोहे की अलमारी में रखा सामान भी बिखरा पड़ा हुआ था। उसने अपनी बहन इंद्र को फोन लगाकर चोरी होने की सूचना दी। बहन के बताने के अनुसार अलमारी में रखा सामान को तलाश। जिसमें से जेवरात गायब था। अज्ञात चोर जेवरात को लेकर फरार हो गए।

### तीन महीने में हो जाती है रक्तदान की पूर्तिः बोधराज सीकरी



गुरुग्राम में स्वामी विवेकानंद जयंती व लोहड़ी पर्व पर रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते बोधराज सीकरी।

**गुरुग्राम।** भारत विकास परिषद की लाल बहादुर शाखा के मुख्य संरक्षक बोधराज सीकरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जयंती व लोहड़ी पर्व का आयोजन किया गया। इस दौरान सुशांत आर्केड वेल्फेयर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आर्केड मॉल में रोटरी क्लब की सहायता से रक्त दान शिविर भी लगाया गया। शिविर का शुभारंभ बोधराज सीकरी ने दीप प्रज्ज्वलित करके और मंत्रों का उच्चारण कर के किया। शिविर में 54 यूनिट रक्तदान एकत्रित हुआ। सावा के अध्यक्ष मनोज कुमार ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में बोधराज सीकरी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन की महत्वपूर्ण झलक उनका राष्ट्र प्रेम और भारत विकास परिषद के ध्येय की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि अधिक से अधिक रक्तदान करें। तीन महीने में दान किए हुए रक्त की पूर्ति हो जाती है। गुरुग्राम के लोग हर तरह के कार्य में आगे रहते हैं। ऐसे में जरूरी है कि रक्तदान को भी एक अभियान बनाकर काम करें। उन्होंने कहा कि समाजसेवा का कोई रूप नहीं होता। उन्होंने लोगों को स्वच्छता के लिए भी प्रेरित किया।एसएल आरडब्ल्यू के उपाध्यक्ष डा. एके नागपाल ने रक्तदान के महत्व को लोगों को बताया। लाल बहादुर शास्त्री शाखा के प्रधान राजीव छाबड़ा के अलावा शाखा के सचिव सतीश चावला, उपाध्यक्ष अजय भार्गव और सहसचिव सुभाष सचदेव, महिला प्रमुख सुरेश सीकरी, विनु छाबड़ा और सोनिया सचदेव उपस्थित रहीं।

### नगर आयुक्त ने किया अरावली बायोडायवर्सिटी पार्क का दौरा




**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा ने शुक्रवार को एमजी रोड पर स्थित अरावली बायोडायवर्सिटी पार्क का दौरा किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित निगम अधिकारियों तथा हीरो मोटोकॉर्प के प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बायोडायवर्सिटी पार्क में पहुंचने पर हीरो मोटोकॉर्प के प्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया तथा कंपनी द्वारा सीएसआर के तहत पार्क में किए जाने वाले कार्यों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। प्रतिनिधियों ने बताया कि अरावली बायोडायवर्सिटी पार्क के रख-रखाव एवं सौंदर्यकरण के लिए नगर निगम गुरुग्राम तथा हीरो मोटोकॉर्प के बीच एमओयू हुआ था। इसके तहत कंपनी सीएसआर फंड से 10 वर्षों तक पार्क के रखरखाव एवं सौंदर्यकरण का कार्य करेगी। कंपनी द्वारा यहां पर इंटरपिटेशन सेंटर सहित कई सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

# नप ने अरावली में हुए निर्माणों को पीले पंजे से किया ध्वस्त

## परिषद के अभियान चलते अरावली पहाड़ी में नए निर्माण करने वाले मजदूर छोड़ भागे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



> अरावली में चल रहे अवैध रुप से निर्माण कार्यों की पिछले पांच दिन में पहले सर्वे कराई गई थी। भविष्य में भी इस प्रकार के निर्माण कार्यों को होने नहीं दिया जाएगा। जिसके लिए विशेष टीम को निगरानी के लिए तैनात किया जाएगा।
>
> **विक्की सिंह**
> **(एक्सइएन नप)**

**नगर** परिषद ने रायसीना से लगती अरावल पहाड़ी में चल रहे नए निर्माण कार्यों को जेसीबी चलाते हुए ध्वस्त किया। परिषद के अभियान चलने के साथ ही अरावली पहाड़ी में नए निर्माण कार्यों को करने वाले मजदूर छोड़कर भाग गए। शुक्रवार को नगर परिषद प्रशासन ने करीब डेढ़ वर्ष के बाद वार्ड-1 के गांव रायसीना से लगती अरावली पहाड़ी में अवैध निर्माणों को गिराने के लिए पहुंचा। परिषद की टीम में एक्सइएन विक्की सिंह, एसडीओ राजपाल खटाना, जेई ओमप्रकाश, भोंडसी से भारी मात्रा में पुलिस फोर्स मौजूद थी।

परिषद की टीम ने 20 से 22 नए निर्माण कार्यों की 4 से 6 फुट ऊंची बनी पत्थरों की पक्की दीवारों को चार जेसीबी की मदद से गिराया। इस दौरान दो फार्म हाउस में पक्के मकानों को ध्वस्त किया। जबकि एक नये मकान को सील किया गया। परिषद की टीम का यह अभियान दोपहर बाद एक बजे शुरू हुआ। जिसे सायं 5 बजे तक जारी रखा।

**निर्माण कार्यों को छोड़कर भाग मजदूर :** जैसे ही नगर परिषद की अधिकारियों की टीम तोड़फोड़ करने के लिए अरावली पहाड़ी में प्रवेश किया। वैसे ही 10 से 15 स्थानों पर निर्माण कार्य करने वाले मजदूर मौके से अपने औजारों को लेकर भागने लगे। इस दौरान निर्माण कार्यो को चलाने वाले ठेकेदारों ने एक दूसरे को तोड़फोड़ किए जाने की सूचना मोबाइल से दे दी। 60 से 70 मजदूर निर्माण कार्यों को छोड़कर भाग गए।

# साइबर कैफे, पीजी, गेस्ट हाउस व होटल संचालक मेहमानों का रखें रिकॉर्ड

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**जिलाधीश** ने आदेश जारी करके जिले में साइबर कैफे, पीजी, गेस्ट हाउस व होटल संचालकों को कहा है कि मेहमानों का रिकॉर्ड रखें। यहां रुकने वालों का रिकॉर्ड उनके आईडी प्रूफ के साथ रखने के लिए उन्होंने कहा है।

गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा के मद्देनजर गुरुग्राम के जिलाधीश एवं उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने जिला गुरुग्राम में साइबर कैफे संचालकों, पीजी, गैस्ट हाउस, होटलों, मकान मालिकों और अन्य कार्यालयों को अपने किराएदारों, नौकरों, विजिटरों व अतिथियों का रिकॉर्ड उनके आईडी प्रुफ के साथ रखने के आदेश दिए हैं। दंड प्रक्रिया अधिनियम की धारा 144 के तहत किए गये निषेधाज्ञा के ये आदेश जिला गुरुग्राम में तुरंत प्रभाव से लागू होकर 26 जनवरी 2023 तक प्रभावी रहेंगे। जिलाधीश ने अपने आदेश में जिला में उपरोक्त अवधि में ड्रोन, माइक्रो लाईट एयरक्राफ्ट, ग्लाइडर /पॉवर ग्लाइडर/ होट एयर बलून, काइट फ्लाइंग व चाइनीज माइक्रो लाइट के प्रयोग पर भी ऐहतियातन प्रतिबंध लगा दिया है। ये आदेश गणतंत्र दिवस के अवसर पर असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सुरक्षा कारणों के दृष्टिगत जारी किए गए हैं। आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत कार्यवाही की जाएगी।



डीसी निशांत कुमार यादव।

# हरियाणा में है इवेंट मैनेजमेंट की सरकार : भूपेंद्र

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**पूर्व** मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि वर्तमान में हरियाणा में इस समय इवेंट मैनेजमेंट की सरकार है। विकास के नाम पर सिर्फ ढिंढोरा पीटते हैं। एसवाईएल मुद्दे पर उन्होंने कहा कि हरियाणा के हक में सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आ चुका है। अब बात नहीं कोर्ट के निर्णय को लागू कराने के लिए सरकार को काम करना चाहिए। वे शुक्रवार को यहां गुड़गांव गांव में पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया की माता भतेरी देवी की पुण्यतिथि पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बात की। उन्होंने प्रदेशवासियों को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं दीं।

पत्रकार वार्ता से पूर्व उन्होंने सुखबीर कटारिया के दिवंगत माता-पिता को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव, नेता राव दान सिंह, धर्म सिंह छोकर, मामन खान इंजीनियर, नीरज शर्मा, पूर्व विधायक करण सिंह दलाल, पंकज डावर, युवा जिला अध्यक्ष निशित कटारिया, पूर्व ओएसडी महेंद्र सिंह चोपड़ा, ओमप्रकाश ढांडा, सुधीर चौधरी, चेयरमैन गजेंद्र चौहान, जिले सिंह नंबरदार, कर्नल जागृति शंकर भारद्वाज समेत कई नेता, कार्यकर्ता मौजूद रहे। एसवाईएल के विषय को आगे बढ़ाते हुए पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि अगर पंजाब सरकार सुप्रीमकोर्ट के फैसले को लागू नहीं करती है तो यह कोर्ट के आदेश की अवहेलना है। हरियाणा सरकार इसके लिए कोर्ट में जाए। सरकार सो रही है। हरियाणा का हित नहीं देख रही। उन्होंने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कहा कि इससे देश का माहौल बदला है। यह सिर्फ यात्रा नहीं रही, बल्कि एक जन आंदोलन बन चुका है। पद यात्रा से सरकार घबराई हुई है। कांग्रेस में गुटबाजी के सवाल पर उन्होंने कहा कि हरियाणा कांग्रेस में किसी तरह की कोई गुटबाजी नहीं है। सब मिलकर काम कर रहे हैं। सारे नेता, कार्यकर्ता प्रदेश की जनता के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।



गुरुग्राम में पत्रकारों से बात करते पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

# पांच वर्षों में इंडियन कम्पोजिट्स इंडस्ट्री योजना वर्ष 2027 में 2.01 अरब अमेरिकी डॉलर का आंकड़ा छूएगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**सुदृढ़** प्लास्टिक के लिए प्रसिद्ध 1.26 अरब डॉलर की इंडियन कम्पोजिट्स मटेरियल्स इंडस्ट्री की योजना वर्ष 2027 में 2.01 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने के लक्ष्य के तहत अगले पाँच वर्षों में 6.9त्न की सीएजीआर तक वृद्धि करने की है। इंडियन कम्पोजिट्स इंडस्ट्री के शीर्ष व्यापार निकाय, एफआरपी इंस्टिट्यूट द्वारा लॉन्च की गई इंडियन कम्पोजिट मैटेरियल्स मार्केट-करंट स्टेटस एंड फोरकास्ट - 2027 रिपोर्ट यह स्पष्ट करती है कि विश्व स्तर पर भारी मात्रा में वृद्धि के साथ, यह कंपनी 4.7 फीसदी के वैश्विक औसत और अगले पाँच वर्षों में 6.1 फीसदी के आंकड़े को पार करने के लिए तैयार है। रिपोर्ट के अनुसार, इंडियन कम्पोज़िट्स मटेरियल्स इंडस्ट्री वर्ष 2021 में 511900 टन कम्पोजिट्स मटेरियल्स की खपत को वर्ष 2027 में 768200 टन पहुँचाने के करीब है।

एफआरपी इंस्टिट्यूट ने यह रिपोर्ट सुदृढ़ प्लास्टिक पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस और एक्सहिबिशन (आईसीईआरपी 2023) के मौके पर जारी की, जो भारतीय कम्पोज़िट्स इंडस्ट्री के सभी स्टेकहोल्डर्स को एक मंच पर साथ लाने के लिए प्रतिबद्ध है। आईसीईआरपी 2023 का आयोजन मुंबई में 18 से 20 जनवरी, 2023 तक किया जाएगा।

**वर्तमान में खपत की स्थिति :** रिपोर्ट आगे यह स्पष्ट करती है कि वर्ष 2021 के आंकड़ों के अनुसार भारत में कम्पोजिट की प्रति व्यक्ति खपत सिर्फ 0.37 किलोग्राम है, जबकि यदि परिपक्व बाजारों से इसकी तुलना की जाए, तो संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रति व्यक्ति खपत 11.5 किलोग्राम है, जो कि सबसे अधिक है, इसके बाद 7.7 किलोग्राम प्रति व्यक्ति खपत के साथ जर्मनी का स्थान आता है। यहां तक कि यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, इटली और स्पेन जैसे देशों और एशियाई देशों, जैसे-ताइवान और जापान में भी कम्पोजिट की प्रति व्यक्ति खपत 4 से 9 किलोग्राम के बीच है। इसके अनुसार कम्पोजिट खपत के मामले में भारत के पास सबसे ज्यादा अवसर हैं। भारत में कुल कम्पोजिट्स मटेरियल्स मार्केट (जो वर्ष 2021 में मटेरियल टाइप से 511900 टन है) के तहत, वर्ष 2021 में मैट्राइसेस और रीइन्फोर्समेंट्स ने सहयोग से 86.7 फीसद शेयर का प्रतिनिधित्व किया गया, जबकि बाकि शेयर फिलर्स और अन्य कम्पोज़िट्स ने लिए। वर्ष 2021 में ग्लास फाइबर, पॉलिस्टर्स और एपॉक्सीज़ प्रमुख मटेरियल्स के रूप में बरकरार रहे और सामूहिक रूप से 77.7 फीसद शेयर का प्रतिनिधित्व किया। सरकार द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक्स पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया। इसके साथ ही ग्राउंड ट्रांसपोर्टेशन, बिल्डिंग और कंस्ट्रक्शन, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट जैसे सेक्टर्स के वॉल्यूम के सन्दर्भ में वर्ष 2021 में सामूहिक रूप से लगभग 50.8त्न शेयर का प्रतिनिधित्व किया गया।

**वर्ष 2022 से लेकर 2027 तक का पूर्वानुमान :** वर्ष 2027 तक संभावना है कि कम्पोज़िट्स मटेरियल्स के तहत कुछ क्षेत्र प्रमुख बाजार के रूप में बरकरार रहेंगे, जिनमें ग्राउंड ट्रांसपोर्टेशन, कंस्ट्रक्शन और इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं। वॉल्यूम के मामले में वर्ष 2022 से 2027 तक रिन्यूएबल एनर्जी जैसे क्षेत्रों में 8.6 प्रतिशत का उच्चतम सीएजीआर, एयरोस्पेस और डिफेंस में 8.2 फीसदी का सीएजीआर, कंस्ट्रक्शन और इंफ्रास्ट्रक्चर में 6.5 फीसद का सीएजीआर और अन्य क्षेत्रों, जैसे-टेलीकॉम (5.8 फीसद), इलेक्ट्रिकल इलेक्ट्रॉनिक्स (5.5फीसद), ग्राउंड ट्रांसपोर्टेशन (5.4 फीसद), पाइप और टैंक (5 फीसद) और अन्य क्षेत्रों में 4.7 फीसद होगा।

# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का 29 जनवरी को हरियाणा दौरा

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने दी जानकारी

**गुरुग्राम।** प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने बताया कि जनवरी के अंतिम सप्ताह में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का हरियाणा का दौरा है। अमित शाह एक लोकसभा की रैली को भी संबोधित करेंगे। जल्द रैली किस लोकसभा में होगी यह तय कर लिया जाएगा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने हरियाणा में होने वाली जी-20 की बैठकों को लेकर कहा कि ये बैठकें हरियाणा के लिए अति महत्वपूर्ण होंगी। इन बैठकों में 19 देश शामिल होंगे, जिनमें एक यूरोपियन यूनियन भी है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा 9 देशों को आमंत्रित किया गया है, जिनमें बाग्लादेश, इजिप्ट मॉरिसस, नीदरलैंड, नाइजरिया, ओमान, स्पेन और संयुक्त अरब अमीरात हैं। जो 56 बैठकें भारत में होनी हैं उनमें 29 देशों के प्रतिनिधि भारत में आएंगे।

ओमप्रकाश धनखड़ ने बताया कि फरवरी में गुरुग्राम में होने वाली जी-20 की बैठक 1, 2, 3 मार्च को होनी संभावित है। इन बैठकों में अलग-अलग देश के प्रतिनिधि होंगे तो जाहिर है उनकी भाषाओं में उनके झंडे और होर्डिंग लगे इसकी जिम्मेदारी भाजपा के कार्यकर्ता संभालेंगे। परम्परागत वेषभूषा में अतिथियों का स्वागत करना और अपनी संस्कृति की छाप उन पर छोड़ना, ताकि वे महसूस कर सके और अच्छी यादें लेकर वो अपने देश में जाएं। उन्होंने कहा कि बहुत से देशों के लिए दुनिया एक बाजार है लेकिन हमारे लिए दुनिया एक परिवार है। वसुधैव कुटुम्बकम की भावना जिसमें सभी का भला निहित है और पूरी पृथ्वी को परिवार के रूप में देखते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा अपनी सरकार आने पर परिवार पहचान पत्र खत्म करने के बयान का भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी खुद परिवारवाद पर चलती है और यही इनका परिवार पहचान पत्र है। वो अगर खत्म कर सकते हैं तो पहले कांग्रेस को परिवारवाद से मुक्त कराएं और अपने घर से भी परिवारदवाद को हटाएं, जिससे हरियाणा के कांग्रेसी भी संतप्त है।

# खेलो एनसीआर-फुटबॉल टूर्नामेंट : अंडर प्रिविलेज बच्चों के लिए एक स्कूली बच्चे की अनूठी पहल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**गुड़गांव** के एक स्कूल जाने वाले मनन शाह को खेलों का बहुत शौक है और उन्होंने अपने इसी शौक के बदौलत दिल्ली-एनसीआर के अंडर प्रिविलेज बच्चों को सशक्त बनाने की पहल के साथ जोड़ा। इस अनूठी पहल की शुरुआत करते हुए, उन्होंने हाल ही में खेलो एनसीआर प्लेटफॉर्म के तहत एक स्पेशल एनसीआर फुटबॉल टूर्नामेंट की मेजबानी की। प्रतियोगिता में बालक व बालिकाओं सहित कुल 26 टीमों ने हिस्सा लिया। सभी 300 पार्टिसिपेंट्स को जर्सी और सिपर प्रदान किए गया। टूर्नामेंट में 10,000 रुपये, 15,000 रुपये और विजेता के लिए 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार रखा गया था। टूर्नामेंट का आयोजन फास्ट फुटबाल अकादमी में किया गया था।

मनन ने कहा कि हमारी पहल का नाम खेलो एनसीआर है। इस प्रोजेक्ट के तहत अंडर -16 आयु वर्ग के लड़कों और लड़कियों को टारगेट किया गया था। यह टूर्नामेंट का आयोजन विशेष तौर पर दिल्ली एनसीआर के अंडर प्रिविलेज बच्चों के लिए किया गया था। मैच के साथ-साथ हमने वृक्षारोपण अभियान भी चलाया और उन्हें पानी और पेड़ के महत्व के बारे में बताया गया और कचरे को अलग करने के बारे में जागरूक किया। इस प्रोजेक्ट के सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा के रूप में हमने कुछ शानदार टैलेंट को फास्ट फुटबॉल अकादमी, गुरुग्राम में ट्रेनिंग करने के लिए चुना और उनकी ट्रेनिंग को स्पांसर किया। उन्हें अगले साल अंडर-18 यूथ आई-लीग खेलने का भी मौका दिया जाएगा।''

उन्होंने कहा, यह पहल अंडर प्रिविलेज बच्चों को सीखने और आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करेगी और उनकी प्रगति में बाधा बन रहे समाजिक अड़चनों और कलंक को तोड़ने में सक्षम बनाएगी। इस पहल का उद्देश्य समाज में एक प्रभाव पैदा करना है जो इन बच्चों को बेहतर आजीविका के लिए सीखने के मार्ग का अनुसरण करने के लिए प्रेरित करेगा। यह पहल इन बच्चों को हिंसा, नशीली दवाओं के दुरुपयोग, व्यसन, अपराधों और विभिन्न अन्य हानिकारक गतिविधियों में शामिल होने से भी बचाएगी।

दिल्ली एनसीआर और पूरे भारत में नशीली दवाओं से प्रभावित क्षेत्रों में क्रांति लाने के लिए, मनन बच्चों के ध्यान को अन्य गतिविधियों पर लगाने का प्रयास कर रहा है, जिसमें फुटबॉल उनके लिए एक अच्छी अनुशासनात्मक गतिविधि है। उन्होंने कहा कि फुटबॉल, हम प्रदान करेंगे, न केवल प्राप्तकर्ताओं को बल्कि उनके इलाके के अन्य बच्चों को भी प्रभावित करेंगे और इसके साथ ही हम उन बच्चों के जीवन में भी सुधार करेंगे जिन्हें हम फास्ट फुटबॉल अकादमी में आगे के प्रशिक्षण के लिए चुनेंगे।

# धूमधाम से मनाई लोहड़ी, आज और कल मकर संक्रांति

कविता। फरीदाबाद




तिकोना पार्क महारानी वैष्णो देवी मंदिर में पूजा कर लोहड़ी मनाते श्रद्धालु।

**सुंदरिए**-मुंदरिए हो, तेरा कौन विचारा हो, दुल्ला भट्टी वाला हो, ओ आ गई लोहड़ी वे...बना लो जोड़ी वे...शहर में पारंपरिक गीत-संगीत के साथ लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने घर-घर जाकर लोहड़ी मांगी। मूंगफली, गजक व रेबड़ी का आनंद उठाया। सूर्य ढलने के बाद धीरे-धीरे लोहड़ी जलाना शुरू किया गया। गीत-संगीत व ढोल-नगाड़ों की तान पर लोगों ने जमकर भांगड़ा किया। गले मिलकर लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं। लोहड़ी को लेकर शहर में जगह-जगह मूंगफली व गज्जक की दुकानें आकर्षक ढंग से सजी रहीं। घरों को लाइटिंग से आकर्षक ढंग से सजाया गया। बच्चों ने सुबह से ही लोहड़ी मांगना शुरू कर दिया। जिन नवविवाहित जोड़ों की पहली लोहड़ी थी। उन्होंने पर्व की लेकर खास तैयारियां की। शाम को सूर्य ढलने के बाद धूमधाम से लोहड़ी जलाई गई।

**मांगी मन्नतेः** महिलाओं ने आओ भांगड़ा पाए इस बार, टिवंकल, टिवंकल लिटिल स्टार, फिर आ गई भंगड़े दी बारी, लोहड़ी मनोदी करो तैयारी.., आग दे कोल सारे आओ, सुंदर, मुंदरिए जोर नाल गाओ, आ गई लोहड़ी वे, बना लो जोड़ी वे..जैसे पारंपरिक लोहड़ी के गीत गाएं। मन्नतें मांगी और अगली साल और बड़ी लोहड़ी जलाने की प्रार्थना की। बच्चे, बड़े और बुजुर्ग ने एक-दूसरे को गले-मिलकर लोहड़ी बधाई दी।

**आज भी लोग करते हैं यादः** लोहड़ी से जुड़ी प्रमुख लोककथा दुल्ला भट्टी की है। जो मुगलों के समय का एक बहादुर योद्धा था। जिसने मुगलों के बढ़ते जुल्म के खिलाफ कदम उठाया। एक ब्राह्मण की दो लड़कियों सुंदरी व मुंदरी के साथ इलाके का मुगल शासक जबरन शादी करना चाहता था। इस मुसीबत की घड़ी में दुल्ला भट्टी ने ब्राह्मण की मदद की और लड़के वालों को मना कर एक जंगल में आग जला कर सुंदरी व मुंदरी का ब्याह कराया। दुल्ले ने खुद ही उन दोनों का कन्यादान किया। लोहड़ी के रूप में सत्य और साहस की जुल्म पर जीत के तौर पर मनाते हैं।

### आज और कल मनेगा मकर संक्रांति का पर्व

**मकर** सक्रांति का त्योहार इस बार 14 जनवरी की रात से शुरू हो रहा है। इसलिए कुछ लोग 14 को तो कुछ 15 जनवरी को मना रहे है। इस त्यौहार पर बुजुर्गों को रूठने पर मनाने की परंपरा निभाई जाती है। मकर सक्रांति पर सुबह का स्नान भी विशेष महत्व रखता है। कुछ लोग इस दिन कुरुक्षेत्र ब्रह्मसरोवर व गंगा में भी स्नान करते हैं। मकर सक्रांति से सर्दी धीरे-धीरे खत्म होने लगती है और गर्मी बढ़ने लगती है। इस दौरान बुजुर्ग भी रूठ कर अपने घर से दूर किसी अन्य के पास जाकर बैठ जाते हैं और महिला लोकगीतों पर ढोल के साथ नाचती गाती हुई रूठे को मनाने के लिए जाती हैं। वे बुजुर्गों को कपड़ा, आभूषण, मिठाई देकर मना कर अपने घर लेकर आती हैं।

# ट्रैफिक पुलिस के प्रयास से जेसीबी चौक पर बनेगा फुटओवर ब्रिज

## पैदल सड़क पार करने वालों को मिलेगी राहत, एक्सीडेंट में आएगी कमी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



राष्ट्रीय राजमार्ग का सांकेतिक फोटो।

**फुटओवर** ब्रिज जेसीबी चौक पर आमजन के द्वारा रोड क्रॉस करने पर हो रहे फेटल एक्सीडेंट पर रोक लगाने के लिए पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के द्वारा दिए गए आदेश तथा डीसीपी ट्रैफिक नितीश अग्रवाल के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार द्वारा जेसीबी/एल्सन चौक पर एक्सीडेंट के संबंध में सर्वे किया गया। जिसमें फुट ओवर ब्रिज का पैदल यात्रियों के लिए दूर होने के कारण प्रयोग ना करना पाया गया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि जिसके संबंध में रोडक्रॉस ने करने के लिए लगाए गए ग्रिल को लोग लॉन्घ कर रोड क्रॉस करते हैं। फुट ओवर ब्रिज के संबंध में सामने आया कि संजय कॉलोनी के सामने से प्राइवेट कंपनियों में काम करने जाने वाले लोग शॉर्टकट के लिए रोड पर लगी ग्रिलो को करीब 1000/1500 लोग दिन में जंप कर करते हैं। जिसके कारण एक्सीडेंट होने की संभावना बढ़ जाती है। इसके संबंध में एनएचआई अधिकारियों को पत्र लिखकर सूचित किया गया है। इस संबंध में एनएचआई अधिकारियों के साथ पत्र लिखकर ग्रीवेंस मीटिंग कर गिरल को ऊपर उठाया गया है। साथ ही फुट ओवर ब्रिज के संबंध में अगस्त को आयुक्त विक्रम यादव को भी फुट ओवर ब्रिज के लिए अनुरोध किया गया है। नवंबर को फरीदाबाद में हुई प्राधिकरण अधिकारियों की मीटिंग में एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार ने फुटओवर ब्रिज के मुद्दे को पुणे उठाया।

वाईएमसीए चौक के पास इंपीरियल ऑटो कंपनी के साथ सर्विस रोड पर खड़े हाईटेंशन बिजली के खंभे को हटवाने के संबंध में भी एसीपी ट्रैफिक ने अपनी टीम के साथ मौके का निरीक्षण कर जाम लगने लगने का कारण पता किया। निरीक्षण में सामने आया कि रोड पर लगे हाईटेंशन पोल के कारण वाईएमसीए की आधी सर्विस रोड रुकी हुई है। जिसके कारण रोड पर जाम लगता है। इस संबंध में भी रिपोर्ट पुलिस आयुक्त ट्रैफिक के द्वारा एनएएच आई कार्यालय को पत्र लिखकर सूचित किया गया है।

नवंबर को ईडीसी अपराजिता की अध्यक्षता में रोड सेफ्टी ग्रीवेंस मीटिंग में भी एसीपी ट्रैफिक द्वारा पावर पॉइंट फोटो सहित प्रस्तुत किया गया जिसमें एनएएचआई अधिकारी से पुणे समाधान की बात कर फुट ओवर ब्रिज शिफ्ट करने की बात कही। जिसमें फुटओवर ब्रिज नया बना की सहमति हुई।

एसीपी ट्रैफिक ने पत्र के माध्यम से नेशनल हाईवे अधिकारियों को सूचित किया है। साथ ही नेशनल हाईवे की जेसीबी,एल्सन और आजरौंदा चौक पर वारिस व सीवर रिसाव के कारण रोड पर जमा हो रहे पानी से लग रही जाम के संबंध में डीसीपी ट्रैफिक के द्वारा संबंधित विभाग को पत्र लिखकर सूचित किया गया है। जलभराव से निपटने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा एनएचआई के सहयोग से स्टॉर्म वॉटर ड्रेन की सफाई की गई।

# अवकाश में कक्षाएं लगवाने के विरोध में शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन



सेक्टर-12 लघु सचिवालय के बाहर धरना देते हरियाणा स्कूल लेक्चरर के सदस्य।

**फरीदाबाद।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला)के आह्वान पर जिला कार्यकारिणी के द्वारा लघु सचिवालय के समक्ष शीतकालीन अवकाश मे कक्षाएं लगवाने तथा गैर शैक्षिक कार्य करवाने के विरोध में सांकेतिक धरना दिया गया। अपना रोष व्यक्त करते हुए जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया।

अपनी बुलंद आवाज को अपनी मांग को सरकार तक पहुंचाने के लिए ज्ञापन कार्यक्रम में हौंसलों को मजबूती देने के लिए राज्य प्रधान सतपाल सिंधु, फरीदाबाद जिला प्रधान संदीप चौहान व पूर्व हसला फरीदाबाद प्रधान शिवचरण दलाल तथा सभी शिक्षक संगठनों के प्रधानों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की। जिसमे उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग का सबसे बड़ा संगठन हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन हसला शिक्षा में सदैव गुणात्मक सुधार का पक्षधर एवं सजक प्रहरी रहा है तथा विद्यार्थियों के हित को सदा सर्वोच्च प्राथमिकता देता रहा है। प्रदेश के सभी अध्यापक वर्ग प्रतिदिन दिए गए शैक्षणिक कार्य के बढ़ते बोझ के चलते चाहकर भी अपने अध्यापन कार्य को पूरी इमानदारी से नहीं कर पा रहे है।

शिक्षक वर्ग ने गहरा रोष व्यक्त करते हुए बताया है कि शीतकालीन अवकाश के दौरान बोर्ड कक्षाओं की आड़ में परिवार पहचान पत्र तथा ड्रॉप आउट सर्वे जैसे गैर शैक्षिक कार्यों में शिक्षकों का लगाया जा रहा है। यहां यह भी अति दुर्भाग्यपूर्ण है कि नई शिक्षा नीति के तहत जहां शिक्षकों को गैर शैक्षिक कार्यों को न दिए जाने पर ज़ोर दिया जा रहा है।

# बच्चों में सामाजिक मूल्यों का ज्ञान भी जरूरी : यशवीर डागर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



रतन इंस्टीट्यूट आफ टेक्रोलाजी एंड मैनेजमेंट में आयोजित कार्यक्रम में लोहडी मनाते टीचर।

**सीकरी**-प्याला स्थित रतन इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्रोलॉजी एंड मैनेजमेंट में लोहड़ी का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में वरुण डालमिया, श्याम सिंह और रतन ग्रुप के चेयरमैन यशवीर डागर मौजूद रहे वहीं विशेष अतिथि के रूप में रतन कान्वेंट स्कूल के प्रिंसिपल मनोज कुमार और रतन गर्ल्स कालेज के प्रिंसिपल पूजा शर्मा, रतन ग्रुप के सेकंड फाउंडर दर्शना डागर मौजूद रहे। इस दौरान संस्थान की छात्र-छात्राओं ने लोहड़ी का पर्व पूरे रीति रिवाजों के साथ मनाया और लोहड़ी जलाई और मंगल गीत गाएं वहीं विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थितजनों का मन मोह लिया। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए रतन ग्रुप के चेयरमैन यशवीर डागर ने कहा कि त्यौहार हमारी भारतीय संस्कृति का प्रतीक होते है और त्योहारों के माध्यम से हमें अपनी संस्कृति का ज्ञान मिलता है वहीं आपसी भाईचारे की भावना को बल मिलता है।

उन्होंने कहा कि रतन कान्वेंट संस्थान सदैव बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध करवाता है ताकि वह समाज में शिक्षित होने के साथ-साथ सभ्य नागरिक बनकर देश व समाज निर्माण में अपना योगदान दें। डागर ने कहा कि आज आधुनिकता के इस दौर में बच्चों को सामाजिक मूल्यों का भी ज्ञान होना जरूरी है क्योंकि यह समय की मांग है। इस दौरान उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया। इस मौके पर आए सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह व बुके भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर रतन इंस्टीच्यूट टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट की प्रिंसिपल प्रियंका पाराशर, मार्केटिंग एंड प्लेसमेंट हेड अपेक्षा के अलावा रतन एजुकेशन संस्थाओं के टीचिंग नॉन टीचिंग स्टाफ मौजूद रहे।

# एचपीएससी का एलान, अभिभावकों की सहमति से खोलेंगे स्कूल

## हरियाणा प्रोग्रेसिव स्कूल कांफ्रेंस के अध्यक्ष एसएस गोसाई सात दिन की बजाए पहले ही 15 दिन की छुट्टियां कर चुकी है सरकार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** प्रोग्रेसिव स्कूल कांफ्रेंस (एचपीएससी) के अध्यक्ष एसएस गोसाई ने कहा कि हरियाणा सरकार बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने में लगी है। उन्होंने कहा कि मौसम खुल रहा है और सरकार ने सर्दी के नाम पर 21 जनवरी तक के लिए सर्दियों की छुट्टियों को बढ़ा दिया। सरकार के इस फैसले के बाद निश्चिततौर पर बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी और कोरोना के बाद बड़ी मुश्किल से ट्रेक पर आई एजुकेशन फिर से पिछड़ सकती है। एचपीएससी के अध्यक्ष एसएस गोसाई ने एलान किया कि यदि सरकार ने 21 जनवरी तक छुट्टियां बढ़ाने के फैसले पर पुनः विचार करते हुए कैंसिल नहीं की तो निश्चिततौर पर 15 जनवरी से अभिभावकों से बातचीत करते हुए उनकी सहमति से स्कूलों को खोल दिया जाएगा।

एचपीएससी के अध्यक्ष एसएस गोसाई ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पहले ही 7 दिन की बजाए 15 दिन की छुट्टियां की। उन्होंने कहा कि अब मौसम खुल रहा है। बाकायदा धूप भी निकलने लगी है। ऐसे में बिना किसी मतलब के बच्चों की पढ़ाई को नजरअंदाज करते हुए छुट्टियों को 21 जनवरी तक के लिए बढ़ाने का फैसला सही नही। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने अपने फैसले को नहीं बदला तो अभिभावकों को साथ लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले महीने से एग्जाम है और ऐसे में इतनी लंबी छुट्टियां होने के बाद बच्चे स्लेबल भूल सकते हैं।

# शहीद भगत सिंह बिग्रेड ने शहीदों संग मनाया लोहड़ी पर्व

**फरीदाबाद।** शहीद भगत सिंह बिग्रेड द्वारा एनएच-3 में लोहड़ी पर्व देश पर मर मिटने वाले शहीदों के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर शहीद-ए-आजम भगत सिंह के पौत्र एवं शहीद भगत सिंह बिग्रेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष यादवेन्द्र सिंह सन्धू ने अन्य सदस्यों के साथ मिलकर शहीद-ए-आजम भगत सिंह, चन्द्रशेखर आजाद की तस्वीर रखकर सबसे पहले उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि दी फिर पूजा अर्चना की व मूगफली रेवड़ी का प्रसाद वितरित किया।

इस अवसर पर सुंदर-मुंदरिए, दुल्हा भट्टी वाला की गूंज से सारा वातावरण खुशनुमा बन गया। सभी ने पंजाबी गीतों पर खूब डांस किया। इस मौके पर यादवेन्द्र सिंह सन्धु ने कहा कि आज हम जो खुली हवा में सांस और यह त्योहार मना रहे है। वो इन शहीदों की कुर्बानियों की वजह से ही मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन शहीदों का सपना था कि देश आजाद हो और भारत की आने वाली पीढ़ी आजादी से खुशहाल जीवन जी सके।

# मकान मरम्मत के लिए बीपीएल परिवारों को दे रहे हैं आर्थिक मदद : उपायुक्त

## जिला में सभी बीपीएल परिवारों को मिलेगा योजना का लाभः डीसी

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**डीसी** विक्रम सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में हरियाणा अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा जिला के सभी बीपीएल परिवारों को डॉ बीआर अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत मकान मरम्मत के लिए 80000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है।

उन्होंने आगे बताया कि अभी तक यह लाभ केवल अनुसूचित जाति के बीपीएल परिवारों को ही दिया जा रहा था। परंतु पिछले वर्ष हरियाणा सरकार ने इस योजना में बदलाव करते हुए इसमें सभी बीपीएल परिवारों को शामिल करने का निर्णय लिया था। डीसी विक्रम ने बताया कि सरकार ने योजना के तहत लाभार्थियों का दायरा बढ़ाने के साथ साथ इस योजना के तहत मिलने वाली राशि को भी 50000 रुपये से बढ़ाकर 80000 रूपये भी किया था। हरियाणा सरकार की यह आवास नवीनीकरण योजना अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित है तथा बीपीएल सूची में शामिल आवेदकों को इस योजना के लिए पात्र बनाया गया है।

डीसी विक्रम सिंह ने इस योजना के नियम शर्तों की जानकारी देते हुए बताया कि यदि पहले मकान निर्माण के लिए या अपने समय के निर्मित मकान को बनाए हुए 10 साल या इससे अधिक समय हो गया हो तथा मकान मरम्मत के योग्य हो तभी आप इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस योजना का लाभ उठाने के लिए पात्रता संबंधी जानकारी देते हुए जिला के अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आवेदनकर्ता हरियाणा का स्थाई निवासी होना चाहिए तथा आवेदनकर्ता का नाम बीपीएल सूची में दर्ज होना चाहिए। आवेदनकर्ता को अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित है तथा बीपीएल सूची में शामिल आवेदकों को बीपीएल परिवार होने का अपना जाति प्रमाण पत्र दिखाना अनिवार्य है। आवेदनकर्ता का अपना घर होना चाहिए। घर कम से कम 10 साल पुराना होना चाहिए। प्रार्थी की परिवार आईडी, बीपीएल राशन कार्ड नंबर, राशन पत्रिका, एससी, बीसी जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाता संख्या, मोबाइल नंबर, घर के साथ फोटो, बिजली बिल-हाउस रजिस्ट्री-पानी बिल में से कोई भी दो, मकान की मरम्मत पर अनुमानित खर्च का प्रमाण जैसे कागजात जरूरी है।

**बीपीएल परिवार ऐसे करें आवेदनः** आवेदक को सबसे पहले आन लाइन हरियाणाएससीबीसी.जीओवी.इन से फॉर्म डाउनलोड करके उसे भरना है। उसको सरपंच या फिर पार्षद से सत्यापित करवाना होगा। फॉर्म के साथ में ऊपर बताए गए सभी दस्तावेज लगाने अनिवार्य है। उसके बाद ये फॉर्म आपके नजदीकी सीएससी सेटर से ऑनलाइन करवाना है। ऑनलाइन करवाने के बाद आपको ये फार्म जिला के अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के लघु सचिवालय की चौथी मंजिल पर में जमा करवाना है। कोई भी गलत जानकारी न भरें। डॉक्यूमेंट की कॉपी साथ लगाएं, जिससे आपके काम में कोई अड़चन न आए।

# चार करोड़ से होगा लेजर वैली पार्क का सौंदर्यीकरण : शर्मा



फाईल फोटो।

**फरीदाबाद।** एनआईटी फरीदाबाद से विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि एनआईटी विधानसभा में डबुआ कालोनी स्थित लेजर वैली पार्क का निर्माण पूर्व मंत्री स्व. बाबा पंडित शिवचरण लाल शर्माजी ने अपने कार्यकाल में करवा था। इससे एनआईटी विधानसभा के क्षेत्र के लोगो को काफी फायदा पहुंचा था लेकिन 2014 के बाद पार्क की हालत बद से बदतर हो गई।

विधायक नीरज शर्मा ने विधायक ग्रांट से भी पार्क की रिपेयरिंग के लिए 16 लाख रुपये दिए थे। विधायक नीरज शर्मा ने पत्र लिखकर आयुक्त नगर निगम को यह पार्क फरीदाबाद महानगर प्रधिकरण को देने के लिए अनुरोध किया था और साथ-2 मुख्य कार्यकारी अधिकारी फरीदाबाद महानगर विकास प्रधिकरण को पत्र क्रमांक 101 एक जनवरी 2022 के द्वारा इस पार्क को लेने के लिए कहा था। मुख्य कार्यकारी अधिकारी फरीदाबाद महानगर विकास प्रधिकरण ने अपने पत्र क्रमांक 05 जनवरी 2022 के द्वारा आयुक्त नगर निगम फरीदाबाद को लेजर वैली पार्क को देने के लिए पत्र जारी किया था। आयुक्त नगर निगम ने 06 जनवरी 2022 को अपने अधीन ले लिया था। इसके बाद विधायक नीरज शर्मा ने 20 अप्रैल 2022 को फरीदाबाद महानगर प्रधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल को इसका निरिक्षण करवाया था, जिसपर विधायक द्वारा उनसे मांग की गई है की पार्क का सौंदर्यकरण किया जाए, पार्क के फुव्वारे काफी अरसे से खराब हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## साधकों से शुरू किया 75 लाख सूर्य नमस्कार अभियान



खेल परिसर में योगासन करते 500 योग साधक।

**फरीदाबाद।** खेल परिसर में स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में 75 लाख सूर्य नमस्कार अभियान की शुरुआत की। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ अजीत सिंह के निर्देशन में व धर्मेंद्र अतिरिक्त खेल अधिकारी फरीदाबाद व जयपाल शास्त्री सदस्य हरियाणा योग आयोग के सहयोग से डॉक्टर मोहित नोडल ऑफिसर योग प्रोग्राम व विकास यादव योग विशेषज्ञ पतंजलि योग समिति के प्रभारी अंकुर व उनकी समस्त टीम ने हिस्सा लिया और सहयोग किया। 500 की संख्या में उपस्थित युवाओं ने 13 बार सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। आजादी के अमृत महोत्सव पर सूर्य नमस्कार का अभ्यास 11 जनवरी से शुरू होकर 14 फरवरी तक चलेगा। कोई भी आमजन इसमें हिस्सा ले सकता है। युवा *http://www. zlakhsuryana-maskarharyana.com* लिंक पर रजिस्ट्रेशन करके सूर्य नमस्कार के अभ्यास में भागीदार बनें। इस अभियान के तीन पड़ाव हैं। पहला स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी 2023, दूसरा पड़ाव सुभाष चंद्र बोस की जयंती 23 जनवरी व तीसरा 14 फरवरी को इसमें अधिक से अधिक सहभागिता करें व अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं। स्कूल, कॉलेज सामाजिक संस्था, विभाग, व सामान्य नागरिक इसमें हिस्सा ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए योग विशेषज्ञ विकास यादव जिला फरीदाबाद 9813141507 से ले सकते हैं।

## समाजसेवी ब्रह्म प्रकाश गोयल का किया स्वागत



**फरीदाबाद।** वर्ल्ड रिसर्चर्स समिट-2023 के अंतर्गत रूस की यूनिवर्सिटी ऑफ मकारिया द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय समिट एवं डॉक्टोरल अवार्ड सम्मेलन में वरिष्ठ समाजसेवी एवं महाराजा अग्रसेन विवाह समिति के अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश गोयल को भी डॉक्टरेट (पीएचडी) उपाधि से सम्मानित किए जाने के बाद अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेन्द्र शर्मा बबली ने गोयल के सैक्टर-19 स्थित निवास पर जाकर उनका बुके देकर, पटका पहनाकर तथा भगवान परशुराम चालीसा देकर स्वागत किया। इस अवसर पर समाजसेविका आशा गोयल, रजत गोयल, सूरज कौशिक, मनीष मिश्रा, सतपाल खत्री, रामजीलाल मौजूद रहे। उपस्थित साथियों को सम्बोधित करते हुए पं. सुरेन्द्र शर्मा बबली ने कहा कि समाजसेवी ब्रह्म प्रकाश गोयल के द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों के लिए रूस की यूनिवर्सिटी ऑफ मकारिया ने उन्हें जो डॉक्टरेट(पीएचडी)उपाधि से नवाजा गया है। वह क्षेत्र के लोगों के लिए खुशी की बात है। श्रीगोयल पिछले 22 वर्षों से फरीदाबाद ही नहीं बल्कि हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान के सैकड़ों बेटियों का सामूहिक विवाह सम्पन्न करवा चुके है।

## एंटरप्रेन्योरशिप का नया युग शुरू होगा : राज नेहरू

**फरीदाबाद।** श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय बड़े स्तर पर एंटरप्रेन्योर तैयार करेगा। इसके लिए विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के साथ एमओयू साइन किया है। कुलपति राज नेहरू की उपस्थिति में कुलसचिव प्रोफेसर आरएस राठौड़ ने सिडबी के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. शुभ्रांशु शेखर आचार्य के साथ समझौता पत्र का आदान-प्रदान किया। कुलपति राज नेहरू ने कहा कि श्रीविश्वकर्मा कौशल विवि की इस पहल से हरियाणा में एंटरप्रेन्योरशिप का नया युग शुरू होगा। सिडबी का सहयोग इसमें भूमिका निभाएगा। इसके लिए एसवीएसयू स्किल इनोवेटर्स फाउंडेशन की स्थापना की गई। श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय द्वारा शुरू किए गए नए स्किल कोर्स और ट्रेनिंग से प्रदेश में उद्यमिता के लिए जमीन तैयार हो चुकी है। डॉ. शुभ्रांशु शेखर आचार्य ने कहा कि देश की सबसे पहली स्किल यूनिवर्सिटी होने के नाते श्रीविश्वकर्मा कौशल विवि देश को कुशल और प्रशिक्षित मानवीय संसाधन दे रहा है। इनमें से और प्रदेश भर से एंटरप्रेन्योर तैयार किए जाएंगे। सिडबी श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ एमओयू करके नई संभावनाएं देख रहा है।

## जेसी बोस में मनाया लोहड़ी-मकर संक्रांति का पर्व

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आज लोहड़ी-मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के स्टाफ क्लब द्वारा स्टाफ सदस्यों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता कुलपति प्रो. एसके तोमर ने की। इस कार्यक्रम में अलाव जलाकर, लोहड़ी के लोक गीत-संगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, डीजे और मजेदार खेल खेलकर मनाया गया। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने कर्मचारियों और विद्यार्थियों को त्योहार की शुभकामनाएं दी। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने भी स्टाफ क्लब के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर स्टाफ सदस्यों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत किया। सभी ने इस कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया और इस दिन को इतना यादगार बनाने के लिए स्टाफ क्लब और विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में स्टाफ क्लब कमेटी के अध्यक्ष प्रो. तिलक राज ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी स्टाफ सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## अमृता अस्पताल में आधुनिक रोबोटिक टीम उपलब्ध



**फरीदाबाद।** जिले में 2,600 बेड्स वाले अमृता अस्पताल ने अमेरिका बेस्ड इंटुएटिव से दा विंची *Xi* सर्जिकल सिस्टम स्थापित किया है। यह सिस्टम सर्जन को रोबोटिक-असिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करने के लिए उपकरणों का एक उन्नत सेट प्रदान करता है। यह सिस्टम स्थापित होने के बाद, अस्पताल में अब रोगियों के लिए यूरो-सर्जिकल, गैस्ट्रो-सर्जिकल, गाइनेक-ऑन्कोलॉजिक, कार्डियोथोरेसिक, सामान्य सर्जरी और सिर और गर्दन के कैंसर की सर्जरी के लिए नए युग की सर्जिकल तकनीक की सुविधा उपलब्ध है। अमृता अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संजीव सिंह ने कहा, रोबोटिक-असिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी से पारंपरिक सर्जरी की तुलना में कम दर्द और रक्तस्त्राव के साथ कम जटिलताएं आती हैं और साथ ही जल्दी रिकवरी भी होती है। इसके असंख्य फायदों को ध्यान में रखते हुए, हमने दुनिया की सबसे उन्नत, चौथी पीढ़ी की सर्जिकल प्रणाली दा विंची ङ्गद्ब को स्थापित किया है। इससे हमारे रोगियों को अत्यधिक लाभ होगा और हमें अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से मेडिकल एक्सीलेंस के उच्चतम मानकों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

## कॉलेज में राष्ट्रीय कार्यशाला का किया आयोजन

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में एनईपी 2020: रिसर्च फॉर रिसर्जेंस (फ्रेमवर्क फॉर एक्शन) पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में आयोजित हुई। रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ ने 13 जनवरी, 2023 को एनईपी 2020- रिसर्च फॉर रिसर्जेंस (फ्रेमवर्क फॉर एक्शन) पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला ब्लेंडेड मोड में आयोजन किया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ. आशीष देवलिया, प्रशासनिक अधिकारी,आईसीएसएसआर ने एनईपी और इसकी व्यावहारिक प्रयोज्यता के बारे में बहुत गहराई से बात की। उन्होंने एनईपी के विभिन्न मापदंडों और पिछली शैक्षिक नीतियों से इसके अलग होने के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने समकालीन समय में शिक्षा 4.0 की अवधारणा और इसके अनुसार एनईपी को कैसे डिजाइन किया गया है, इस पर भी विस्तार से बताया। उन्होंने शोध को आगे बढ़ाने, आईसीएसएसआर द्वारा प्रदान किए गए अनुसंधान के अवसर, सरकार द्वारा विस्तृत वित्त पोषण, प्रस्ताव कैसे लिखा जाए, थीसिस, शोध का प्रकाशन इत्यादि के बारे में व्यावहारिक दृष्टिकोण प्रदान किया।

## धनखड़ की चिन्ता

### जन-प्रतिनिधियों का व्यवहार

**उप-राष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को जयपुर में सदन अध्यक्षों के 83वें अखिल भारतीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए देश में विधि-निर्माताओं के व्यवहार पर चिन्ता प्रकट की। उन्होंने उचित ही संकेत किया कि जनता के प्रतिनिधियों को नियमों का पालन करना चाहिए तथा सदन की गरिमा बनाए रखनी चाहिए। इन जन-प्रतिनिधियों में लोकसभा व राज्यसभा के सांसद तथा विधानसभाओं व विधान परिषदों के सदस्य शामिल हैं। उन्होंने पूछा कि आखिर संविधान व नियमों की शपथ लेने वाले एमएलए, एमएलसी व एमपी नियमों का धड़ल्ले से उल्लंघन करते हैं और गरिमा को हवा में उड़ा देते हैं। दुर्भाग्य है कि अनेक राजनीतिक पार्टियां इस महत्वपूर्ण सवाल का जवाब देने में दिलचस्पी नहीं दिखाती हैं। जगदीप धनखड़ ने आयोजन में उपस्थित विधि-निर्माताओं को याद दिलाया कि संविधान सभा के 11 सत्र लगभग तीन साल में हुए, उनमें कुछ सर्वाधिक महत्वपूर्ण व संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा हुई, लेकिन सत्र में बाधा आने या व्यवधान की एक भी घटना नहीं हुई। उन्होंने कहा कि संविधान सभा के निर्णयों में संवाद, चर्चा और बहसों का मुख्य स्थान था। धनखड़ के विचार हमारे राजनेता वर्ग को समय पर दी गई चेतावनी है जिससे राष्ट्र तथा स्वयं राजनेताओं को लाभ होगा जो पुराने नेताओं का अनुसरण करने के बजाय केवल उनकी 'पूजा' करने में विश्वास करते हैं। हालांकि, उस युग के महान लोगों, जैसे महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल व बी. आर. अंबेडकर का अनुसरण करना कठिन है, पर हमारे राजनेताओं को इसका प्रयास जरूर करना चाहिए।

उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का यह कहना भी सही है कि न्यायपालिका,




कार्यपालिका तथा विधायिका को अपने संबंधित क्षेत्रों तक सीमित रखते हुए निष्ठा व गरिमा के सर्वोच्च मानक स्थापित करने चाहिए। निश्चित रूप से यह स्वस्थ लोकतंत्र की एक जरूरी शर्त है। लेकिन उन्होंने संसद की सर्वोच्चता पर जो बातें कहीं, उनसे अनेक लोग सहमत नहीं हैं। धनखड़ का विश्वास है कि संसद को संविधान में संशोधन का संपूर्ण अधिकार प्राप्त है और वह 'किसी अन्य अधिकारी के आधीन नहीं है।' हालांकि, अनेक राजनीतिक विश्लेषक इससे सहमत नहीं हैं तथा इसे 'मूल संरचना' सिद्धान्त के खिलाफ मानते हैं। 1973 में केशवानंद भारती मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने यह सिद्धान्त प्रतिपादित करते हुए जोर दिया था कि संसद को संविधान में संशोधन का अधिकार है, पर वह संविधान की मूल संरचना नहीं बदल सकती है। जगदीप धनखड़ की तरह पहले भी अनेक राजनीतिक विश्लेषक संसद की शक्तियों बनाम संविधान की मूल संरचना बहस पर अपने विचार रख चुके हैं। इसलिए जगदीप धनखड़ के विचारों को केवल इसलिए खारिज करना या उनकी आलोचना करना किसी प्रकार उचित नहीं है कि वे देश के उप-राष्ट्रपति हैं। विडंबना है कि एक समय सारे संवैधानिक प्राविधानों, नियमों, कानूनों व मर्यादा की धज्जियां उड़ा कर आपातकाल थोपने वाली कांग्रेस के नेता आज धनखड़ पर निशाना लगा रहे हैं। संविधान निर्माता डा. अंबेडकर ने स्वयं भी विधि-निर्माताओं व कानूनविदों के बीच कोई विरोधाभास पैदा होने पर विधि-निर्माताओं को श्रेष्ठ माना था। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा था कि किसी समय निर्वाचित सदस्यों में कुछ गलत लोग आ सकते हैं, लेकिन हम अदालतों में उच्च पदों पर बैठे लोगों पर कैसे विश्वास कर सकते हैं जिनको जनता नहीं चुनती है? विधि-निर्माताओं के व्यवहार पर धनखड़ की चिन्ता स्वाभाविक है और उस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। संसद की सर्वोच्चता पर धनखड़ की टिप्पणी को गलत ढंग से पेश कर उसे न्यायपालिका से टकराव के रूप में देखना किसी प्रकार भी सही नहीं है।

# प्रवासी भारतीयों की महत्वपूर्ण भूमिका

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रवासी भारतीयों को अभूतपूर्व सम्मान दिया है। भारतीय संस्थानों के दरवाजे हमेशा प्रवासी भारतीयों के लिए खुले हैं जो 'अमृत काल' में हमारे समान साझीदार होंगे।**



**सुमित भसीन**
(लेखक, पब्लिक पालिसी रिसर्च सेंटर के निदेशक हैं)



भारतीय मूल के तीन करोड़ से अधिक लोग या प्रवासी भारतीय दुनिया के सभी हिस्सों में रह रहे हैं। इनमें से कुछ विशाल वैश्विक तकनीक कंपनियों का नेतृत्व कर रहे हैं। वे दुनिया भर की अनेक प्रयोगशालाओं के मस्तिष्क हैं जो मानवजाति के समक्ष आई समस्याओं का समाधान खोज रही हैं। प्रवासी भारतीय अपने निवास वाले देशों के लिए भी महत्वपूर्ण संपत्ति हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने सबसे पहले प्रवासी भारतीयों के बारे में विचार किया था। 'प्रवासी भारत' अवधारणा का विकास उन्होंने ही किया था। प्रवासी भारतीयों से विचार-विमर्श का 17वां सत्र भारत के सबसे स्वच्छ शहर, मध्य प्रदेश के इंदौर में हुआ। इसमें भारतीय मूल के 3,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। 9 जनवरी, 1915 को महात्मा गांधी ब्रिटिश शासन के खिलाफ देश के संघर्ष में सेवा के लिए भारत वापस लौटे थे। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रवासी भारतीयों को सर्वोच्च सम्मान देते हुए घोषणा की थी कि 9 जनवरी को 'प्रवासी भारत दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। प्रवासी भारत दिवस के 17वें संस्करण की थीम 'अमृत काल में अनिवासी भारतीय विश्वसनीय साझीदार' थी। अगले 25 साल भारत के भविष्य का निर्धारण करेंगे और उस समय देश भारतीय स्वतंत्रता की शताब्दी मनाएगा। महात्मा गांधी तथा हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के लिए यह उपयुक्त श्रद्धांजलि होगी कि हम भारत की प्राचीन शताब्दियों में गरिमा को याद करें जो वह मुगलों व अंग्रेजों द्वारा देश की संपदा लूटने से पहले था।

आयोजन में 70 देशों से आए 3,500 सहभागी प्रवासी भारतीय भारत द्वारा हाल के वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में की गई उल्लेखनीय प्रगति से बहुत प्रसन्न थे। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने जो दृष्टिकोण प्रवासी भारतीयों के समक्ष रखा था आज वह भारतीय मूल के लोगों के समक्ष पूरी तरह साकार हो रहा है। अब भारतीय पासपोर्ट महान सम्मान की चीज है। दुनिया ने भारतीय पासपोर्ट की शक्ति देखी है। पिछले दशकों में प्रवासी भारतीयों को प्रख्यात फिल्म स्टार मनोज कुमार की यह बताने के लिए जरूरत पड़ी थी कि भारत क्या है। उनका गाना 'मैं भारत का हूं, भारत की बात सुनाता हूं' बहुत लोकप्रिय हुआ था। अब भारतीय पासपोर्ट देखते ही दुनिया भर के लोगों को भारत की उपलब्धियों का पता चल जाता है। प्रवासी भारतीयों को अब पाकिस्तानी मूल के लोगों के साथ नहीं रखा जाता है। यहां तक कि यूएई जैसे मुस्लिम देशों में पाकिस्तानी नागरिक भी स्वयं को भारतीय बताते हैं। इसका कारण यह है कि प्रवासी भारतीयों ने अपने निवास वाले देशों में अपनी उल्लेखनीय छाप छोड़ी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रवासी भारतीयों व भारतीय मूल के लोगों के लिए स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा छोड़े दृष्टिकोण से भलीभांति परिचित थे। इसी कारण अपनी हर विदेश यात्रा में प्रधानमंत्री मोदी प्रवासी भारतीयों से मिलने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद पिछले साढ़े आठ साल में प्रवासी भारतीय भारतीय यात्रा का हिस्सा बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में रहने वाले लोगों तथा विदेशों में रहने वाले भारतीयों के बीच कोई अंतर नहीं किया है। उन्होंने प्रवासी भारतीयों के समक्ष देश की उपलब्धियों का विस्तृत विवरण हमेशा पेश किया है। इस प्रकार उन्होंने प्रवासी भारतीयों के हितों के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दिखाई है।

प्रवासी भारतीय भी अपने मूल देश से गहराई से जुड़े रहते हैं। वे कभी अपनी जड़ें नहीं छोड़ते हैं। उनकी अपने देश से जुड़ाव की भावना बहुत गहरी है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, आयुर्वेद, भारतीय शास्त्रीय संगीव व नृत्य, भारतीय इतिहास तथा अनेक अन्य मामलों में प्रवासी भारतीयों की सहभागिता उल्लेखनीय रही है। प्रवासी भारतीयों ने दिखा दिया है कि उनका इस देश में विश्वास है। उनके द्वारा देश में भेजे जाने वाले पैसे की तुलना अब हार साल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश से की जाती है। अर्थव्यवस्था की प्रगति में इसके योगदान की तुलना किसी अन्य चीज से नहीं की जा सकती है।

अब होली, दीपावली व छठ अंतरराष्ट्रीय त्योहार हो गए हैं। अमेरिका के व्हाइट हाउस में भी दीपावली व होली मनाई जाती है। दुनिया की राजधानियों की सबसे ऊंची इमारतों में भारतीय त्योहार मनाए जाते हैं। भारत का स्वतंत्रता दिवस भी अब सारी दुनिया में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने उचित ही प्रवासी भारतीयों को 'राष्ट्रदूत' कहा है। उन्होंने उचित ही प्रवासी भारतीयों की प्रशंसा करते हुए कहा है कि वे अपने निवास वाले देशों के शांतिपूर्ण व अनुशासित नागरिक हैं। यह निश्चित रूप से प्रवासी भारतीयों को परिभाषित करने वाला गुण है। वे अपने निवास वाले देशों को अपने कौशल व संस्कृति से समृद्ध बनाते हैं। हाल ही में जर्मनी और आस्ट्रेलिया ने भारत के साथ कौशल विकास तथा भारत से प्रशिक्षित श्रमशक्ति का प्रवास आसान बनाने का समझौता किया है। भारत व कुछ देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं जिनमें यूएई, आस्ट्रेलिया, आसियान, आदि शामिल हैं। इसके साथ ही यूरोपीय संघ, ब्रिटेन व अमेरिका के साथ ऐसे समझौतों पर विचार हो रहा है जिन्होंने प्रवास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने सुनिश्चित किया है कि विकसित दुनिया को भारत की प्रशिक्षित श्रमशक्ति का लाभ मिले। वास्तव में विकसित दुनिया को आज वृद्धावस्था 'प्रकोप' का सामना करना पड़ रहा है। वृद्ध जनसंख्या की बहुलता के कारण उनकी अर्थव्यवस्थायें भारतीय श्रमशक्ति पर अत्यधिक निर्भर हो रही हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था भी बदल रही है, वह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रही है। कुछ सालों में वह यह उपलब्धि भी प्राप्त कर लेगी। प्रवासी भारतीय अर्थव्यवस्था के तेज विकास में प्रमुख भूमिका अदा करेंगे जो 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था से 2047 तक 50 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बन जाएगी। इसके लिए तेजी से कौशल विकास की जरूरत होगी। प्रवासी भारतीय पहले ही भारत में कौशल विकास तथा तकनीक साझे में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं, लेकिन इसे और बढ़ाने की आवश्यकता है।

प्रवासी भारतीयों के एक वर्ग का भारतीय संस्थानों, जैसे आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी, आदि से गहरा जुड़ाव है। उनमें से कुछ इन संस्थानों से अपने संपर्क बढ़ा रहे हैं। लेकिन उनमें से बहुत लोगों को तय करना है कि वे प्रयोगशालाओं में छात्रों के संरक्षक की भूमिका निभाएं तथा स्टार्टअप में युवा उद्यमियों के साथ अपना ज्ञान साझा करें। उनके कौशल से 'मेक इन इंडिया, मेक फार वर्ड' मिशन को भारी सफलता मिलेगी।

वैश्विक महामारी-पश्चात युग में वैश्विक सप्लाई श्रृंखला में व्यापक परिवर्तन आ रहे हैं क्योंकि कुछ प्रमुख सप्लायर पुनर्संगठन की प्रक्रिया में हैं। भारत ने वैश्विक महामारी के समय दिखा दिया है कि संकट के समय यह देश दुनिया का विश्वसनीय साझीदार होता है। वैश्विक सप्लाई श्रृंखला में भारतीय सहभागिता कभी बाधित नहीं हुई, हालांकि देश में थोड़े समय के लिए राष्ट्रीय स्तर पर लाकडाउन लगाना पड़ा था। संबंधित भारतीय संस्थान अनिवासी भारतीयों के लिए सुदूर मताधिकार पर विचार कर रहे हैं। भारत सरकार ने सुनिश्चित किया है कि प्रवासी भारतीयों का देश में उन सभी देशों में स्वागत किया जाए जहां वे जाना चाहें। भारत ने प्रवासी भारतीयों के लिए यात्रा सुगम बनाने का काम किया है। भारतीय संस्थानों के दरवाजे प्रवासी भारतीयों के लिए हमेशा खुले हैं। वे 'अमृत काल' में भारत के समान साझीदार हैं। भारत के अगले 25 साल प्रवासी भारतीयों के लिए भी अत्यधिक महत्वपूर्ण होंगे और यह युग उनका भी होगा।

# यथार्थ की कसौटी पर भारत जोड़ो यात्रा

**विवेक गुमास्ते**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा धीरे-धीरे जनता का ध्यान आकर्षित कर रही है, यहां तक कि इसने सम्मान की एक डिग्री भी हासिल की है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की मशहूर हस्तियां गांधी परिवार में शामिल हुई हैं। लेकिन इसके जंबोरी मूल्य से दूर, इस को इसकी प्रासंगिकता और इसके द्वारा प्रदान की जाने वाली उम्मीद के लिए निष्पक्ष रूप से विश्लेषण करने की आवश्यकता है।

क्या यह राजनीतिक सत्ता हासिल करने के इरादे से एक और राजनीतिक सर्कस है? या यह प्यार और एकता का एक ईमानदार संदेश है? और यदि ऐसा है, तो क्या कांग्रेस को यूटोपिया देने का वादा किया जा सकता है?

कांग्रेस के ट्रैक रिकॉर्ड का वास्तव में वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन निराशाजनक और डरावना भी है, यह समीचीन अवसरवाद और संदिग्ध नैतिकता की तस्वीर को प्रकट करता है। धर्मनिरपेक्षता का यह बिल्ला, जिसका यह दिखावा करती है, अक्सर अधिकार की भावना, सत्ता के लिए एक अतृप्त प्यास, और अपने नेताओं की मौत का बदला लेने के लिए बड़े पैमाने पर हत्याओं को माफ करने वाले विकृत अभिमान से टकराया है।

1984 का सिख विरोधी नरसंहार कांग्रेस पार्टी की दोहरी बातों का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। सख्ती से कहा जाए तो यह एक जनसंहार था, जिसे इस तरह की सांप्रदायिक हिंसा को परिभाषित करने वाले हर मानदंड से मान्य किया गया था। इसे हिंदू-सिख दंगा कहना गुमराह करना है। कांग्रेस पार्टी ने विशेष रूप से 3000 से अधिक सिखों के एकतरफा, संगठित नरसंहार को उकसाया, योजना बनाई और उसे अंजाम दिया।

नानावटी आयोग ने कांग्रेस की संलिप्तता की पुष्टि की : 'जिस तरह से सिखों को व्यवस्थित तरीके से मारा गया, वह इंगित करता है कि उन पर हमले सुनियोजित थे। जो भी कार्य किए गए, वे स्थानीय कांग्रेस (आई) के नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए थे, और ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने अपने व्यक्तिगत राजनीतिक कारणों से ऐसा किया है...।' (नानावटी रिपोर्ट, भाग-4)। सेना को तैनात करने में जानबूझ कर की गई देरी और राजीव गांधी का प्रसिद्ध बयान, 'जब एक बड़ा पेड़ गिरता है, तो धरती हिलती है', कांग्रेस पार्टी की असंवेदनशीलता के और सबूत हैं। एक मौजूदा पीएम ने इन अत्याचारों को सही ठहराने के लिए चुना है, यह अक्षम्य है।



एक और कम प्रसिद्ध नरसंहार में भी कांग्रेस का हाथ है। नाथूराम गोडसे (एक ब्राह्मण) द्वारा महात्मा गांधी की हत्या के बाद, महाराष्ट्र हिंसा से हिल गया था, जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ब्राह्मणों के घरों में आग लगा दी थी और ब्राह्मणों की हत्या कर दी थी। हालांकि कोई आधिकारिक आंकड़े नहीं हैं, कुछ का दावा है कि हजारों ब्राह्मणों ने अपनी जान गंवाई। इतिहासकार विक्रम संपत ने हाल ही में एक साक्षात्कार में हमारे इतिहास के इस दबे हुए हिस्से का उल्लेख किया है। वे कहते हैं- 'सावरकर : इकोस फ्रॉम ए फॉरगॉटन पास्ट' लिखते समय, कई लोग, जिनके पूर्वजों ने तबाही देखी थी या इससे प्रभावित थे, अपनी कहानियों को साझा करने के लिए आगे आए। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि कांग्रेस के कई पदाधिकारियों ने नरसंहार में भाग लिया था।

आजादी के बाद कांग्रेस पार्टी की वोट बैंक की राजनीति ने असम में अवैध आप्रवासन को बढ़ावा दिया, जिससे स्थानीय अशांति, असंतोष और एक खतरनाक अस्थिरता पैदा हुई जिसने असम छात्र आंदोलन को गति दी। लगभग 6 वर्षों (1979-1985) के लिए पूर्वोत्तर दैनिक विरोध प्रदर्शनों और भ्रातृघातक हिंसा के अकल्पनीय कृत्यों से पीड़ित रहा। 2020 में सीएए-एनआरसी का व्यापक विरोध, जिसका कांग्रेस ने समर्थन किया, अनिवार्य रूप से अवैध आप्रवासन के लाभ को सुरक्षित रखने और असम के विभाजन को बनाए रखने का एक प्रयास था ताकि राजनीतिक हित प्रबल हो सकें।

नरेंद्र मोदी के निरंकुश और अलोकतांत्रिक आचरण के बारे में शंकाएं तथ्य से अधिक काल्पनिक हैं। 2002 में, जब गुजरात दंगों से निपटने के लिए उनकी भारी आलोचना हुई, तो उन्होंने समय से पहले इस्तीफा दे दिया और जनता से विश्वास मत मांगा जो एक उत्कृष्ट लोकतांत्रिक भाव है।

भाजपा ने हमेशा हर समय लोकतांत्रिक सिद्धांतों का पालन किया है। 1999 के अंत में, 13 महीने के सफल कार्यकाल के बाद, राजनीतिक दलों के पुनर्गठन के परिणामस्वरूप भाजपा को विश्वास मत हासिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। भाजपा एक कांग्रेस सदस्य (गिरिधर गमांग) द्वारा डाले गए एक संदिग्ध वोट से हार गई, जो राज्य विधानमंडल के लिए चुने जाने के बाद लोकसभा का सदस्य नहीं रह गया था। फिर भी, अटल बिहारी वाजपेयी (तत्कालीन भाजपा पीएम) ने लोकतंत्र के व्यापक हित में तुरंत इस्तीफा दे दिया। 1975 में जो हुआ उससे इसकी तुलना करें : जब इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इंदिरा गांधी के चुनाव को अमान्य कर दिया, तो उन्होंने लोकतंत्र को निलंबित करने और आपातकाल लागू करने का विकल्प चुना, हमारे लोकतंत्र का सबसे काला दौर स्वतंत्रता के बाद से भारत आज पहले से कहीं अधिक एकजुट है, कश्मीर और भारत के बीच कोई प्रतीकात्मक बाधा नहीं है, 1980 के दशक की उथल-पुथल के विपरीत असम में स्थिरता है। और भारी संख्या में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन (किसान आंदोलन, सीएए आंदोलन) इस बात का पर्याप्त प्रमाण है कि मोदी शासन के तहत लोकतंत्र जीवित है और परिलक्षित हो रहा है।

नफरत के भंवर से घिरे एक विभाजित राष्ट्र की अवधारणा एक भ्रम है और कुछ नहीं, सड़क पर हिंसक विरोध प्रदर्शनों द्वारा चतुराई से रचा गया एक भूत, आम तौर पर सड़क पर होने वाले अपराधों को घृणा से संबंधित के रूप में प्रस्तुत करना और अल्पसंख्यकों के अचेतन व्यामोह को भड़काना। यह नकारात्मकतावादियों के विकृत दिमागों तक सीमित कल्पना की उपज मात्र है।

## आप की बात

### अनर्गल व्याख्या

**बिहार** के शिक्षा मंत्री प्रोफ़ेसर चंद्रशेखर ने रामचरित मानस को लेकर अनर्गल जातिगत बयान देकर बेवजह का विवाद खड़ा कर दिया है, जो कि ठीक नहीं है। रामचरितमानस हर व्यक्ति को मर्यादा सिखाता है किन्तु उस पर स्वार्थपूर्ण राजनीति करते हुए शिक्षामंत्री ने अधजल गगरी छलकत जाए जैसा बयान देकर ज्ञान की मर्यादा ही लांघ ली। बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय जायसवाल ने भी उनके आधे-अधूरे ज्ञान से सम्प्रदाय विशेष में फूट डालने जैसे बयान की निंदा करते हुए उन्हें पद से हटाने की मुख्यमंत्री से मांग भी कर ली है। साथ ही शिक्षामंत्री को चौपाई का भावार्थ समझाकर उन्हें सही आयना भी दिखाया है।रामचरित मानस हिन्दुओं की आस्था का एक धार्मिक ग्रन्थ है। उसके बारे में अनर्गल टिप्पणी राजनीतिक स्वार्थ के चलते ठीक नहीं है। राजनेता भले ही धर्म की राजनीति करें पर किसी भी धर्म के धर्मावलम्बियों की भावना को ठेस पहुंचे ऐसी बयानबाजी करने से वे दूर ही रहें और देशहित में आपसी सद्भाव बनाये। रामचरित मानस जैसे महाकाव्य की अनेक प्रकार से व्याख्या हो सकती है, पर उसका प्रयोग समाज को अच्छे मार्ग पर आगे बढ़ाने के लिए होना चाहिए, संकुचित राजनीति के लिए नहीं। अनर्गल व्याख्या अनुचित है।

**महेश नेनावा,** इंदौर

### वायु प्रदूषण

**हवा** को प्रदूषित करने वाले पदार्थ और वस्तु न जलाएं। ठंड के मौसम में कई शहरों में स्वच्छ हवा नहीं मिलने से पेट्रोल-डीजल चलित वाहनों को प्रतिवर्ष प्रतिबंधित किये जाने के बावजूद वायु प्रदूषण की समस्या यथावत है, क्योंकि प्रतिवर्ष वाहन की संख्या बढ़ने के साथ ठंड में अलाव में लकड़ी के अलावा अन्य ऐसे पदार्थ और वस्तुएं भी जलाई जाती है, जो वायु को प्रदूषित करते हैं। प्रदूषित हवा से विभिन्न प्रकार से तन, मन और मस्तिष्क को रोगी बना रही है। कोयला और हीटर भी घरों में आक्सीजन को कम करते हैं और एसी के प्रभाव भी अच्छे नहीं हो सकते। सरकार ने इस संबंध में विभिन्न शहरों पर छः हजार करोड़ रुपए खर्च कर दिए, किंतु नतीजा अपेक्षानुरूप नहीं मिल सका। केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड 2019 से लगा हुआ है, किंतु पर्याप्त अधिकार ना होने से कोई कठोर कार्रवाई नहीं कर सकता है। अच्छा हो कि अन्य प्रदूषणों पर नियंत्रण से पूर्व वायु प्रदूषण रोकने को प्राथमिकता दी जाय। अन्यथा यह गंभीर समस्या के रूप में विकसित होगा। हमें जल और वायु शुद्ध मिल नहीं रहे हैं फिर भी पेड़ कटना, जंगल खत्म होना और पहाड़ों की खोदाई बंद नहीं हो पा रही है।

**बी एल शर्मा,** उज्जैन

### संवेदनहीन समाज

**अक्सर** देखा गया है कि अगर कहीं देश में किसी तरह का कोई अपराध या दुर्घटना होती है तब उस समय वहां आम जनता की भूमिका संवेदनहीन होना दुखद ही कहा जा सकता है। जब से मोबाइल का चलन शुरू हुआ है तब से देखा गया है कि घटना रोकने के बजाय आम जनता जिस तरह से घटनाक्रम को मोबाइल में कैद करने लगती है उसे तो हम कदापि अच्छा नहीं कहेंगे। दुर्घटना हो या कोई मारपीट का दृश्य या कोई हत्या, आत्महत्या की बात या फिर कहीं आग लगी हो जनता जिस तरह से संवेदनहीन होकर खड़ी होकर देखती रहती है यह बेहद दुखद है कारण ऐसे समय के दृश्यों का मोबाइल से फिल्म बनाना कहीं से भी उचित नहीं है इससे न केवल अपराधियों के हौसले बढ़ते हैं बल्कि उसे भागने का भी अवसर मिल जाता है जबकि दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को बचाने से उसकी जान भी बच सकती है या फिर तुरंत मदद करने से पुलिस द्वारा अपराधी पकड़ा भी जा सकता है। यह संवेदनहीन व्यवहार हिंदुस्तान की संस्कृति के खिलाफ है। अतः जनता को अपना व्यवहार बदलने का प्रयास करना चाहिए।

**मनमोहन राजावत,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**हिंदू** समाज में हालिया आक्रामकता एक हजार साल की गुलामी के कारण पैदा हुई है। युद्धरत लोगों की आक्रामकता स्वाभाविक है।

– **मोहन भागवत**
आरएसएस प्रमुख



**पिछले** सप्ताह 11,000 लोग मरे। लेकिन चीन द्वारा कोविड-19 मौतों की सही संख्या न बताने के कारण यह अनुमान कम है।

– **टेड्रोस गैब्रेसियस**
डब्लूएचओ प्रमुख



**हम** घृणा व हिंसा के खिलाफ तथा सत्य, सद्भावना व अहिंसा के पक्ष में संघर्ष कर रहे हैं।

– **मल्लिार्जुन खड़गे**
कांग्रेस अध्यक्ष

# धन कमाने व बदलाव लाने के लिए यूपी आएं उद्योगपति: शर्मा

## प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने दिल्ली में आयोजित रोड-शो में उद्यमियों को यूपी में निवेश के लिए आमंत्रित किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलीयन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लिए अधिक से अधिक निवेश लाने के लिए राज्य के वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों का दल आज नई दिल्ली में रोड-शो आयोजित कर उद्यमियों को प्रदेश में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। प्रदेश में 10-12 फरवरी 2023 के बीच लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश-विदेश के अधिक से अधिक उद्योगपति, निवेशक प्रतिभाग करें, इसके लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार घरेलू और विदेशी निवेशकों से सम्पर्क कर रही है और उन्हें प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित कर रही है।

इसके पहले दिसम्बर माह में 16 देशों के 21 शहरों में गये प्रतिनिधिमंडल ने 7.12 करोड़ रूपए का निवेश प्रस्ताव प्राप्त किया था। देश के भी 9 बड़े शहरों में घरेलू उद्योग को आकर्षित करने के लिए रोड-शो आयोजित किए जा रहे हैं। अभी मुम्बई और चेन्नई में सफलतापूर्वक रोड-शो आयोजित किए जा चुके हैं।

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने दिल्ली में आयोजित रोड-शो में प्रतिभाग कर दिल्ली के दि ओबराय होटल में उद्यमियों और केन्द्र सरकार के व्यवसायिक विभागों के अधिकारियों के साथ बिजनेस टू गवर्नमेंट की बैठक में उद्यमियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश नए भारत का नया प्रदेश बन रहा है। वर्ष 2017 के पहले प्रदेश की स्थिति गुड गवर्नेंस की नहीं थी, जिससे उत्तर प्रदेश बीमारू और गरीब राज्य के रूप में जाना जाता था। अब प्रदेश में कानून व्यवस्था, इन्फ्रास्ट्रक्चर बेहतर होने से उत्तर प्रदेश देश का मोस्ट इम्प्रूव्ड स्टेट की श्रेणी में आ गया है जो कि उद्योगपतियों और निवेशकों के लिए बेहतर है। उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों को अगर धन कमाना है और जीवन में आगे बढ़ना है तो उत्तर प्रदेश में आएं।

शर्मा ने कहा कि दिल्ली और एनसीआर उत्तर प्रदेश के गेट-वे हैं। इसीलिए हम यहां पर मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश के पांच वरिष्ठ मंत्रियों के साथ निवेशकों का स्वागत करने आए हैं। निवेश के लिए अब उत्तर प्रदेश की बारी है। उत्तर प्रदेश में बहुत समय से एक अच्छी सरकार का अभाव था, जिसकी भरपाई योगी सरकार के बनने के बाद हो गई है और आप सब ने भी यह स्वीकार किया है कि अब यूपी बदल रहा है। उन्होंने कहा कि यह रोड.शो नहीं है बल्कि उत्तर प्रदेश सरकार का फ्लैगमार्च है। उन्होंने सभी को नववर्ष, लोहड़ी और मकर संक्रान्ति की शुभकामनाएं दीं।

## भारत का गेट वे बनने जा रहा है उत्तर प्रदेश: नंदी

**रोड** शो में उद्यमियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी ने उद्योगपतियों व उद्यमियों से कहा कि नए भारत का नया उत्तर प्रदेश आपके स्वागत के लिए तैयार है। यूपी भारत की तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था वाला राज्य है। जहां किसी भी उद्योग के विकास के लिए सीमित नहीं, बल्कि असीमित संभावनाएं हैं। पूरे देश में एक्सप्रेसवे का 37.60 प्रतिशत एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश में है। एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट जेवर में बन रहा है। मंत्री नंदी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारत का गेट वे बनने जा रहा है। पिछले साढ़े 5 साल में आए निवेश से साफ है कि देश-विदेश के कारोबारियों के लिए यूपी बेस्ट डेस्टिनेशन साबित हुआ है। सभी का विश्वास उत्तर प्रदेश पर बढ़ा है। उत्तर प्रदेश में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। देश की अर्थव्यवस्था में उत्तर प्रदेश का बहुत बड़ा योगदान है। नंदी ने कहा कि निवेशकों और उद्यमियों की सुविधा के लिए इंडस्ट्री पॉलिसी को काफी बेहतर बनाया गया है।

**रोड शो में ये प्रमुख कंपनियां व औद्योगिक घराने हुए शामिल**

नोएडा पावर कारपोरेशन लिमिटेड, सिपला लिमिटेड, रेडिसन होटल, टाटा ग्रुप, केआरएस नेटवर्क, जैक्सन ग्रुप, ओयो इंडिया, सीमेंट कैसिस ग्रुप, वनेशा कॉस्मेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड, अनमोल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, डीआर ऑटो इंडस्ट्रीज, आरईसी लिमिटेड, रोजेट रिजॉर्ट एंड होटल्स, पुलस्त्य इंडस्ट्रियल पार्क, अवादा, वरुण बेवरेजेज, एनबीसीसी, एयर लिक्विड इंडिया, हिंदुस्तान सिरिंग्स एंड मेडिकल डिवाइसेज लिमिटेड, पॉली मेडिकेयर लिमिटेड, पेपफ्यूल, मैक्स वेंचर्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, डालमिया भारत, जेके सीमेंट लिमिटेड, भारत फोर्ज, जेके बिल्डिंग, एसटीटी ग्लोबल डाटा सेंटर, ब्रह्मोस, डीसीएम श्रीराम लिमिटेड, बोस्टन साइंटिफिक, कलर जेट, हिन्द टर्मिनल, डिक्सन टेक्नोलॉजी, सहजानंद मेडिकल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, गेल लिमिटेड, आनंदा ग्रुप, महान मिल्क फूड, सोम ग्रुप, आरबीएमएल, व्लोतबेको, द लीला पैलेस, इज माई ट्रिप, कृभको, यारा फर्टिलाइजर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जुबिलैंट ग्रुप, अंबराने, बोट, सूर्या फूड्स, लोहिया ऑटो, कबीरा मोबिलिटी, बीएफपीएल

## राज्यपाल ने दी मकर संक्रांति पर बधाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदेश एवं देशवासियों को मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। अपने बधाई संदेश में उन्होंने कहा कि उत्तरायण सूर्य देव सभी के जीवन में नई ऊर्जा और नए उत्साह का संचार करें और प्रत्येक देशवासी को प्यार, सद्भाव और स्नेह के बंधन में बांधने के साथ.साथ सभी के लिए खुशी और समृद्धि लाएं।

## सपा अध्यक्ष ने लोहिड़ी, बिहू, पोगल व मकर संक्रान्ति पर्व पर दी बधाई

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोहिड़ी, बिहू, पोंगल और मकर संक्रान्ति पर्व पर बधाई देते हुए सभी देशवासियों के सुखसमृद्धि की कामना की है। यादव ने कहा कि ये पर्व सामूहिक रूप से परस्पर सहयोग और सौहार्द के साथ मनाए जाते हैं। लोहिड़ी खेतों से निकल कर घर के आंगन में सुख.समृद्धि बिखेरने वाला त्योहार है। मकर संक्रान्ति पर्व भी इसी तरह धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक चेतना को पुष्ट करता है। इस पर्व से कृषि जीवन की तमाम उम्मीदें एवं खुशियां भी जुड़ी हैं।

### सपा प्रतिनिधिमंडल कल जाएगा चंदौली

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का 6 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 15 जनवरी को जनपद चन्दौली जाएगा। चन्दौली के विधान सभा क्षेत्र मुगलसराय में सिलेंडर फटने से दो गरीब परिवार के लोगों की मृत्यु हो गई। मृतक परिवारों को आर्थिक सहायता के रूप में माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा दी गई चेक मृतक राजन पाल की पत्नी नीलम पाल तथा मृतक चन्द्रभान कुमार की पत्नी सीमा को पहुंचाई जाएगी। सपा के प्रतिनिधिमंडल में प्रभुनारायण सिंह यादव विधायक, रामकिशुन यादव पूर्व सांसद, सत्य नारायण राजभर निवर्तमान जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी, चन्द्रशेखर यादव पूर्व प्रत्याशी विधान सभा, परवेज अहमद निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी तथा नफीस अहमद निवर्तमान जिला महासचिव समाजवादी पार्टी शामिल हैं।

## फिरोजाबाद महोत्सव का आयोजन 27 जनवरी से पांच फरवरी तक

● आयोजन के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, शिल्प मेला, युवा महोत्सव सहित विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनियां भी लगायी जाएंगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जनपदों** के महोत्सव तथा स्थापना दिवस के आयोजन के क्रम में फिरोजाबाद की स्थापना तिथि पांच फरवरी के अवसर पर 27 जनवरी से 5 फरवरी तक 10 दिवसीय फिरोजाबाद महोत्सव का आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस सम्बंध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद फिरोजाबाद द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन का प्रस्ताव किया गया है।

राज्य पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस 10 दिवसीय आयोजन के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, शिल्प मेला, युवा महोत्सव सहित विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनियां भी लगायी जाएंगी। इन गतिविधियों से जनपद के पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही विभिन्न आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ निवेश आकर्षित करने में भी आसानी होगी। उन्होंने बताया कि जनपद फिरोजाबाद का गौरवशाली इतिहास है। इस महोत्सव के माध्यम से इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने का प्रयास किया जाएगा। जयवीर सिंह ने बताया कि इस आयोजन के दौरान जनपद की गौरवशाली विरासत, इतिहास तथा विकास यात्रा एवं स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान से भी भावी पीढ़ी को परिचित कराने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही धार्मिक, पुरातात्विक, ऐतिहासिक एवं पर्यटन की दृष्टि से विख्यात स्थलों की भी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जनपद फिरोजाबाद द्वारा विकास यात्रा के दौरान तय किए गए विभिभ्न सोपानों की भी आम जनता को जानकारी मिलेगी। जयवीर सिंह ने बताया कि फिरोजाबाद महोत्सव-2023 को पूरी गरिमा एवं भव्यता के साथ आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन को सभी व्यवस्थाएं तथा सुरक्षा आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

## देवरिया में आज होगा मिलेट्स आधारित खिचड़ी भोज

● कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही होंगे कार्यक्रम में शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** सरकार उत्तर प्रदेश में मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान के साथ-साथ बीजों की उपलब्धता तथा मिलेट्स को अपनी दिनचर्या में शामिल करने एवं खाद्य प्रसंस्करण करने का प्रयास कर रही है। इसके तहत जनपद देवरिया में एक दिवसीय जोनल मोटा अनाज संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में मोटे अनाज से संबंधित विभिन्न संस्थाओं द्वारा स्टाल एवं एफपीओ द्वारा अपने उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसी उपलक्ष्य में कृषि मंत्री द्वारा 14 दिसंबर को मकर संकान्ति के अवसर पर मिलेट्स आधारित खिचड़ी भोज का भी आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम विकास खंड पथरदेवा के ग्राम पकहा में आयोजित किया जा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया है ताकि दुनियाभर में इन पोषित अनाजों की खेती बढ़ाई जा सके। यह अनाज एक छोटे सीमित जोत एवं शुष्क क्षेत्रों वाले किसानों के लिए उपयुक्त फसलें हैं मिलेट्स के अन्तर्गत ज्वार, बाजरा, कुटकी, काकुन, रामदाना, सांवा, रागी, कोदों कुट्ठ चेना एवं अन्य फसलें आती हैं। इनके नियमित प्रयोग से मानव बीमारी यथा-थायराइड, बीपी, शर्करा रोग आदि रोगो के प्रभाव को कम करने में सहायक सिद्ध हुई हैं। उत्तर प्रदेश में कुल 40 लाख हेक्टेयर ऐसी भूमि है जहां पर इनकी खेती की जा सकती है विशेष तौर से शुष्क एवं ऊबड़-खाबड़ भूमि में भी इन मोटे अनाजों की खेती की जाती रही है। कृषि मंत्री द्वारा इसको बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद देवरिया से जन जागरण अभियान प्रारम्भ कर प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी इसको बढ़ावा दिया जाएगा।

## वेस्ट यूपी में 31 जनवरी व ईस्ट में 28 फरवरी तक की जाएगी धान खरीद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 31 जनवरी 2023 एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश में 28 फरवरी 2023 तक धान की खरीद की जाएगी। इस वर्ष धान कामन का समर्थन मूल्य 2040 रुपए प्रति कुंतल एवं धान ग्रेड-ए का समर्थन मूल्य 2060 रुपए प्रति कुंतल की निर्धारित दर से खरीद की जा रही है।

उन्होंने बताया कि धान खरीद वर्ष 2022-23 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत प्रदेश में 70 मीट्रिक टन क्रय लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 52.81 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद 8.42 लाख किसानों से हुई है। जो कि लक्ष्य का लगभग 76 प्रतिशत है। क्रय धान के सापेक्ष 9034.248 करोड़ रुपए का भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में प्रेषित कराया गया है।



खाद्य आयुक्त ने बताया कि प्रदेश में खाद्य एवं रसद विभाग की विपणन शाखा, पीसीएफ , पीसीयू, यूपीएसएस, यूपीएसएफसी, मण्डी परिषद, उत्तर प्रदेश एवं भारतीय खाद्य निगम द्वारा 4431 क्रय केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि खरीद केन्द्रों पर किसानों को कोई असुविधा न हो इसका पूरा-पूरा ध्यान रखकर खरीद की जा रही है। किसान किसी भी सहायता के लिए टोल फ्री नम्बर 18001800150 या सम्बन्धित पद के जिला खाद्य विपणन अधिकारी, तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या ब्लॉक से सम्पर्क कर सकते है।

## बिजली दरों में बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव के पीछे भाजपा का भ्रष्टाचार: संजय सिंह

● आप सांसद ने भाजपा की वादा खिलाफी के विरोध में की 23 फरवरी को धरना-प्रदर्शन करने की घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बिजली** दरों में 23 प्रतिशत की होने वाली बढ़ोतरी पर आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह योगी सरकार पर खूब बरसे। पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के चलते बिजली की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी होने वाली है। देश में कोयले का उत्पादन 30 प्रतिशत बढ़ा है। भारत सरकार अपने करीबी मित्र अडानी को लाभ देने का काम कर रही है। हिंदुस्तान में होने वाले कोयले की जगह विदेशी कोयले का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में सस्ती बिजली और किसानों को मुफ्त बिजली देने का वादा किया था लेकिन अब योगी सरकार उत्तर प्रदेश कि जनता को सबसे महंगी बिजली देने का काम कर रही है। भाजपा के इस वादा खिलाफी के विरोध में आम आदमी पार्टी चेतावनी धरना देगी।

आपा नेता ने बिजली के मामले पर संजय सिंह ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा कि किसानों को मुफ्त बिजली देना तो बहुत दूर की बात है भाजपा ने बिजली के दाम 18 से 23 प्रतिशत तक बढ़ाने की मांग की है जिसमें विभिन्न वर्गों के लिए विभिन्न प्रतिशत तय किए गए हैं। सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा द्वारा तय किए गए नियामक के अनुसार गरीबी रेखा के नीचे आने वाले लोगों के लिए 17 प्रतिशत बिजली दर बढ़ाया जाएगा। कमर्शियल कनेक्शन लेने वालों के लिए 10 प्रतिशत बिजली के दाम बढाए जायेंगे तथा किसानों के लिए 10 से 12 प्रतिशत बिजली के दाम में वृद्धि की जाएगी। इसी तरह उद्योगों में 16 प्रतिशत तक बिजली के दाम बढ़ाए जाएंगे एवं सबसे ज्यादा 23 प्रतिशत तक घरेलू लोगों के लिए बिजली के दाम बढ़ाए जाएंगे। बिजली की इस अव्यवस्था एवं दामों में वृद्धि करने के पीछे सांसद संजय सिंह ने स्पष्ट रूप से भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह भाजपा का भ्रष्टाचार है जो उनकी नीयत को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी जवाब दें कि उत्तर प्रदेश में कितनी नई इकाइयां लगाई गई है, कितने नए पावर प्लांट का निर्माण किया गया है।

संजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बिजली की इस दुर्दशा के पीछे सीधा कारण यह है कि भाजपा के मंत्री और अधिकारी निजी कंपनियों से बिजली लेकर जो बंदरबांट कर रहे हैं तो अगर वह सही से कार्य करने लगेंगे तब इस अधिकृत चोरी पर अंकुश लग जाएगा। संजय सिंह ने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश से बिजली कंपनियों ने उपभोक्ताओं से 25133 करोड़ रूपया ज्यादा वसूल किया है। संजय सिंह ने कहा कि 23 जनवरी को आम आदमी पार्टी भाजपा द्वारा किए गए झूठे वादों के खिलाफ लखनऊ में धरना प्रदर्शन करेगी। जिसको 'चेतावनी धरना' कहा जाएगा। इस धरने में इस मांग को भी रखा जाएगा कि उत्तर प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं से जो 25133 करोड़ रुपया अधिक वसूला गया है वह पुन: उनको लौटाया जाए या बिजली के दामों को कम करके उनको एडजस्ट किया जाए।

सांसद सिंह ने कहा कि इसके बाद 27 जनवरी को उत्तर प्रदेश में आम आदमी पार्टी की जितनी भी जिला इकाइयां हैं सभी जगह धरना प्रदर्शन किया जाएगा और अपनी मांगों को लेकर सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगाए ठीक इसी तरह 1 फरवरी को सभी नगर क्षेत्रों के वार्डों के अंदर आप पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मिलकर अभियान चलाएंगे कि बिजली के बढ़े हुए दामों को वापस लिया जाए।

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के नाम पर खर्च किए जा रहे पैसों का हिसाब दे सरकार: खाबरी

● प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, कांग्रेस इस मुद्दे को जनता के बीच ले जाएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के नाम पर खर्च किए गए पैसों का सरकार को हिसाब देना चाहिए। खाबरी ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पूर्व उत्तर प्रदेश में भाजपा के शासन काल में तीन इन्वेस्टर समिट हुई। जिसमें लगभग 5 लाख करोड़ का इन्वेस्टमेंट उत्तर प्रदेश में होना था मगर व धरातल पर नहीं उतरी। अगर उतरी होती तो उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी के आंकड़े इतने भयावह और चिंतित करने वाले ना होते। बेरोजगार युवाओं का पलायन रुका होता मगर ऐसा नहीं हो रहा है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस बार-बार सरकार से पूर्व में किए गए इन्वेस्टमेंट समिट का विस्तृत लेखा-जोखा जनता के पटल पर रखने के लिए मांग रही है। मगर तानाशाही सरकार इसे देने को तैयार नहीं। जनता के टैक्स के पैसे से की जाने वाली समिट से पूर्व इन्वेस्टमेंट लाने के नाम पर मंत्री, विधायक और अफसर देश के विभिन्न कोने और विदेश का दौरा करते हैं और पर्यटन लाभ लेते हैं एवं इस खर्च का ब्योरा विपक्ष और जनता के समक्ष नहीं रखा जाता है।

खाबरी ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भी सरकार कुछ ऐसा ही कर रही है। खाबरी ने सरकार से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के नाम पर खर्च किए जा रहे पैसे का हिसाब मांगा है। उनका मानना है कि इन्वेस्टर समिट जनता के टैक्स के पैसे से की जा रही है जिसका हिसाब जनता को मिलना ही चाहिए। अगर सरकार हिसाब नहीं देती है तो कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को जनता के बीच ले जाएगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कराए जाने के बजाय अगर नोटबंदी और गुरु नानक में बंद हुए लघु उद्योगों की मदद की जाती तो वह उत्तर प्रदेश और प्रदेश के युवाओं के लिए ज्यादा लाभकारी एवं रोजगारपरक होती। मगर उत्तर प्रदेश सरकार का उत्तर प्रदेश के विकास और युवाओं के रोजगार के बजाय आने वाले चुनाव पर ज्यादा ध्यान रहता है।

## कारागार विभाग के कर्मचारियों को भी वर्दी व रैंक बैज प्रदान करने का फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** सरकार ने कारागार विभाग के कार्यकलापों में गुणात्मक सुधार एवं कार्य संस्कृति में बदलाव तथा कार्मिकों के मनोबल को बढ़ाने के लिए लिपिकीय संवर्ग के कार्मिकों को यथा प्रशासनिक संवर्ग के अधिकारी, कर्मचारियों, जेल वार्डर, डिप्टी जेलर, जेलर एवं अधीक्षक के अनुरूप विभागीय वर्दी एवं रैंक बैजेज दिये जाने का निर्णय लिया है।

उल्लेखनीय है कि लिपिकीय संवर्ग के कार्मिकों द्वारा जेल वार्डर, डिप्टी जेलर, जेलर एवं अधीक्षक की भांति विभागीय वर्दी एवं रैंक बैजेज देने की मांग लम्बे समय से की जा रही थी। प्रदेश के कारागार एवं होमगार्ड्स राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने बताया कि कनिष्ठ सहायक वर्दी (परिवीक्षा अवधि में), वरिष्ठ सहायक वर्दी पर पीली धातु का एक स्टार, प्रधान सहायक/आशुलिपिक ग्रेड-3 वर्दी पर पीली धातु का दो स्टार, प्रशासनिक अधिकारी/वैयक्तिक सहायक ग्रेड-2 वर्दी पर पीली धातु का तीन स्टार एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी/वैयक्तिक सहायक ग्रेड-1 के वर्दी पर सफेद धातु के तीन स्टार का निर्धारिण किया गया है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से राज्य सरकार के कोष पर कोई वित्तीय भार नहीं आएगा।

## यूपी विधानसभा अध्यक्ष ने किया समितियों की बैठकों का उद्घाटन

**लखनऊ।** विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शुक्रवार को विधान भवन के सभा कक्ष में आचार, संसदीय शोध संदर्भ एवं अध्ययन समितियों की बैठकों का उद्घाटन किया। महाना ने इस मौके पर कहा कि विधायिका लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। हम सबको मिलकर इसकी गरिमा को और बढ़ाना है। विधायिका में समितियों का बड़ा योगदान होता है। इन समितियों के माध्यम से विधायिका को और ताकतवर बनाया जा सकता है। इसलिए हम सबको मिलकर इन समितियों को और मजबूत करने का काम करना चाहिए। जनता का काम करने से ही हमारा सम्मान होगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के स्तंभों में अक्सर विधायिका को ही सवालों के घेरे में रहना पड़ता है। समाज में फैली इस धारणा को हम सबको मिलकर बदलने की जरूरत है। इसके लिए समितियों के सदस्यों को मिल जुलकर काम करना होगा।

## नौ लापरवाह जिला आबकारी अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब

### आबकारी मंत्री ने जोनवार प्राप्त राजस्व व प्रवर्तन कार्रवाई सहित कई बिन्दुओं पर की समीक्षा

● अवैध शराब के निर्माण पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के आबकारी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने गन्ना संस्थान में विभागीय अधिकारियों के साथ माह दिसम्बर 2022 तक के कार्य-कलापों के साथ ही माह दिसम्बर तक विभाग द्वारा जोनवार प्राप्त किए गए राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति, प्रवर्तन कार्रवाई सहित कई बिन्दुओं पर समीक्षा की।

आबकारी मंत्री ने समीक्षा के दौरान कहा कि राजस्व प्राप्ति के मामले में जिन जनपदों की स्थिति पिछले कई महीनों से खराब चल रही है, उन जनपदों के जिला आबकारी अधिकारी कार्य में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करें अन्यथा उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनपद इटावा, औरैया व फिरोजाबाद की लगातार खराब स्थिति को देखते हुए इन जनपदों के जिला आबकारी अधिकारी के विरुद्ध



स्पष्टीकरण प्राप्त कर तत्काल विभागीय कार्रवाई के निर्देश के साथ ही छह जनपदों, सम्भल, कानपुर नगर, कानपुर देहात, आजमगढ़, मुजफ्फरनगर तथा मैनपुरी के जिला आबकारी अधिकारियों को भी स्पष्टीकरण के निर्देश दिए।

उन्होंने कानपुर, अयोध्या, मुरादाबाद, सहारनपुर झांसी मंडल के उप आबकारी आयुक्त को निर्धारित अवधि में लक्ष्य न प्राप्त करने पर जवाब तलब करने के निर्देश दिए और सभी अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति न करने तथा लापरवाही बरतने पर दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। आबकारी मंत्री ने विभाग द्वारा किए गए प्रवर्तन कार्य की समीक्षा करते हुए प्रवर्तन कार्य में विभाग के अधिकारियों के अच्छे प्रदर्शन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन कार्य में इस बात का खास तौर से ध्यान रखा जाए कि किसी भी दशा में जहरीली शराब की बिक्री न हो और न ही किसी अप्रिय स्थिति या मृत्यु की कोई घटना संज्ञान में आए। अग्रवाल ने प्रवर्तन कार्य को और कारगर बनाए जाने, अवैध मदिरा के उत्पादन पर पूरी तरह से अंकुश लगाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं। समीक्षा बैठकर के दौरान अपर मुख्य सचिव आबकारी संजय आर. भूसरेड्डी ने सभी विभागीय अधिकारी एक टीम के रूप में सक्रिय होकर कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही और उदासीनता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी जनपदीय अधिकारी नियमित रूप से दुकानों का निरीक्षण करें जिससे कि अवैध शराब व अन्य अवैध कार्यों पर तत्काल रोक लगाई जा सके। भूसरेड्डी ने राजस्व अर्जन की अद्यतन जानकारी देते हुए बताया कि माह दिसम्बर 2022 तक विभाग द्वारा 3147.93 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया गया है, जो गतवर्ष भी इसी अवधि में प्राप्त राजस्व 3122.02 करोड़ की तुलना में 25.91 करोड अधिक है। इस प्रकार राज्य सरकार को गतवर्ष के सापेक्ष इसी अवधि में लगभग 0.83 प्रतिशत अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आबकारी विभाग के अंतर्गत निर्धारित की गई राजस्व प्राप्तियां को निर्धारित समय से प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

## प्रदेश के सात जनपदों में स्थापित होंगे सौर ऊर्जा उत्पादन केंद

● 33 लाख उपभोक्ताओं को वाट्सएप से मिल रहीं बिजली संबंधी सुविधाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पावर** कारपोरेशन ने कुसुम योजना के तहत 7 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन की परियोजनाओं पर पावर परचेज एग्रीमेंट किया है। इसके तहत बिजनौर, हाथरस, महोबा, जालौन देवरिया तथा लखनऊ में सौर ऊर्जा उत्पादन केन्द्र निजी विकासकर्ताओं द्वारा स्थापित किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम. देवराज ने बताया है कि बिजनौर के ग्राम विलासपुर में 1.5 मेगावाट, हाथरस के ग्राम मौहारी में आधा मेगावाट, महोबा के ग्राम देवगांव में एक मेगावाट, जालौन के ग्राम खुक्सिस में एक मेगावाट, देवरिया के ग्राम बरियारपुर में एक मेगावाट तथा लखनऊ के ग्राम परसेनी में 2 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन केन्द्र स्थापित किए जाएंगे।

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन बिजली उपभोक्ताओं को वाट्सएप मैसेज के माध्यम से वेद्युत बिल एवं समस्याओं के समाधान की सुविधा पहुंचा रहा है। इस समय प्रदेश में नगभग 3 करोड़ 30 लाख विद्युत उपभोक्ता है। जिसमें 33 लाख उपभोक्ताओं ने मैसेज आधारित सुविधा का लाभ लेने की सहमति दी है। एम देवराज ने सभी उपभोक्ताओं तक इस सुविधा का लाभ पहुंचाने के लिए एक अभियान चलाने के निर्देश दिए। शक्ति भवन में आयोजित बैठक में उन्होंने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं से यह अपील भी की है कि पावर कारपोरेशन द्वारा दी जा रही इस सुविधा का लाभ उठाकर विद्युत बिल एवं अन्य समस्याओं का ऑनलाइन निराकरण कराए। उन्होंने बताया कि प्रदेश के लगभग 33 लाख उपभोक्ता इस सुविधा का लाभ ले रहे हैं । इसके लिए उपभोक्ताओं को अपनी सहमति देनी पड़ती है।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 14 जनवरी 2023



# व्यवसायी के ठिकानों पर आयकर का छापा

- आयकर विभाग के डिप्टी कमिश्नर आलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में चल रही कार्रवाई
- व्यवसायी सरताज अहमद का किवाम देश भर में होता है सप्लाई

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर** के बिसवां में पिछले करीब 36 घंटों से आयकर और जीएसटी अधिकारियों की छापामार कार्रवाई से जिले के व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है। हालांकि देश भर में ऐसी छापामार कार्रवाइयां चल रही हैं। गुरूवार को सुबह दस बजे एक दर्जन से अधिक गाड़ियों पर सवार अधिकारियों ने एक साथ बिसवां के प्रतिष्ठित किवाम व्यवसाई सरताज अहमद के तीन ठिकानों- जहांगीराबाद रोड स्थित आवास, ग्राम रामाभारी और कमियांपुर स्थित फैक्टरी पर छापा मारना शुरू किया जो शुक्रवार देर रात तक जारी रहा। काफी देर तक किसी को समझ में नहीं आया कि छापामार कार्रवाई करने वाले अधिकारी किस विभाग के हैं। काफी देर बाद पता चला कि प्रदेश स्तर के आयकर और जीएसटी विभाग के अधिकारियों की टीम ने यह धावा बोला है। आयकर विभाग के डिप्टी कमिश्नर आलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में यह छापामार कार्रवाई की जा रही है। हालांकि इस टीम की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी भी तैनात कर दिए गए हैं। व्यवसायी के तीनों ठिकानों पर किसी को भी आने-जाने की इजाजत नहीं दी जा रही है। मीडिया को भी अंदर जाने से मना कर दिया गया है, और तो और छापे की कोई भी जानकारी मीडिया कर्मियों को नही दी जा रही है। आयकर और जीएसटी विभाग के जिले के अधिकारी भी इस छापामार कार्रवाई को लेकर कुछ भी नहीं बता रहे हैं। 36 घंटे से जमे अधिकारी स्थानीय होटल से खाना मंगाकर खा रहे हैं। यही नहीं, टेंट से रजाई गद्दा भी मंगाए जाने की सूचना आ रही है। आयकर विभाग और जीएसटी अधिकारियों की 36 घंटे की छापामार कार्रवाई में क्या कुछ निकल कर आया, अभी यह सामने नहीं आया है। सरताज अहमद कस्बे के काफी प्रतिष्ठित व सामाजिक होने के साथ-साथ लोगों की मदद करने में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। इनके दादा स्व. अजीज अहमद ने किवाम का व्यवसाय काफी समय पहले शुरू किया था। उनके इंतेकाल के बाद सरताज अहमद के पिता सिराज अहमद और चाचा फजल अहमद तथा कमर अहमद ने इसे आगे बढ़ाया। व्यवसाय को बुलंदियों तक पहुंचाने का काम स्व. सिराज अहमद ने किया, जिसे अब सरताज और उनके भाई शहनवाज चला रहे हैं। इन दोनों भाईयों के अलावा सरताज के दो भाई, डा.मेराज अहमद और डा. शहनशाह हैं , जो परिवार के समाजसेवी होने की परंपरा लोगों की चिकित्सीय सेवा कर निर्वहन कर रहे है। बिसवां के सिराज अहमद का किवाम देश की कई बड़ी पान मसाला और तंबाकू कंपनियों में सप्लाई होता है।

## ख्वाजा के जायरीन का सिटी स्टेशन पर रहेगा पड़ाव

**बरेली।** अजमेर शरीफकी विश्व विख्यात दरगाह ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेरी का 811 वा उर्स-ए-ख्वाजा शुरू होने जा रहा है। जिसमें शिरकत के लिए देश-विदेश के लाखों जायरीन अजमेर शरीफ हाजिरी देने पहुँचने शुरू हो गए है। इसी कड़ी में नेपाल समेत मुल्क भर से जिसमे मुख्य रूप से आसाम, गुजरात,बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, महाराष्ट्र, वेस्ट बंगाल,दिल्ली, उत्तराखंड के अलावा उत्तरप्रदेश के जिलों से जायरीन-ए-ख्वाजा रेल या सड़क मार्ग द्वारा बरेली में दरगाह आला हजरत पर हाजिरी देने पहुँचते है। रात-दिन अकीदतमंदों का दरगाह पर हाजिरी देने के लिए तांता लगा रहता है।मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि जायरीन की सहूलियत के लिए दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की ओर से टीटीएस जिला प्रशासन के सहयोग से एक शिविर सिटी स्टेशन के सामने लगाया जाता है। जिसमे टीटीएस के वालिंटियर रात-दिन जायरीन की खिदमत में मौजूद रहते है। उर्स की तैयारियों के संबद्ध में आज एक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी नगर की अध्यक्षता में दरगाह प्रमुख हजरत सुब्हानी मियां की ओर से गए प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई।

## राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने उत्तरायणी मेले का किया उदघाटन



**बरेली।** बरेली क्लब मैदान में उत्तरायणी जनकल्याण समिति द्वारा दिवसीय उत्तरायणी मेला का प्रारंभ हो गया है। मेले का उद्घाटन करने महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी बरेली क्लब मैदान पहुंचे उन्होंने दोपहर में फीता काटकर उत्तरायणी जन कल्याण समिति मेला का शुभारंभ किया। प्रात: 10 बजे से रंग यात्रा के साथ शुरू की गई उत्तरायणी मेला की रंग यात्रा को कोतवाली के सामने से कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अनेकता में एकता के रंग समेटे बच्चों और दूरदराज गांवों से आए कलाकार छोलिया टीम के साथ यह रंगयात्रा नवलती चौराहा , पटेल चौक , चौकी चौराह , सर्किट हाउस शहर के बीचों बीच होते हुए बरेली क्लब मेला ग्राउंड पहुंची। मेले का उद्घाटन महामहिम राज्यपाल महाराष्ट्र सरकार भगत सिंह कोश्यारी ने किया । पिथौरागढ़ की छोलिया टीम मेला ग्राउंड पर पहुची। और मेला ग्राउंड पर ही शाम को ढोल नगारो एवम मशकबीन से शुरुवात करके मिनी उत्तराखंड बसा दिया । स्टाल धारकों ने मेला मैदान में स्टाल लगाए। स्कूल और उत्तराखंड से आई टीमों ने संस्कृत कार्यक्रम का आयोजन किया। उत्तरायणी मेले में अध्यक्ष प्रमोद सिंह बिष्ट व महामंत्री दिनेश चन्द्र पन्त ने विशेष सहयोग के लिये कोषाध्यक्ष देवेन्द्र मनराल, पी0सी पाठक, देवेन्द्र जोशी, भवानी दत्त जोशी, डॉ मनोज काण्डपाल, आदि का सहयोग रहा।

## क्विक न्यूज

### तीन बदमाश कार समेत गिरफ्तार

**बरेली।** जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में हुई फायरिंग में 3 लोगों के मारे जाने के बाद पुलिस ने 3 आरोपियों को कार समेत गिरफ्तार कर लिया फरीदपुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव में 11 जनवरी को दो पक्षों में हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत के बाद पुलिस ने 12 जनवरी गुरुवार को हत्या में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस ने इनके कब्जे से अवैध हथियार और कार भी बरामद की। गोविंदपुर गांव तीन थानों का बार्डर है। यहां गैंगवार को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है । एसएसपी के आदेशानुसार घटना में शामिल अपराधियों की लगातार तलाश की जा रही थी पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार से तीन अभियुक्तों, अभिषेक पुत्र राधेश्याम निवासी गौतमपुरी थाना उझानी जनपद बदायूं, लुकमान हुसैन पुत्र रही मोहम्मद निवासी कछला पखिया थाना उझानी जनपद बदायूं और मुनेंद्र पुत्र फूल सिंह निवासी निजामपुर थाना उझानी जिला को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि सुरेश प्रधान उन्हें उझानी से यह कह कर लाया था कि हमारी जमीन पर सरदार परमवीर सिंह ने कब्जा कर रखा है और उस पर फसल खड़ी है। यदि तुम सब मिलकर गन्ने की फसल को मुझे दिलवा तो हम फसल बेचकर जो भी पैसा मिलेगा उसको आपस बांट लेंगे। जिससे वह लालच में आकर सुरेश प्रधान व उनके लड़कों के साथ आकर खेत में काम कर रहे सरदारों को भगाने लगे । इस बीच काम कर रहे सरदारों ने विरोध किया । जिसके कारण हम लोगों ने लाठी-डंडे मारा व तंमचों से फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान तीन लोगों की मौत हो गई। गिरफ्तार बदमाशों ने कहा कि हम लोगों ने लालच में आकर गलती की है। एसएसपी अखिलेश चौरसिया ने बताया कि मुख्य आरोपी सुरेश प्रधान अभी फरार है । उसे और उसके साथियों को भी जल्द पकड़कर जेल भेजा जाएगा ।

### 15 हजार का इनामी शातिर अपराधी गिरफ्तार

**बरेली** । लंबे समय से फरार चल रहे 15 हजार के इनामी बदमाश को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा । बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव मंडनपुर निवासी 53 वर्षीय इशरत अली पुत्र मोहम्मद अली खा को पुलिस ने आज बहेड़ी थाना क्षेत्र में वन विभाग चौराहा पर गिरफ्तार कर लिया । पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किया गया इशरत एक शातिर अपराधी है और उस पर अलग-अलग थानों में आधा दर्जन मुकदमे गंभीर धाराओं में दर्ज है । उस पर गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जा चुकी है । लेकिन वह लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस उसे गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही थी । आज उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा।

### कवच योजना के तहत चला जन जागरुकता अभियान



**लखीमपुर-खीरी।** थाना तिकुनियां क्षेत्र में कवच योजना के तहत भारत नेपाल सीमा पर लगी एसएसबी व एनजीओ और बॉर्डर के ग्राम इंद्र नगर दाराबोझी गंगानगर रननगर के गावो मे जाकर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक/नोडल अधिकारी के पर्यवेक्षण में एएचटीयू में नियुक्त प्रभारी निरीक्षक जैनेंद्र कुमार, कांस्टेबल राजेश कुमार, महिला आरक्षी नीरज गिल, महिला आरक्षी सीमा सिंह चौहान,थाना तिकुनिया से कांस्टेबल संजीव कुमार हरिकेश सिंह महिला कांस्टेबल तारा देवी चाइल्ड लाइन जिला समन्वयक अधिकारी संतोष कुमार राजवंशी मानव सेवा संस्थान अवधेश कुमार,ओमकार कश्यप, अंजलि निषाद, रंजीत कौर,अवधेश शुक्ला, रजविंदर सिंह, बृजेंद्र सिंह की सयुक्त टीम द्वारा बाल श्रम बाल भिक्षावृत्ति व मानव तस्करी बचपन बचाओ अभियान बाल विवाह इंडो नेपाल सीमा पर बसे गांव इंद्र नगर, गंगानगर, रननगर, दाराबोझी के गांव में तथा बॉर्डर पर लगे एसएसबीके बीओपी पर लगे जवानों से और भारत नेपाल के एनजीओ से संपर्क सूत्र आदान वार्ता कर दूरभाष का आदान प्रदान व जन जागरूकता अभियान चलाया गया।

# ढोल नगाड़े के बीच मनाया गया लोहड़ी पर्व

- लोहड़ी पर्व सुख समृद्धि और खुशियों का माना जाता है प्रतीक

संवाददाता। सीतापुर

**लोहड़ी** के पर्व में यूं तो समूचा देश डूबा नजर आया, लेकिन सीतापुर के प्रेमनगर में लोहड़ी पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। ढोल नगाड़े के बीच जश्न मना। कृषि और नेचर को समर्पित लोहड़ी पर्व मनाने के दौरान भगवान सूर्य और अग्नि देवता को अच्छी फसल की कटाई के लिए पर्व मनाने वालों ने धन्यवाद दिया।

यह पर्व सुख-समृद्धि और खुशियों का प्रतीक माना जाता है, इसीलिए सब कोई मिल-जुलकर काफी धूमधाम से इस पर्व को मनाते हैं। मान्यता यह भी है कि लोहड़ी पर्व के दिन दुल्ला भट्टी को याद किया जाता है। मुगलकाल में पंजाब प्रान्त में दुल्ला भट्टी नाम का एक शख्स रहता था जिसने पंजाब की लड़कियों की उस जमाने में रक्षा की थी, जब संदल बार में उन्हें अमीर सौदागरों के हाथों बेचा जा रहा था। उनसे लड़कियों को छुड़वाकर दुल्ली भट्टी ने उनकी शादी करवायी थी, तभी से दुल्ला भट्टी को नायक माना जाने लगा और हर साल दुल्ला भट्टी की याद में लोहड़ी पर्व मनाकर उनकी कथाओं को सुनाया जाने लगा।

# कोविड दृष्टिगत एमसीएच विंग में कर्मचारियों का प्रशिक्षण हुआ पूर्ण

- 130 कर्मचारियों को किया गया प्रशिक्षित

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**मातृ** एवं शिशु चिकित्सालय ओयल में चल रहा कर्मचारियों का कोविड से बचाव एवं मरीजों की देखभाल का प्रशिक्षण शुक्रवार को पूरा हो गया। 4 दिनों में चार अलग-अलग बैचों में प्रयोगात्मक प्रदर्शन एवं आडियो विजुअल द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एमसीएच विंग और जिला पुरुष चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ है।

मातृ एवं शिशु चिकित्सालय मोतीपुर ओयल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसी श्रीवास्तव ने बताया कि कोरोना की संभावित लहर को देखते हुए इस प्रशिक्षण की आवश्यकता महसूस हुई थी। जिसके बाद एमसीएच विंग व जिला पुरुष चिकित्सालय की 75 स्टाफ नर्स, 38 वार्ड बॉय, 13 सफाई कर्मचारियों सहित 4 ओटी टेक्नीशियन को यह प्रशिक्षण दिया गया है। इस दौरान डॉ. एसके मिश्रा, डॉ. रवी मोहन गुप्ता, डॉ. शिखर बाजपेई एवं डा. एसी श्रीवास्तव द्वारा इन सभी को प्रशिक्षित किया गया है। इस दौरान मरीज की जांच से लेकर मरीज के प्राथमिक उपचार व गंभीर अवस्था में उपचार सहित आईसीयू में उपचार के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों सहित दवाओं को देने का सही तरीका, पीपीई किट पहनने और उतारने का सही तरीका, हाथों को सही तरीके से धुलने और कोविड-19 मरीज की देखभाल के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां और स्वयं को सुरक्षित रखने के मूल मंत्र सहित इस दौरान निकलने वाले वेस्टेज को उसके निर्धारित डस्टबिन में डालने के बारे में प्रशिक्षित किया गया है व सफाईकर्मियों को इस कचरे को सही तरीके से उठाकर और सुरक्षित स्थान तक ले जाने के साथ इसे नष्ट करने के भी मंत्र बताए गए। जिससे किसी भी दशा में संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। आवश्यकता पड़ने पर यह सभी प्रशिक्षित कर्मचारी हर तरह की परिस्थिति में कार्य करने के लिए अब मानसिक रूप से भी तैयार है, हालांकि उन्होंने यह भी बताया कि किसी को कोरोनावायरस ने डरने की आवश्यकता नहीं है। कोरोना के नियमों का पालन कर और कुछ सावधानियों को बरतकर इससे बचा जा सकता है।

# सीतापुर में रेडक्रॉस ने बार में डमी पर दिया प्रशिक्षण

- हार्ट अटैक से मौत रोकने के बताए गए उपाय
- रेडक्रास सोसायटी ने सीतापुर बार एसो. में वकीलों को किया प्रशिक्षित

संवाददाता। सीतापुर

**हार्ट अटैक** से मौत के बढ़ते आंकड़ें आम जनमानस को डरा रहे है। खासतौर पर हार्ट अटैक के शिकार लोगों में युवाओं की खासी तादात चिकित्साविदों में भी चिंता का कारण बन गई है। सीतापुर कचेहरी में एक बाबू और तीन वकीलों की हार्टअटैक से मौत ने झकझोर कर रख दिया है। हार्ट अटैक के मामलों में यह अक्सर देखा गया है कि डाक्टर तक पहुंचने से पहले ही लोगों की मृत्यु हो जा रही है। लेकिन यह बहुत कम लोग जानते होंगे कि हार्टअटैक पड़ने से मौत होने पर तत्काल ऐसा कर फिर से उसे जिंदा किया जा सकता है। इसी का डमी पर प्रदर्शन कर वकीलों को जागरूक और उन्हें प्रशिक्षित करने के लिए रेडक्रास सोसायटी ने बार एसोसिएशन सीतापुर में शुक्रवार को एक जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया। आग से जलने पर, सांप काट लेने पर, बिजली का करंट लगने पर, पानी में डूबने पर तत्काल क्या कर पीड़ित की जान बचाई जा सकती है। इसको भी रेडक्रास सोसायटी ने प्रदर्शन कर बताया। इस दौरान बार एसोसिएशन के तमाम अधिवक्ता गण मौजूद रहे। जागरूकता कार्यक्रम में रेडक्रास सोसायटी के सदस्य नवल किशोर, शादाब खां, हसनैन साजिद, अहसन रजा भी मौजूद रहे।

## युवा दिवस पर क्रास कन्ट्री रेस में दौड़ीं महिलाएं व पुरूष

- आजाद हिन्द भगत संगठन द्वारा आयोजित रेस का मेजर ध्यानचंद स्टेडियम से हुआ शुभारम्भ

संवाददाता। सीतापुर

कड़ाके की ठंड में सीतापुर की सड़कों का नजारा बदला हुआ नजर आया। सैकड़ों की संख्या में पुरूषों और महिलाओं ने दौड़ लगाई। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आजाद हिंद भगत संगठन द्वारा तृतीय क्रास कंट्री रेस का आयोजन किया गया। रेस का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ाधिकारी संजीव कुमार, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, जिला महामंत्री राजेश शुक्ला व विश्राम सागर राठौर द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। क्रास कंट्री रेस में महिला व पुरुष प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रेस के 6 विजयी प्रतिभागियों को उपहार देकर, पुरस्कृत किया गया। महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर रुचि श्रीवस्तव को उपहार स्वरूप गोल्ड मेडल व केटल, द्वितीय पर रोशनी को सिल्वर मेडल, तृतीय पर भावना को ब्रॉन्ज मेडल, चौथे पर अंजली राज, पांचवें स्थान पर अल्का राज व छठे पर शिवानी दीक्षित को उपहार देकर पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पर दिव्यांशु कुमार को उपहार स्वरूप गोल्ड मेडल व प्रेस, द्वितीय स्थान पाले वाले अभिषेक को सिल्वर मेडल, तृतीय स्थान पाने वाले शुभम श्रीवास्तव को ब्रॉन्ज मेडल, चौथे, पांचवें व छठे स्थान पर कब्जा जमाने वाले अंकित कुमार, अतुल कश्यप, व सचिन कुमार को भी उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का संगठन के पदाधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिवादन किया गया। इस अवसर पर खैराबाद ब्लॉक प्रमुख अजय विश्वकर्मा, भाजपा नेता संजय मिश्रा, जिला महामंत्री बीजेपी युवा मोर्चा अनूप विश्वकर्मा, व्यायाम शिक्षक राज शर्मा, सागर गुप्ता, कामेश शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे। रेस का अयोजन संगठन के क्रीड़ा संभाग के जिलाध्यक्ष मुकेश व जिला उपाध्यक्ष शीतांशु के देख रेख में सफल हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला मीडिया प्रभारी प्रभात व जिला प्रवक्ता रत्नेश द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजक मण्डल में संगठन के मंडल महामंत्री शरद हिन्दू, जिला संयोजक सत्यम, जिलाध्यक्ष वैभव हिन्दू, नगर अध्यक्ष प्रथम प्रशांत हिंदू, नगर अध्यक्ष द्वितीय ऋषभ हिंदू, जिला महामंत्री मयंक, जिला उपाध्यक्ष स्वप्निल , विकास, अनूप, जिला मंत्री शरद, रजत, जिला आईटी सेल प्रभारी अभिलाष, नगर इकाई से हर्षित, आनंद, ईशान, एकांश, देवांश, मनीष, पियूष, देवांश, आकाश, अग्निवेश, ऋषभ, वरुण, दीपक, प्रतीक, प्रांजल, दीपक गोलू, प्रखर आदि पदाधिकारी उपस्थिति रहे। संगठन के संस्थापक अभिमन्यु ने युवा दिवस के मौके पर आयोजित क्रॉस कंट्री रेस में जीते हुए खिलाड़ियों को बधाई दी व प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और अतिथियों का आभार ज्ञापित किया।

## खुले में मांस बिका तो होगी कार्रवाई: जावेद

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**उपजिलाधिकारी** पंकज श्रीवास्तव के आदेशानुसार खुले में मांस की बिक्री रोकने व दुकानों की सफाई-स्वच्छता को लेकर खाद्य सुरक्षा अधिकारी व पशु चिकित्स्क-कस्वा पुलिस ने सयुंक्त रुप से अभियान चला कर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दुकानों की साफ-सफाई, फूड लाइसेंस इत्यादि को लेकर चेकिंग की गई। बताते चले फूड सेफ्टी ऑफिसर जावेद अख्तर मय टीम पशु चिकित्सक व कस्वा पुलिस चौकी प्रभारी दीपक राठौर सहित कस्वे के देविस्थान, बबौरी मोहल्ला स्थित 12 मांस की दुकाने चेक की गई। जिनमें समी, मो. मिया, अफसर, इरफान, अजीम, अब्दुल, नवी अहमद, इरसाद, शकील, अफ्फान, शकूर, मुजीब की दुकानों पर पहुच कर निरीक्षण किया गया। दुकानदारों के पास फूड लाइसेंस मौजूद मिले। खाद्य सुरक्षा अधिकारी जावेद अख्तर ने बताया मिली खामियों को लेकर सुधार सूचना के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। अभियान में प्रमुख रूप से खाद्य निरीक्षक जावेद अख्तर, डॉ. मोहन सिंह (पशु चिकित्सक) व कस्वा प्रभारी दीपक राठौर मय टिम मौजूद रहे।

## नाले में गिरकर युवक की मौत

**बरेली** । शाम के समय घर से निकले युवक की लाश घर से दूर नाले में तैरती पाई गई । सुबह होने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव अभयराजपुर निवासी भूप राम के 28 वर्षीय बेटे सुनील कुमार की लाश आज सुबह पास के गांव कटैया स्थित नाले में तैरती पाई गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घर वालों ने बताया कि सुनील कुमार मजदूरी करके गुजारा चलाता था और कल शाम को बिना बताए घर से बाहर गया था । रात में जब वह घर वापस नहीं लौटा तो घर वालों ने उसे तलाशने की कोशिश की। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला सुबह होते ही वह फिर से उसे तलाशने में जुट गए । इसी दौरान कटैया गांव के लोगों ने नाले में तैरती हुई एक युवक की लाश देखी और घटना की जानकारी पुलिस को दे दी । कुछ देर बाद सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतक के घरवालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी।

## रेड क्रॉस सोसाइटी ने वितरित किया क्षय रोगियों को पोषण आहार

**बरेली।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को टीबी अस्पताल में रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा 30 क्षय रोगियों को गोद लेकर उनको पोषण आहार वितरित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बलबीर सिंह ने कहा कि टीबी उन्मूलन की हिस्सेदारी के लिए टीबी मरीजों को ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा गोद लिया जा सकता है। जो भी व्यक्ति टीबी मरीजों को गोद लेगा, उसे निक्षय मित्र कहा जाएगा। इन निक्षय मित्रों को टीबी मरीजों के पोषण की जिम्मेदारी दी गई है। जिले में वर्तमान में 4534 ऐसे टीबी रोगी हैं, जिन्हें निक्षय मित्र का इंतेजार है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ के के मिश्रा ने बताया कि जिले में वर्तमान में 8722 टीबी रोगियों का इलाज किया जा रहा है। इन मरीजों में से 7546 ने उन्हें गोद लिए जाने की इच्छा स्वास्थ्य विभाग के आगे जाहिर की है। इन मरीजों के पास टीबी के इलाज के दौरान पोषण सामग्री का अभाव है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कुल 3303 टीबी के मरीजों को ही गोद लिया गया है। 4243 मरीज अभी भी निक्षय मित्रों के इंतजार में हैं। जिससे उन्हें पौष्टिक आहार मिल सके। निक्षय मित्र एक या उससे अधिक टीबी के मरीज को कम से कम छह माह या एक साल के लिए गोद ले सकता है।

# पेज एक का शेष

## मानवता केंद्रित...

एक उत्कृष्ठता केंद्र के रूप में ग्लोबल साउथ सेंटर की स्थापना करेगा। उन्होंने कहा कि यह संस्थान हमारे देशों में विकास समाधान के लिए शोध करेगा जिसे वैश्विक दक्षिण के अन्य सदस्य देशों में बढ़ावा दिया जाएगा और लागू किया जाएगा।

## कंझावला मामले...

और चौकियों में ड्यूटी पर थे। विशेष आयुक्त शालिनी सिंह की अध्यक्षता वाली जांच समिति द्वारा एक रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद यह कार्रवाई की गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि रोहिणी जिले के उन 11 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है, जो इस घटना के समय मार्ग पर पीसीआर और पिकेट पर तैनात थे। अधिकारी ने बताया कि दो चौकियों में तैनात पांच और तीन पीसीआर वैन के छह कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इनमें दो उपनिरीक्षक, चार सहायक उपनिरीक्षक, चार हेड कांस्टेबल और एक कांस्टेबल शामिल हैं। मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया था कि गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस को पीसीआर वैन, जांच चौकी के पर्यवेक्षण अधिकारियों को अपना कर्तव्य निभाने में कथित तौर पर असफल रहने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने का भी निर्देश दिया है। उन्होंने कहा था कि उस रात ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। दिल्ली पुलिस को भी यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है कि जांच में कोई शिथिलता न हो और वे जांच की प्रगति के संबंध में गृह मंत्रालय को पाक्षिक रिपोर्ट सौंपे।

## नफरत फैलाने...

सनसनीखेज बनाते हैं। सरकार इसे कैसे नियंत्रित करेगी, इसका रास्ता निकाले। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है, लेकिन क्या दर्शक एजेंडा को समझ सकते हैं? एजेंडा तो किसी और की सेवा करना है। इसके अलावा चैनल के पीछे पैसा लगा है। मुद्दा यह भी है कि इनमें कौन पैसा लगाता है। जो पैसा लगाता है, वह अपनी मर्जी चलाएगा। न्यायालय ने अभद्र भाषा या नफरत को बढ़ावा देने या उसमें शामिल होने वाले समाचार एंकरों के लिए कड़े उपायों का भी सुझाव दिया है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे एंकरों पर यदि जुर्माना लगाया जाए, तो उन्हें पता चल जाएगा कि वे जो कुछ कर रहे हैं, इसकी उन्हें कीमत चुकानी पड़ सकती है। ऐसे एंकरों को प्रसारण से रोका भी जा सकता है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कहा कि वह घृणास्पद भाषणों से निपटने के लिए सीआरपीसी में व्यापक संशोधन करने की योजना बना रही है। केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) केएम नटराज ने कहा कि हम आपराधिक प्रक्रिया संहिता में एक अलग संशोधन पर विचार कर रहे हैं। यह भारत संघ का रुख है। खंडपीठ ने यह भी कहा कि टीवी चैनलों की स्व-नियामक संस्था एनबीएसए भी इस मामले में कुछ नहीं कर रही है।

## दोस्तों के...

हवाई अड्डा पुलिस थाने को दी गई। पुलिस ने बताया कि शिकायत मिलने पर संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस उपायुक्त (हवाई अड्डा) रवि कुमार सिंह ने कहा कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि जिस नंबर से कॉल आया था वह प्रकाश का था। इसके बाद प्रकाश को गिरफ्तार किया गया। सिंह ने बताया कि प्रकाश ने पूछताछ में बताया कि उसके बचपन के दोस्त राकेश तथा कुणाल सेहरावत हाल में मनाली गए थे और वहां उनकी दो महिलाओं से मित्रता हो गई। दोनों महिलाएं उड़ान संख्या एसजी-8938 से बृहस्पतिवार को पुणे जा रही थीं। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि प्रकाश के मित्रों ने उससे कहा कि वे अपनी मित्रों के साथ कुछ और वक्त बिताना चाहते हैं, साथ ही उन्होंने उड़ान में देरी कराने के लिए कोई योजना बनाने को कहा। सिंह ने कहा कि तीनों ने उड़ान रद्द कराने के लिए स्पाइसजेट एयरलाइंस के कॉल सेंटर में बम की फर्जी कॉल करने की योजना बनाई। प्रकाश ने कस्टमर केयर को फोन किया और कहा कि उड़ान संख्या एसजी-8938 में बम है।

## एयर इंडिया...

वह नहीं था। बैठने की व्यवस्था ऐसी थी कि कोई आरोप लगाने वाली महिला की सीट तक नहीं जा सकता था। वकील ने कहा कि महिला की सीट पर केवल पीछे से ही जाया जा सकता था और किसी भी हालत में पेशाब सीट के सामने वाले हिस्से तक नहीं पहुंच सकता था। साथ ही शिकायतकर्ता के पीछे बैठे यात्री ने भी ऐसी कोई शिकायत नहीं की। मिश्रा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश गुप्ता ने पुलिस और प्रेस पर मामले को मजाक में बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा पहली शिकायत घटना के एक दिन बाद की गई थी और उसमें पैसे लौटाने का दावा किया गया। एयरलाइन ने ऐसा किया। पुलिस और प्रेस ने इस मामले को मजाक में बदल दिया है। क्या यह मामला इतना बड़ा था, क्या यह हत्या का मामला था कि मेरे मुवक्किल को गिरफ्तार करने के लिए बैंगलोर पहुंचे और भगोड़ा कहा। उसे नौकरी से हटा दिया गया। आरोपी की नए सिरे से हिरासत के लिए तर्क देते हुए अभियोजन पक्ष ने अदालत से कहा कि घटनाओं के क्रम को स्थापित करने के लिए मिश्रा से पूछताछ की आवश्यकता है। हमें यह भी पता लगाने की जरूरत है कि क्या उसने विमान में चढ़ने से पहले कुछ और खाया था और कैसे खाया। वह कहां छिपा, वह (जांच) एजेंसी के सामने पेश क्यों नहीं हो रहा था, ऐसे सवालों के जवाब की जरूरत है। उसने अपना फोन बंद कर दिया था। कइ पहलुओं की जांच होगी लेकिन हम उस पर थर्ड डिग्री का इस्तेमाल नहीं करेंगे। न्यायाधीश ने कहा कि आप इन आधारों के साथ मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के पास वापस जा सकते हैं। ऐसा लगता है कि मेरे सामने जिन आधारों का आग्रह किया गया है, उन्हें मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया। यदि ये आधार मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट को नहीं बताए गए, तो इन आधारों पर कार्रवाई न करने में मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की कोई गलती नहीं है। अदालत ने कहा कि इसके अलावा भी, यदि अतिरिक्त तथ्य उठाए जाते हैं, तो मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन दायर किया जा सकता है।

## काशी से...

उत्तर प्रदेश और बिहार, असम में समर्पित की जा रही एक हजार करोड़ रुपये की अन्य परियोजनाएं पूर्वी भारत में पर्यटन और रोजगार की संभावनाओं को बढ़ावा देंगी। प्रत्येक भारतीय के जीवन में गंगा नदी की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित करते हुए, प्रधान मंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद की अवधि में बैंकों के आसपास का क्षेत्र विकास में पिछड़ गया, जिससे इस क्षेत्र से आबादी का भारी पलायन हुआ। प्रधानमंत्री ने इस दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति से निपटने के लिए दोहरे दृष्टिकोण की व्याख्या की। एक ओर नमामि गंगे के माध्यम से गंगा की सफाई का अभियान चलाया गया तो दूसरी ओर अर्थ गंगा का सहारा लिया गया। 'अर्थ गंगा' में जिन राज्यों से गंगा गुजरती है, वहां आर्थिक गतिशीलता का वातावरण बनाने के लिए कदम उठाए गए हैं। क्रूज की पहली यात्रा पर आए विदेशी पर्यटकों को सीधे संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत के पास सब कुछ है और आपकी कल्पना से परे भी बहुत कुछ है। उन्होंने आगे कहा कि भारत को केवल दिल से अनुभव किया जा सकता है क्योंकि देश ने क्षेत्र या धर्म, पंथ या देश के बावजूद सभी का खुले दिल से स्वागत किया है और दुनिया के सभी हिस्सों से पर्यटकों का स्वागत किया है। रिवर क्रूज के अनुभव पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि इसमें सभी के लिए कुछ न कुछ खास है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता चाहने वालों को काशी, बोधगया, विक्रमशिला, पटना साहिब और माजुली जैसे गंतव्यों को कवर किया जाएगा, एक बहुराष्ट्रीय क्रूज अनुभव की तलाश करने वाले पर्यटकों को बांग्लादेश में ढाका के माध्यम से जाने का अवसर मिलेगा, और जो भारत की प्राकृतिक विविधता को देखना चाहते हैं सुंदरबन और असम के जंगलों से होकर गुजरेगा। यह देखते हुए कि क्रूज 25 विभिन्न नदी धाराओं से होकर गुजरेगा, प्रधान मंत्री ने कहा कि इस क्रूज का उन लोगों के लिए महत्वपूर्ण महत्व है।

# चचेरी बहन के हत्यारे को अदालत ने सुनाई उम्र कैद

● वहशी ने हत्या के बाद छह टुकड़ों में फेंका था शव

● 2011 में हुए जघन्य हत्याकांड से मच गई थी सनसनी

संवाददाता। फतेहपुर



**वर्ष** 2011 में हुए फरहत फातिमा उर्फ जीनत हत्याकांड में सुनवाई करते हुए न्यायालय ने अभियुक्त इरफान उर्फ गुड्डू को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई। कोर्ट नंबर एक में सुनवाई करते हुए न्यायाधीश अखिलेश कुमार पांडेय ने अभियुक्त इरफान अहमद को जघन्य हत्याकांड का दोषी मानते हुए किसी तरह की राहत न देकर आजीवन कारावास की कठोर सजा व अर्थदण्ड की सज़ा सुनाई। 29 अगस्त 2011 में मसवानी मोहल्ला निवासिनी फरहत फातिमा उर्फ जीनत के गायब होने की परिजनों ने सूचना दर्ज कराई थी जिस पर कोतवाली पुलिस तत्परता दिखाते हुए धारा 364 में मुकदमा दर्ज करके जांच कर रही थी। जांच के दौरान युवती के चचेरा भाई इरफान अहमद उर्फ गुड्डू को हिरासत में लेकर पूछताछ के दौरान हत्याकांड की बात सामने आई युवक की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू व युवती के टुकड़ों में बंटी लाश बरामद की थी। जिसके पश्चात पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए आरोपी इरफान को आठ सितंबर 2011 में गिरफ्तार कर के धारा 302, 201 व 4/25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्त को जेल भेज दिया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता तारिक फरीदी ने न्यायालय ने ज़ोरदार दलीलें दी एवं अभियुक्त के साथ नरमी बरतने की अपील की, पर मृतका फरहत फातिमा उर्फ़ जीनत को न्याय दिलाने को तत्पर वरिष्ठ अधिवक्ता शफीकुल गफ्फार की जोरदार दलीलों एवं शासकीय अधिवक्ता रहस्य बिहारी श्रीवास्तव की पैरवी के आगे बचाव पक्ष की सभी दलीलों को अदालत ने नकारते हुए अभियुक्त इरफान अहमद उर्फ गुड्डू को जघन्य हत्याकांड का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की कड़ी सजा सुनाई।

## हाईकोर्ट से दो बार खारिज हुई जमानत

फरहत फातिमा उर्फ़ जीनत हत्या के मामले में वर्ष 2011 से जेल में अभियुक्त इरफान उर्फ गुड्डू द्वारा जिला अदालत से जमानत अर्जी खारिज होने के बाद अभियुक्त की ओर से दो बार इलाहाबाद उच्च न्यायालय में भी ज़मानत अर्ज़ी लगाई गयी लेकिन मृतका को न्याय दिलाने के लिये लगातार प्रयासरत विद्वान अधिवक्ता शफीकुल गफ्फार की जोरदार पैरवी की वजह से इलाहाबाद हाईकोर्ट के दो बार अभियुक्त की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

## जेल की तन्हाई बनी मुकद्दर

अभियुक्त इरफान अहमद उर्फ गुड्डू की गिरफ्तारी 8 सितंबर 2011 को होने के बाद से लगातार जेल में है। 11 वर्षों से अधिक समय जेल में बिताने के बाद अभियुक्त को अदालत में आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई है।

## सज़ा सुनते ही फूट-फूट कर रोया

फतेहपुर। कोर्ट नंबर एक अखिलेश कुमार पांडेय की अदालत में सज़ा सुनाये जाने के बाद पुलिस अभिरक्षा में अदालत में मौजूद अभियुक्त इरफान उर्फगुड्डू फूट–फूटकर रोने लगा। अपने किये का पश्चाताप उसकी आंखों में दिखाई दिया।

# मां व दो मासूम बच्चियों की संदिग्ध हालात में मौत

संवाददाता। हमीरपुर

● पुलिस के लिये बनी रहस्य, मृतका के ससुर ने फिर दोहराया कि तीनों की हुई है हत्या

**कुरारा** ब्लाक के जल्ला गांव की मां व दो मासूम बच्चियों की आग से हुई संदिग्ध मौत एक रहस्य बन कर रह गयी है। आज मृतका के ससुर ने फिर दोहराया कि तीनों की हत्या कर शव को जलाया गया है, इसके लिये मृतका का भाई पूरी तरह दोषी है हालांकि पुलिस इस मामले में पर्दा डालने का प्रयास कर रही है।

जानकारी के मुताबिक बीते बुधवार को जल्ला गांव में हुई हृदय विदारक घटना में मृत तीनों शवों का गुरुवार को पैनल के तहत पोस्टमार्टम हुआ। शुक्रवार को गमगीन माहौल में गांव में ही तीनों शवों का अंतिम संस्कार किया गया। मृतका के ससुर ब्रम्हदीन पाल ने बताया कि दोनों बच्चियों, रोहणी व मोहनी को गांव में ही दफनाया गया है वहीं अनीता के शव को शवदाह गृह में जलाकर अंतिम संस्कार किया गया है। परिवारीजनो ने बताया कि तीनों की हत्या की गई है। उन्होंने मृतका के भाई पर शंका जाहिर की है। जिस प्रकार मौके पर तीनों की लाशें मिली थीं उससे कहीं से प्रतीत नहीं होता कि आग से जलकर मौत हुई है। परिवारीजनों ने पूरी तरह शंका जताते हुए मृतका के भाई पर हत्या करने की शंका जाहिर की है। क्योंकि घटना के बाद से ही वह लापता है। मृतका के ससुर ब्रम्हदीन ने बताया कि जिस रात ये घटना हुई उस रात उसी के भाई ने ही हम सबको चाय बनाकर पिलाई थी। चाय कम पड़ जाने पर दुबारा चाय बनाकर अनीता व बच्चियों को चाय पिलाई है।

## क्विक न्यूज

### हरे पेड़ों की कटान कराने पर प्राचार्या के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बा स्थित राजकीय महाविद्यालय परिसर में बेशकीमती वृक्षों की कटान कराकर लकड़ी जब्त करने वाली प्राचार्या के खिलाफ समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों को संज्ञान में लेते हुए डीएफओ के निर्देश अनुसार केस दर्ज कराया गया है। कस्बा स्थित राजकीय महाविद्यालय की इंचार्ज प्राचार्या ने तकरीबन दो दर्जन से अधिक हरे भरे नीम, कंजी, यूकेलिप्टस सहित बबूल के वृक्षों की कटाई करा बेशकीमती लकड़ी को जब्त कर लिया था जिस पर प्राचार्या ने पर्यावरण को भारी मात्रा में क्षति पहुंचाई थी, जानकारी होने पर डीएफओ यूसी राय के आदेशानुसार उक्त प्राचार्या के खिलाफवन्य संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया गया है तो वहीं वन क्षेत्राधिकारी संजीव तिवारी अभी भी इस मामले में कुछ कहने से कतराते नजर आ रहे हैं। महाविद्यालय के ग्राउंड सफाई के नाम पर इंचार्ज प्राचार्या द्वारा परिसर में खड़े करीब दो दर्जन से अधिक हरे भरे पेड़ों को कटवाकर उनकी बेशकीमती लकड़ी जब्त कर ली गई थी। इस मामले पर डीएफओ उमेशचन्द्र राय ने बताया कि प्राचार्या के खिलाफवन्य संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया गया है।

### मधुमक्खियों के हमले से वृद्द की जान गयी

**राठ।** जरिया थाने के पथखुरी गांव में खेत पर शौच क्रिया करने गए वृद्ध को मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जिससे वृद्ध बेहोश होकर गिर गया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी के ले गए। जहां चिकित्सक ने वृद्ध मृत घोषित कर दिया। स्वजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को ले गए। पथखुरी गांव निवासी पवन पुत्र श्याम करण ने बताया कि उसके दादा 80 वर्षीय वृंदावन चौधरी पुत्र मंगा शुक्रवार की दोपहर अपने घर के पास स्थित खेत में शौच क्रिया करने गए थे। जहां आस पास कोई किसान जानवरों को भागने के लिये आग जला कर चला गया था। जिसके धुएं से वहां पेड़ पर लगे छत्ते से मधुमक्खियां उड़ने लगी। शौच क्रिया कर रहे उसके बाबा पर अचानक हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से उसके बाबा अचेत हो वहीं गिर गए। वृद्ध की मौत पर स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### बाइक सवारों को कंटेनर ने मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

**हमीरपुर।** नगर सीमा से लगे थाना सजेती में हाईवे पर रामपुर मोड़ के निकट बाइक सवार तीन युवकों को कंटेनर ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार पिछले पहिये की चपेट में आ गए। हादसे मे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक में बैठे उसके दो अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। थाना कुरारा के गोकुल डेरा गांव निवासी भूरा(35) थाना सजेती के रामपुर स्थित कोयला भट्टी में काम करता था। वह पांच दिन पूर्व कानपुर से आया था। शुक्रवार को वह रामपुर गांव निवासी अपने साथी रामचंद्र पुत्र गोरेलाल व अंकित पुत्र गिरधारी के साथ आनूपुर जा रहा था। जैसे ही यह लोग चंदेल ढाबे के पास पहुंचे कि तभी पीछे से आ रहे कंटेनर ने इन्हें टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार असंतुलित होकर गिर पड़े। इस दौरान बाइक सवार भूरा कंटेनर के पिछले पहिये के नीचे आ गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। अंकित के हाथ में फैक्चर हो गया और रामचंद्र के भी चोटें आईं हैं। घायलों को सजेती ले जाया गया। वहीं पुलिस ने कंटेनर को पकड़ लिया है।

### हादसे की तीन घटनाओं में दो मरे, चार घायल

**घाटमपुर।** कल शुक्रवार को कोतवाली और सजेती थाना क्षेत्र में हादसे की तीन घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी तथा तीन घायल हो गये जिनमें दो को हैलट कानपुर और दो को जिला अस्पताल हमीरपुर में भर्ती कराया गया है। हादसे की पहली घटना कोतवाली क्षेत्र के ब्रंबुराहा सम्पर्क मार्ग पर हुई जहां वाइकों के आमने-सामने हुई टक्कर में गावं जलाला के कोटदार के पति भानु प्रताप सिंह की मौत हो गयी जबकि घटना में मोटर सवार, गावं पतरसा निवासी शिवम् घायल हो गया जिसे उपचार के लिए हैलट रिफर किया गया है। दूसरी घटना सजेती थाने के गांव रामपुर के पास हुई जिसमें वाइक सवार तीन लोग घायल हो गये बाद में इलाज को हमीरपुर ले जाते समय एक ने दम तोड़ दिया। तीसरी घटना जहानाबाद रोड पर नौरंगा के पास हुई जिसमें शेखपुर निवासी रमेश पुत्र हीरालाल घायल हो गया जिसे पुलिस ने इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हैलट रिफर कर दिया।

### साहब: फ्री में मिलने वाले राशन के पैसे ले रहा है कोटेदार



**घाटमपुर।** विकास खण्ड घाटमपुर के गांव निहुरा से तहसील पहुंची करीब डेढ़ दर्जन महिलाओं ने एसडीएम को संबोधित एक प्रार्थना पत्र देकर गांव के कोटेदार रामस्वरुप की शिकायत की कि माह जनवरी में पत्र ग्रहस्थी कार्ड धारकों को फ्री में गेहूं चावल देने का आदेश है लेकिन कोटेदार पैसा ले कर गल्ला दे रहा है, और कुछ कहने पर तरह तरह की धमकी देता है। महिलाओं का ये भी कहना था कि कोटेदार दबंग किस्म का है जिसके चलते लोग उसके सामने शिकायत करने से कतराते हैं। शिकायत प्रार्थना पत्र में रानी, उमाकन्ती पूजा, मीनू और सुनीता सहित कई महिलाओं के अंगूठा निशान है। आपूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार से जब शिकायत को लेकर बात करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल फोन रिसीब नही हुआ।

### मुख्यमंत्री चित्रकूट को दिलायेंगे विकास की सौगात: आशीष पटेल

**चित्रकूट।** सूबे के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल का जिले में गर्मजोशी से बुंदेली सेना ने स्वागत किया। धर्मनगरी के विकास को लेकर सौंपे पत्र की बाबत मंत्री ने मुख्यमंत्री से जल्द ही जिले को योजनाओं की सौगात दिलाने का वायदा किया। शुक्रवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने जिले के मूल निवासी सूबे के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल को पत्र सौंपा। पत्र में मांग की गई कि कर्वी में सबसे ज्वलन्त समस्या रिंग रोड की है। भारी भरकम वाहन नगर में दौड़ते हैं। जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। देवांगना से खोह और शिवरामपुर से राजापुर रोड में बाईपास रिंग रोड की नितान्त आवश्यकता है। खोह में बनकर तैयार खड़े सौ शैय्या के मातृ एवं शिशु अस्पताल में भरपूर स्टाफऔर डॉक्टरों की तैनाती की जाये। रामघाट टेम्पो स्टैंड बनकर तैयार खड़े फूड प्लाजा को चालू करने, नगर में एक ट्रामा सेंटर बनाने, विद्युत शवदाह गृह, रजिस्टर्ड टूरिस्ट गाइड, ओला-ऊबर जैसी टैक्सी कैब सेवाएं, प्री पेड़ बूथ, वाटर एटीम, सिटी बस सेवा, उपेक्षित मारकंडेय आश्रम, अमरावती, दशरथ घाट, करका आश्रम, बांके सिद्ध, बाण गंगा, सूरज कुण्ड आदि स्थलों का पर्यटन विकास की मांग की गई। मिनी खजुराहो गणेश बाग को पर्यटन का हब बनाने की मांग भी शामिल है। मन्दाकिनी नदी किनारे रिवर फ्रंट विकसित कराने के साथ ही जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने का अनुरोध किया। पर्यटन हब बनाने को बुंदेलखंड को मिनी फिल्म सिटी का दर्जा देने की भी मांग की गई। इस मौके पर पप्पू खान, अतुल सिंह, जानकीशरण गुप्ता, वीपी पटेल, इरफान खान, संजय गुप्ता, धर्मेंद्र ओझा समेत कई अन्य युवा मौजूद रहे।

# सचिवालय की सफाई करते युवक की पीट-पीटकर हत्या

● हत्यारे बाइक पर सवार होकर मौके से भाग निकले

● एएसपी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर दिये निर्देश

**आटा ( जालौन )।** आटा थाना क्षेत्र के सचिवालय में सफाई कर रहे युवक की तीन अज्ञात हमलावरों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। उसको बचाने दौड़े लोगों को भी हमलावरों ने कमरे में बंद कर दिया। घटना के बाद हमलावर फरार हो गए। जानकारी पाकर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर जानकारी ली।

आटा थाना क्षेत्र के ग्राम संदी में शुक्रवार दोपहर सफाई कर्मचारी सचिवालय में काम कर रहे थे। तभी अज्ञात तीन लोगों ने हॉकी से पीट-पीटकर एक युवक की हत्या कर दी। कालपी निवासी हिमांशु (20) पुत्र साकेत को दूसरे कर्मचारी ने बचाने का प्रयास किया। इस पर बदमाशों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। इस पर उसने कमरे में अपने आप को बंद करके अपनी जान बचाई। आटा निवासी संतोष ने बताया कि हिमांशु का पिता गांव संदी में सरकारी कर्मचारी थे। हिमांशु अपने पिता के बदले में आज काम कर रहा था। तीनों बाइक सवारों ने दूसरे कर्मचारी संतोष से पूछा हिमांशु कहां है। इस पर उसने बताया कि वो वहां है। बस इतने में हिमांशु के पास पहुंचे और हॉकी से मारपीट करने लगे संतोष ने बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वह तीन थे।

## ट्रक ड्राइवर व खलासी जहरखुरानी का हुए शिकार

**फतेहपुर।** कानपुर से प्रयागराज की तरफ जा रहे दो ट्रको के ड्राइवरों ने सुबह भोर पहर अपने अपने ट्रको को कल्यानपुर थाना क्षेत्र के चौडगरा के एक होटल में खड़ा कर चाय पिया उसके बाद अपने अपने गंतव्य की ओर निकल पड़े। दोनो ट्रक लगभग 8 से 10 किलोमीटर ही चले होंगे कि दोनों ट्रको के ड्राइवर व खलासी अचेत होने लगे तो अपनी अपनी ट्रको को खड़ा कर दिया। लोगों ने रोड पर खड़ी ट्रकों को देखा तो शंका होने पर पास जाकर देखा तो ट्रकों के ड्राइवर व खलासी, जो कि ट्रक में सवार थे, सभी अचेत हो रहे थे। लोगों ने सरकारी एम्बुलेंस को बुलाकर दोनो ट्रको के ड्राइवर व खलासी को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर सभी को भर्ती कर इलाज में जुट गए। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के चौडगरा में आज गुजरात से प्याज लोड कर कलकत्ता जा रहा ट्रक एमएचके-18बीजी/9961 और वही दूसरा ट्रक दोनो ट्रकों के ड्राइवर 30 वर्षीय चालक इरफान पुत्र इलहाक निवासी रेवागंज सहारनपुर मध्य प्रदेश वही दुसरी ट्रक का 46 वर्षीय ड्राइवर शरीक पुत्र इकबाल अहमद निवासी अलीगढ़ थाना छारा, 22 वर्षीय चालक अरमान पुत्र जलील खान निवासी अलीगढ़ थाना छारा, कंडेक्टर मालिया निवासी अलीगढ़ थाना छारा, यह सभी ने भोर पहर अपनी अपनी ट्रको को खड़ा कर चौडगरा में चाय पिया उसके बाद प्रयागराज की तरफ चल दिये।

# एक ही कमरे में पति-पत्नी के मिले शव, हत्या-आत्महत्या की आशंका

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** एक ही कमरे में पति – पत्नी के शव मिले आत्म हत्या की आशंका जतायी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा तथा सीओ कायमगंज मौके पर पहुंचे, निरीक्षण कर मामले की जानकारी करने का प्रयास किया । मामला जनपद फर्रुखाबाद की कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव दत्तू नगला का है। जहां यह दुखद घटना प्रकाश में आई। यहां मकान के कमरे में नव दंपत्ति जिनमें पति का शव फांसी के फंदे पर झूलते पाया गया। वहीं मृत अवस्था में पत्नी फर्श पर पड़ी पाई गई।

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी सोहराव आलम मौके पर पहुंचे। इसके तुरंत बाद पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने भी घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में जानकारी ली । मामले की सघन जांच के लिए मौके पर फॉरेंसिक टीम को भी बुला लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर से सटे गांव दत्तू नगला मोहल्ले में जनपद शाहजहांपुर के गांव मीरानपुर कटरा निवासी संजय अपनी पत्नी पुष्पा के साथ किराए के मकान में रह रहे थे। गुरुवार देर रात को पुलिस को जानकारी दी गई कि घर का दरवाजा बंद है। इस पर पुलिस टीम जांच को पहुंची। दरवाजा तोड़ा गया तो देखा संजय ;25 वर्ष का शव फांसी के फंदे पर झूल रहा था और उसकी पत्नी पुष्पा (21 वर्ष) मृत अवस्था में कमरे में फर्श पर पड़ी हुई थी। मृतक दंपत्ति दत्तू नगला में अशोक मिश्रा के मकान में किराए पर रहते थे। मृतक बिजली विभाग में मीटर रीडर के पद पर तैनात संविदा कर्मचारी था। मृतक संजय शाहजहांपुर जिले के मीरानपुर कटरा का रहना वाला हैं। वहीं पत्नी पुष्पा का मायका जिले के मऊ दरवाजा थाना क्षेत्र के गाँव मझोला में है। इस दंपत्ति की 8 महीने पहले शादी हुई थी। पुलिस के अनुसार अभी तक आत्महत्या का क्या कारण रहा। इसका पता सही ढंग से नहीं चल पाया है। घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारी मृतक के परिजनों से पूछताछ कर घटना की सत्यता जानने का प्रयास कर रही हैं। इस दुखद घटना की सूचना पुलिस को मृतक के चचेरे भाई मनोज ने डायल 112 पर दी थी। सूचना देते हुए मनोज ने पुलिस को बताया था कि उसके चचेरे भाई और उसकी पत्नी ने आत्महत्या कर ली है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने भी घटनास्थल की परिस्थिति देखकर कहा कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का ही प्रतीत हो रहा है। फर्श पर पड़ी पत्नी की हालत देखकर ऐसा लग रहा था कि उसने कोई जहरीला पदार्थ खाया हो। मामले की सही जानकारी तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने , साथ ही सघन जांच के बाद ही हो सकती है।

# कुरारा ब्लाक का भौली गांव चुनाव आयोग के लिये बना चुनौती

● दो मर्तबा शपथ न लेने से तीसरी मर्तवा चुनाव की हो रही है तैयारी

**हमीरपुर।** कुरारा क्षेत्र के ग्राम पंचायत भौली में पंचायत सदस्यों का चुनाव आयोग के लिए चुनौती बना है। दो मर्तबा 13 सदस्यीय पंचायत सदस्यों का चुनाव होने के बाद भी दस सदस्यों द्वारा शपथ न लेने पर तीसरी बार सदस्यों का चुनाव कराया जाएगा। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एसके शुक्ला ने बताया कि ग्राम प्रधान को फेल करने के लिए पंचायत सदस्य दो मर्तवा से एक नई चाल चल रहे है।

पंचायत सदस्यों के बिना शपथ लिए बैठक का कोरम पूरा न होने के कारण ग्राम प्रधान कोई वित्तीय फैसला नहीं ले सकता है। इसलिए पंचायत सदस्य शपथ नहीं ले रहे हैं। इसलिये दो मर्तवा ग्राम पंचायत सदस्य निर्वाचित तो हुये मगर शपथ लेने से साफ इंकार कर देते हैं। यह गांव चुनाव आयोग में चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि एक साजिश के तहत पंचायत सदस्यों द्वारा किए जा रहे नाटक को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने समिति का गठन कर दिया है। जिसमें अब ग्राम प्रधान विकास कार्य करवा रहा है। तीन सदस्य शपथ ले चुके हैं। जबकि 10 सदस्यों ने अभी तक शपथ नहीं ली है जो चुनाव आयोग के लिए सिर दर्द बने हुए हैं। आयोग अब भौली गांव में तीसरी बार ग्राम पंचायत सदस्यों के चुनाव की तैयारी कर रहा है। यह मामला प्रशासनिक गलियारे में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## खाली पड़े प्रधान,बीडीसी व पंचायत सदस्यों के चुनाव की कवायद शुरू

**हमीरपुर।** जनपद में खाली पड़े क्षेत्र पंचायत, ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सदस्यों के चुनाव की कवायद शुरू कर दी गई है। चुनाव आयोग को बिंदुवार रिपोर्ट प्रशासन ने भेज दी है। जानकारी के मुताबिक जनपद में क्षेत्र पंचायत सदस्य में राठ में टोलारावत व गोहांड ब्लाक में बड़ाखरका एवं ग्राम प्रधान पद के लिए मौदहा ब्लाक के परछछ के अलावा सुमेरपुर, मुस्करा व कुरारा ब्लाक के 16 ग्राम पंचायत सदस्य पदों के चुनाव की तैयारी शुरू कर दी गई है। परछछ गांव में कम उम्र की ग्राम प्रधान अंशिका गौतम को बर्खास्त कर दिया गया था। उसके स्थान पर तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था। इसी प्रकार सुमेरपुर ब्लाक के बड़ा गांव व कलौलीतीर में ग्राम पंचायत सदस्य के पद अभी तक खाली पड़े हुए है। इसी प्रकार छानी खुर्द में दो, कुरारा के भौली गांव में दस, मुस्करा में एक, राठ में दो सहित 16 ग्राम पंचायत सदस्यों का चुनाव अभी कराना है। सहायक निर्वाचन अधिकारी एसके शुक्ला ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार बिंदुवार पूरी रिपोर्ट आयोग को भिजवा दी गई है। जैसे ही चुनाव की कोई तिथि आती है तो चुनाव संपन्न कराए जाएंगे।

## सड़क सुरक्षा विषय पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता

**फतेहपुर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अपर्णा मिश्रा के कुशल निर्देशन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा समिति की प्रभारी एवं जंतु विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर अनुष्का छौंकर के दिशा निर्देशन में महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया एवं अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के प्रारंभ में अनुष्का छौंकर ने सड़क सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण नियमों से छात्राओं को अवगत कराया। प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा कीर्ति सोनी ने प्रथम स्थान, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा शगुन ने द्वितीय स्थान व बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा अंबर इदरीस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# 25 लाख की शराब के साथ शराब तस्कर गिरफ्तार

● चंडीगढ़ से शराब खरीदकर बिहार में खपाने ले जा रहे थे तस्कर

● एसपी ने पुलिस टीम को दिया पच्चीस हजार का ईनाम

**फतेहपुर।** मलवां पुलिस, स्वाट व सर्विलांस की टीम को शुक्रवार की सुबह एक बड़ी कामयाबी हाथ लग गई। अल्लीपुर फ्लाईओवर के समीप मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने एक डीसीएम को रोक लिया। जिसकी तलाशी लेने पर गैर प्रांत की 270 पेटी शराब बरामद हुई। पकड़ी गई शराब की कीमत लगभग पच्चीस लाख रूपये आंकी जा रही है। तस्कर चंडीगढ़ से शराब खरीदकर बिहार में खपाने ले जा रहे थे। एसपी ने इस बड़ी कामयाबी पर पुलिस टीम को पच्चीस हजार रूपये का ईनाम दिए जाने की घोषणा की।

पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि जिले में अवैध शराब, बिक्री व परिवहन के विरूद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान को लेकर मलवां पुलिस, स्वाट टीम प्रथम व सर्विलांस की टीमें लगी हुई थीं। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक डीसीएम में गैर प्रांत की शराब जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीमें मलवां थाना क्षेत्र के अल्लीपुर फ्लाई ओवर के समीप पहुंच गई और वाहन का इंतजार करने लगी। तभी कुछ देर बाद एक डीसीएम आती दिखाई दी। जिसे पुलिस टीम ने रोक लिया। डीसीएम की तलाशी लेने पर उसमें 270 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई।

## अल्पसंख्यक लाभार्थी ऋण की बकाया धनराशि ब्याज सहित तत्काल जमा करें, वर्ना होगी दंडात्मक कार्रवाई

**कानपुर देहात।** प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 अल्पसंख्यक वित्तीय एवं विकास निगम लि0, लखनऊ के निर्देशों की जानकारी देते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने सूचित किया है कि उ0प्र0 अल्पसंख्यक वित्तीय एवं विकास निगम लि0 के पुराने वितरित ऋणों टर्मलोन, मार्जिन मनी ब्याज रहित ऋण योजना, शैक्षिक ऋण योजना के अन्तर्गत रिकवरी कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। अत: जनपद के समस्त लाभान्वित लाभार्थियों को सूचित किया जाता है कि जिन लाभार्थियों द्वारा ऋण की बकाया ब्याज सहित धनराशि अभी तक नहीं जमा की गयी है वह तत्काल जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, कानपुर देहात के कक्ष सं. 202, विकास भवन, माती, कानपुर देहात में सम्पर्क कर अपनी बकाया धनराशि बैंक ऑफ बड़ौदा माती में खुले उ0प्र0 अल्पसंख्यक वित्तीय एवं विकास निगम लि0 के बैंक खाता 30700100000406 में जमाकर उसकी प्राप्ति रसीद की प्रति कार्यालय में जमा करने का कष्ट करें। यदि आप द्वारा ऋण की बकाया ब्याज सहित धनराशि जमा नही की जाती है तो नियमानुसार आर्थिक दण्ड सहित आपके विरूद्ध आरसी जारी करने हेतु संस्तुति कर दी जायेगीए जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

# लुटेरों को दबोच पुलिस ने किया माल बरामद

● बरगढ़ के रेलवे कर्मी विजय कुमार केशरवानी से हुई थी लूट



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर बरगढ थानाध्यक्ष व सर्विलांस टीम निरीक्षक ने संयुक्त रुप से एक सप्ताह के भीतर लूट की घटना का खुलासा करते हुए तीन लोगों को दबोचकर उनके कब्जे से लूटी मोटरबाइक, बैग, मोबाइल व तमंचा आदि सामग्री बरामद की है।


शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों से रुबरु हुईं। उन्होंने बताया कि बरगढ़ थानाध्यक्ष योगेश तिवारी व प्रभारी स्वाट/सर्विलांस श्याम प्रताप पटेल की संयुक्त टीम ने बरगढ़ थाना क्षेत्र के रेलवे कर्मी विजय कुमार केशरवानी पुत्र रामदास के साथ पांच जनवरी की रात हुई लूट का खुलासा किया है। पुलिस ने पांच जनवरी की रात रेलवे ट्रैक में विजय केशरवानी के ड्यूटी जाते समय बोझ गांव के पास अज्ञात लोगों ने मोटरबाइक, एक मोबाइल फोन, बैग, शाल, कागजात व दो सौ रुपये लूट लिए थे। तहरीर पर बरगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर मुखबिर की सूचना पर अभय सिंह उर्फ अशोक बहादुर सिंह निवासी पिपराव घोरेढीह थाना करछना जिला प्रयागराज, आदर्श मिश्रा पुत्र जगदीश मिश्रा निवासी मडवा वीरपुर थाना करछना व मदन मोहन उर्फ आशीष यादव पुत्र भगवती प्रसाद यादव निवासी जगदीशपुर करछना को दबोचकर उनके कब्जे से लूटा गया सामान व तमंचा तथा कारतूस बरामद किये हैं। लुटेरों ने बताया कि मप्र से लौटते समय बरगढ़ जाने वाले मार्ग में सुनसान स्थान पर वे लूटपाट की घटना अंजाम देते रहे हैं। पुलिस ने लूट का सामान बरामद कर तीनों को जेल भेजा है। टीम में बरगढ़ थानाध्यक्ष योगेश तिवारी, दरोगा प्रभुनाथ यादव, दरोगा राजेन्द्र प्रताप सिंह, सिपाही संतोष कुमार, चन्दन विश्वकर्मा, मनीष यादव व सर्विलांस टीम निरीक्षक श्याम प्रताप पटेल, दीवान रईश खां, जितेन्द्र कुशवाहा, प्रदीप कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, सिपाही आशीष कुमार, रोहित सिंह, शरद कुमार व ज्ञानेन्द्र मिश्रा शामिल रहे। पत्रकार वार्ता में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ शीतला प्रसाद पाण्डेय मौजूद रहे।

## खनुवा की पुरानी गढ़ी पर अवैध कब्जे की जांच के लिये तीन सदस्यीय कमेटी गठित

**जालौन ( उरई )।** खनुआं में पुरानी खंडहर गढ़ी पर गांव के युवक द्वारा अतिक्रमण किए जाने की शिकायत ग्राम प्रधान सहित तकरीबन दो दर्जन ग्रामीणों ने तहसीलदार को एक ज्ञापन देते हुए की। ग्रामीणों की शिकायत पर तहसीलदार ने नायब तहसीलदार के नेतृत्व मे तीन सदस्यीय टीम का गठन किया। ग्राम पंचायत खनुवां के ग्राम प्रधान शिवकुमार व बीडीसी प्रतिनिधि राज बहादुर कुशवाहा ने गांव के रघुराज परिहार, वैभव महाराज, दीपू समाधिया, अवीशू दुबौलिया, रमाकांत दुबे, नीरज, राजेंद्र तिवारी, सोनू पटेल, राशिद मंसूरी, छोटू परिहार, महेंद्र कुशवाहा, विपिन रजक, नेपाल परिहार, नातीराजा, धर्मेंद्र कुमार, धर्मवीर वर्मा आदि ग्रामीणों के साथ तहसीलदार बलराम गुप्ता को ज्ञापन देकर बताया कि गांव में स्थित पुराना किला खंडहर हो गया था। जो अब गढी के रूप में परिवर्तित है। उक्त गढ़ी पर गांव के ही अब्दुल सलाम ने अवैध रूप से कब्जा कर अतिक्रमण कर लिया है और उस पर निर्माण करा रहे हैं।

# बसों के चालको तथा परिचालकों को किया गया प्रशिक्षित

● रिफ्लेक्टिव टेप ना लगे होने पर चार वाहनों के चालान



**फर्रुखाबाद ।** आज सड़क सुरक्षा माह के कार्यक्रम में लाल गेट के पास बस टेंपो स्टैंड पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बस यूनियन के माध्यम से बसों के चालकोंए परिचालकों को सड़क सुरक्षा के संबंध में प्रशिक्षित किया गया तथा ऑटो, टेंपो, टैक्सी ऑपरेटर्स एवं चालकों को भी सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया गया । नगर के लाल गेट पर स्थित बस स्टैंड पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एआरटीओ प्रशासन वीएन चौधरी द्वारा चालकों को बताया गया कि सड़क सुरक्षा के नियमों को न सिर्फ जानना है बल्कि इन्हें प्रयोग में भी लाना है। नियमों के बारे में बार.बार ज्ञान प्राप्त करने एवं चर्चा करने से मनुष्य का व्यवहार परिवर्तित होता है एवं सड़क सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता बढ़ती है। उन्होंने चालको, परिचालकों को मद्यपान कर वाहन न चलाने, सीमित गति में वाहन चलाने ,वाहनों के प्रपत्र की जांच करने तथा यातायात के नियमों के पालन की सीख दी। चालकों ,परिचालकों को संबोधित करते हुए कोतवाल विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि उत्तर प्रदेश में वर्ष 2022 में लगभग 21000 लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए हैं । अत: यदि सभी सुरक्षित ड्राइविंग करेंगे तो हम महत्वपूर्ण जनहानि को रोक सकते हैं। यातायात प्रभारी रजनेश कुमार ने सभी चालकों परिचालकों एवं वाहन स्वामियों से नियम अनुसार वाहन चलाने की अपील की ताकि अपने फर्रुखाबाद शहर को सुंदर बनाया जा सके। कहीं भी जाम की समस्या उत्पन्न ना हो , सब अपनी लेन में सुरक्षित चलें उन्होंने कहा कि नव वर्ष 2023 में कोई सड़क दुर्घटना ना हो, सभी नियमों का पालन करें ऐसी हमारी कामना है। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा फर्रुखाबाद बरेली मार्ग पर वाहनों के रिफ्लेक्टिव टेप की चेकिंग की गई तथा उचित रिफ्लेक्टिव टेप न लगे जाने पर 4 वाहनों के चालान किए गए तथा उन पर 40000 का जुर्माना लगाया गया। रिफ्लेक्टिव टेप न लगाने पर रुपए 10000 के दंड का प्रावधान है। एआरटीओ द्वारा नगर में चेकिंग अभियान चलाते हुए 22 दोपहिया वाहनों के चालान हेलमेट न लगाने के अभियोग में भी किए गए।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 14 जनवरी, 2023



# रूस का यूक्रेन के शहर सोलेदर पर कब्जा करने का दावा

● यूक्रेन ने खंडन किया

भाषा। कीव

**रूस के रक्षा** मंत्रालय ने शुक्रवार को दावा किया कि रूसी सेना ने यूक्रेन के नमक की खदान वाले पूर्वी शहर सोलेदर पर कब्जा कर लिया है। यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में कई झटकों के बाद सोलेदर पर कब्जा रूस के लिए एक दुर्लभ जीत का प्रतीक होगा। मंत्रालय ने कहा कि रूस और यूक्रेन की सेना के बीच खूनी संघर्ष के केंद्र सोलेदर पर रूसी सेना ने कब्जा कर लिया है। हालांकि, पूर्वी यूक्रेन के दोनेत्स्क प्रांत के अंतर्गत आने वाले सोलेदर पर कब्जा करने के रूस के दावे का यूक्रेनी अधिकारियों ने खंडन किया और कहा कि लड़ाई अभी जारी है। दोनेत्स्क उन चार क्षेत्रों में से एक है जिन्हें मॉस्को ने सितंबर में रूस में मिला लिया था। लगभग एक महीने से भीषण युद्ध का सामना कर रहे सोलेदर पर नियंत्रण को लेकर परस्पर विरोधी खबरें रही हैं। वहां खतरों को देखते हुए एसोसिएटेड प्रेस रूस के दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सकी। रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल इगोर कोनाशेंकोव ने कहा, सोलेदर शहर की मुक्ति 12 जनवरी की शाम पूरी हो गई। उन्होंने कहा कि यह घटनाक्रम दोनेत्स्क क्षेत्र में आक्रामक अभियानों को जारी रखने के लिए महत्वपूर्ण है। कोनाशेंकोव ने कहा कि सोलेदर पर नियंत्रण होने से रूसी सेना को बखमुत में यूक्रेनी बलों की आपूर्ति लाइन काटने और फिर यूक्रेनी इकाइयों को घेरने में मदद मिलेगी। लेकिन पूर्वी क्षेत्र में यूक्रेन सेना के प्रवक्ता सेरही चेरेवती ने आरबीके समाचार प्रतिष्ठान से बातचीत में रूसी रक्षा मंत्रालय के दावे का खंडन करते हुए कहा कि "शहर में लड़ाई जारी है। वहीं, वाशिंगटन स्थित थिंक टैंक इंस्टिट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर ने कहा कि सोलेदर पर रूस का कब्जा अभियानगत रूप से महत्वपूर्ण घटनाक्रम नहीं है और इससे बखमुत के घेराव की संभावना नहीं है। रूस के दावे के कुछ ही घंटों पहले, यूक्रेन ने कहा था कि रात में भीषण लड़ाई हुई लेकिन शहर के रूस के कब्जे में जाने की बात नहीं कही। शुक्रवार तड़के एक टेलीग्राम पोस्ट में, यूक्रेन की उप रक्षा मंत्री हन्ना मालियार ने कहा कि मॉस्को ने "लगभग सभी (अपने) मुख्य बलों को पूर्वी शहर में जीत हासिल करने के लिए भेज दिया है, लेकिन यूक्रेनी लड़ाके बहादुरी से रक्षा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह युद्ध का एक कठिन चरण है, लेकिन हम जीतेंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है।





# नियम आधारित व्यवस्था के अराजक व्यवस्था में तब्दील होने का खतरा: संयुक्त राष्ट्र प्रमुख

भाषा। संयुक्त राष्ट्र



**संयुक्त** राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने बृहस्पतिवार को चेतावनी दी कि नियम आधारित व्यवस्था के अराजक व्यवस्था में तब्दील होने का गंभीर खतरा है। उन्होंने यह बात यूक्रेन पर रूस के आक्रमण, अफ्रीका के साहेल क्षेत्र में तख्तापलट, उत्तर कोरिया के अवैध परमाणु हथियार कार्यक्रम और अफगानिस्तान में महिलाओं एवं लड़कियों के अधिकारों पर तालिबान शासन के कुठाराघात जैसी घटनाओं को रेखांकित करते हुए कही। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने म्यांमा में सेना द्वारा फरवरी 2021 में आंग सान सू ची की निर्वाचित सरकार को अपदस्थ किए जाने और हैती में कमजोर कानूनी व्यवस्था का भी उदाहरण दिया। गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा, "सबसे छोटे गांव से लेकर वैश्विक मंच तक, शांति और स्थिरता तथा सत्ता और संसाधनों के लिए एक क्रूर संघर्ष के बीच नियम आधारित व्यवस्था ही खड़ी है। महासचिव ने कहा कि दुनिया के हर क्षेत्र में लोग संघर्षों, हत्याओं, बढ़ती गरीबी और भूख का प्रभाव झेल रहे हैं, जबकि देश अवैध रूप से बल प्रयोग करने और परमाणु हथियार विकसित करने सहित "अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन कर रहे हैं। नियम आधारित व्यवस्था के उल्लंघन के एक उदाहरण के रूप में, गुतारेस ने सबसे पहले रूस द्वारा 24 फरवरी को यूक्रेन पर आक्रमण किए जाने की ओर इशारा किया। इसके बाद, गुतारेस ने 2022 में इजराइल-फलस्तीन से संबंधित झड़पों में लोगों के मारे जाने की घटनाओं की निंदा की। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के सभी 193 सदस्य देशों से संयुक्त राष्ट्र चार्टर और मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा के मूल्यों को बनाए रखने, अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने और विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने का आग्रह किया। नियम आधारित व्यवस्था को मजबूत करने पर आयोजित परिषद की बैठक की अध्यक्षता जापान के विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी ने की। आज, हम यूरोप में युद्ध और संघर्ष, हिंसा, आतंकवाद और भू-राजनीतिक तनाव से घिरे हुए हैं, जो अफ्रीका से लेकर मध्य पूर्व तक और लातिन अमेरिका से लेकर एशिया प्रशांत तक है। उन्होंने यूक्रेन पर रूस के हमले के स्पष्ट संदर्भ में कहा, "हम, सदस्य देशों को नियम आधारित व्यवस्था के लिए, एकजुट होना चाहिए और चार्टर के उल्लंघन जैसी आक्रामकता के खिलाफ खड़े होना तथा किसी सदस्य देश द्वारा किसी क्षेत्र पर बल के जरिए कब्जा करने के विरोध करने के लिए एक-दूसरे के साथ सहयोग करना है।

## श्रीलंका के कैथोलिक चर्च प्रमुख ने अदालत के फैसले का स्वागत किया

**कोलंबो।** श्रीलंका में स्थानीय कैथोलिक चर्च के प्रमुख कार्डिनल मैल्कम रंजीत ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय के एक फैसले को महत्वपूर्ण करार देते हुए उसका स्वागत किया। श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना को शीर्ष अदालत ने बृहस्पतिवार को निर्देश दिया था कि 2019 के ईस्टर हमले के पीड़ितों को मुआवजे के रूप में 10 करोड़ श्रीलंकाई रुपए का भुगतान करें। शीर्ष अदालत ने भारत से विश्वसनीय खुफिया जानकारी होने के बावजूद देश के सबसे खराब हमलों में से एक को रोकने में उनकी लापरवाही के लिए सिरिसेना और चार पूर्व शीर्ष अधिकारियों को बृहस्पतिवार को हमले के पीड़ितों को मुआवजे के रूप में कुल 31 करोड़ रुपए का भुगतान करने का आदेश दिया।

## इजराइल के निवर्तमान सेना प्रमुख ने सरकार पर साधा निशाना

**यरुशलम।** इजराइल के निवर्तमान सेना प्रमुख ने बेंजामिन नेतन्याहू के नए गठबंधन द्वारा इजराइल सुरक्षा प्रतिष्ठान में बदलाव करने की योजना के खिलाफ चेतावनी दी। पद छोड़ने से कुछ दिन पहले इजराइली समाचार पत्रों को दिए साक्षात्कार में, लेफ्टिनेंट जनरल अवीव कोचवी ने नेतन्याहू के कट्टरपंथी यहूदी कार्यकर्ताओं के साथ गठबंधन समझौते पर असामान्य रूप से तीखा निशाना साधा, जो कब्जे वाले वेस्ट बैंक में इजराइली शासन को मजबूत करना चाहते हैं, रक्षा मंत्रालय का पुनर्गठन करना चाहते हैं। कोचवी ने इजराइली समाचार साइट वाईनेट से कहा, इससे युद्ध के लिए हमारी तैयारियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Mahender Singh Bisht S/o Shri Gopal Singh Bisht R/o 358 Indira Garden, Near Tiwari chowk khora Colony, Ghaziabad, U.P. have declare that my father name wrongly mentioned in my secondary school mark sheet as Shri Gopal Singh instead of Shri Gopal Singh Bisht.
PD(90245)C

I, RESHANT GHOSH S/o Shri Anupam Ghosh R/o C-6 Sector-27 Near DM Residency Noida Distt Gautam Budh Nagar Pin-201301 have changed my name to Reshant Sharma Ghosh for all future purposes.
PD(90246)A

I, SONIA GHOSH W/o Shri Anupam Ghosh R/o C-6 Sector-27 Near DM Residency Noida Distt Gautam Budh Nagar Pin-201301 have changed my name to Sonia Sharma Ghosh for all future purposes.
PD(90247)A

I, ANISHA SHARMA D/o Shri Anil Sharma R/o I-20 UG-1 Kirti Nagar New Delhi Pin-110015 have changed my name to Anisha Sharma Ghosh for all future purposes.
PD(90248)A

# संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों के लिए आतंकवाद का इस्तेमाल करने वाले देशों को जवाबदेह ठहराया जाए : भारत

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान का परोक्ष संदर्भ देते हुए कहा कि जो देश संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों के लिए सीमा पार आतंकवाद का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। साथ ही उसने आतंकवाद के साझा खतरे के खिलाफ एकजुट होने तथा राजनीतिक लाभ के लिए दोहरे मानदंड न अपनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने बृहस्पतिवार को कहा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कानून के शासन को लागू करने से आतंकवाद और सीमा पार आतंकवाद समेत आक्रामकता से देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा की जानी चाहिए। परिषद की जापान की अध्यक्षता के तहत कानून के शासन पर सुरक्षा परिषद की खुली बहस में कंबोज ने परोक्ष रूप से पाकिस्तान का संदर्भ देते हुए कहा कि जो देश संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों के लिए सीमा पार आतंकवाद का इस्तेमाल करते हैं उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, यह तभी संभव है जब सभी देश आतंकवाद जैसे साझा खतरों के खिलाफ एकजुट हों और दोहरे राजनीतिक लाभ के लिए दोहरे मानदंड न अपनाए। हमारी राय में नियमों आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था बल से मुक्त होती है और संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता, पारदर्शिता तथा विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए सम्मान पर आधारित है। कंबोज ने इस बात पर जोर दिया कि विवादों का शांतिपूर्ण समाधान कानून के राज को मजबूत करने के लिए अहम है।



## अमेरिकी आबादी के कुल एक प्रतिशत भारतीय अमेरिकी देते हैं छह प्रतिशत कर : सांसद

**वाशिंगटन।** अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य रिच मैक्कॉर्मिक ने बृहस्पतिवार को सदन को बताया कि भारतीय-अमेरिकी अमेरिका की कुल आबादी का एक प्रतिशत है लेकिन वे करीब छह प्रतिशत कर का भुगतान करते हैं। यह जातीय समुदाय समस्या का कारण नहीं बनता बल्कि कानूनों का पालन करता है। रिच मैक्कॉर्मिक (54) ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में अपने पहले एक संक्षिप्त संबोधन में कहा कि उनके समुदाय में पांच चिकित्सकों में से एक भारत से है। उन्होंने भारतीय-अमेरिकियों को महान देशभक्त, ईमानदार नागरिक और अच्छे दोस्त बताया। वे अमेरिकी समाज का करीब एक प्रतिशत है, लेकिन वे लगभग छह प्रतिशत करों का भुगतान करते हैं। वे समस्याएं खड़ी नहीं करते। वे कानून का पालन करते हैं। जॉर्जिया में भारतीय-अमेरिकियों की अच्छी खासी आबादी है। मैं इस अवसर पर अपने क्षेत्र के मतदाताओं की सराहना करने के लिए यहां हूं, खासकर उन लोगों की जो भारत से आकर बसे है।

# कोविड-19 संक्रमण रोकने वाला स्प्रे तैयार

भाषा। वाशिंगटन



**शोधकर्ताओं** ने नए अणु तैयार किए हैं, जिन्हें सार्स-सीओवी-2 वायरस को फेफड़ों में प्रवेश करने और संक्रमण पैदा करने से रोकने के लिए नाक में स्प्रे किया जा सकता है। जब लोग सांस लेते हैं तो कोविड-19 के वायरस श्वसन मार्ग के जरिए फेफड़ों के माध्यम से शरीर में प्रवेश करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप बीमारी होती है। अमेरिका में जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के इंजीनियर ने अब सुपरमॉलेक्युलर फिलामेंट्स कही जाने वाली अणुओं की पतली, धागे जैसी किस्में बनाई हैं, जो वायरस को उसके रास्ते में आने से रोकने में सक्षम हैं। जॉन्स हॉपकिंस व्हिटिंग स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के एक सहयोगी प्रोफेसर होंगगैंग कुई ने कहा, उद्देश्य यह है कि फिलामेंट्स हमारे श्वसन मार्ग में कोविड-19 वायरस और अन्य वायरस को कोशिकाओं में तब्दील होने का मौका देने से पहले उन्हें अवशोषित करने के लिए स्पंज की तरह काम करेंगे। मैटर नामक पत्रिका में प्रकाशित शोध का नेतृत्व करने वाले कुई ने कहा, उपचारात्मक उपाय वायरस को एक या दो घंटे के लिए रोक सकता है, लेकिन इसका इस्तेमाल उन जगहों पर ज्यादा प्रभावी हो सकता है, जहां लोगों की ज्यादातर उपस्थिति हो। इस शोध की कुंजी यह है कि फिलामेंट्स एंजियोटेंसिन कनवर्टिंग एंजाइम -दो या एसीई-दो नामक एक रिसेप्टर ले जाते हैं, जो नाक की परत, फेफड़ों की सतह और छोटी आंत की कोशिकाओं में भी पाए जाते हैं। उनकी कई जैविक भूमिकाएं हैं, जैसे रक्तचाप और सूजन को नियंत्रित करना। कोरोना वायरस मुख्य रूप से इस रिसेप्टर के जरिए हमारे शरीर में प्रवेश करता है। शोधकर्ताओं को यह ज्ञात है कि श्वसनमार्ग में अतिरिक्त एसीई-2 शामिल करने से वायरस का प्रवेश अवरुद्ध हो सकता है। चूंकि एसीई-दो के जैविक कार्य हैं, इसलिए शरीर को अधिक एसीई-दो देने से अप्रत्याशित जटिलताएं भी हो सकती हैं। हमारी योजना यह है कि इसे नाक या मौखिक स्प्रे के रूप में इस्तेमाल किया जाए, जिससे ए फेफड़ों में आच्छादित रह सकें या श्वसन मार्ग और फेफड़ों की सतह पर स्थित रहे। जब कोई व्यक्ति सांस के जरिए कोविड-19 वायरस के सम्पर्क में आता है, तो वायरस बाधित किया जा सकेगा। शोधकर्ताओं ने कहा कि चूंकि फिलामेंट्स सार्ससीओवी-2 के विशिष्ट स्पाइक प्रोटीन को आकर्षित करते हैं।

# पेरू में सरकार विरोधी-प्रदर्शन में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 49 हुई

भाषा। लीमा

**दक्षिणी पेरू** के पुनो क्षेत्र में 16 वर्षीय लड़के की गोली लगने से मौत होने के बाद पेरू में राष्ट्रपति डिना बोलुआर्टे की सरकार के खिलाफ जारी प्रदर्शन में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 49 हो गई है। अपदस्थ राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो के समर्थन में लोग गत दिसंबर से प्रदर्शन कर रहे हैं। लोग कैस्टिलो को पद से हटाए जाने और उनकी गिरफ्तारी का विरोध कर रहे हैं। किशोर के रिश्तेदारों ने बताया कि सिर में गोली लगने के बाद से वह दो दिन से अस्पताल में भर्ती था। किशोर की मौत के बाद प्रदर्शनों से सबसे अधिक प्रभावित पुनो में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या 19 हो गई है। इनमें वह पुलिस अधिकारी भी शामिल है, जिसे जिंदा जला दिया गया था। पेरू में जारी हिंसक प्रदर्शनों में अभी तक 49 लोगों की मौत हो चुकी है। लोकपाल के कार्यालय ने को बताया कि 35 प्रांतों में लामबंदी व सड़कों को जाम किया गया। इनमें सबसे अधिक प्रांत देश के दक्षिण क्षेत्रों में हैं। विरोध-प्रदर्शन मुख्य रूप से देश के कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहा है, जहां अब भी लोग कैस्टिलो के प्रति वफादारी रखते हैं। वे तत्काल चुनाव कराने, बोलुआर्टे के इस्तीफे, कैस्टिलो की रिहाई और पुलिस के साथ संघर्ष में मारे गए प्रदर्शनकारियों के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं। मानवाधिकारों पर अंतर-अमेरिकी आयोग का एक प्रतिनिधिमंडल विरोध-प्रदर्शनों और पुलिस की प्रतिक्रिया की जांच के लिए पेरू पहुंच गया है।



## बोलिविया: विपक्षी नेता की रिहाई को लेकर विरोध प्रदर्शन

**ला पाज।** बोलिविया के एक प्रमुख विपक्षी नेता की रिहाई को लेकर चिंए जा रहे विरोध प्रदर्शन के तहत देश के सबसे अधिक आबादी वाले शहर सांताक्रूज के बाहरी क्षेत्र में एक राजमार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लगी है। सांताक्रूज से 68 मील (110 किलोमीटर) दूर सैन कार्लोस शहर से गुजरने वाले राजमार्ग पर बड़ी संख्या में वाहन फंसे हुए है। राजमार्ग पर कोई कार या ट्रक नहीं गुजर सकता है और लोग केवल मोटरसाइकिल से ही निकल पा रहे है। सांताक्रूज के गवर्नर लुइस फर्नांडो कैमाचो की क्रिमोस राजनीतिक पार्टी से जुड़े 32 वर्षीय एक कार्यकर्ता मिग्वेल पाज ने कहा, यह कदम सरकार को यह अहसास कराने के लिए है कि वे सांताक्रूज के बिना नहीं रह सकते।

## अमेरिका के शीर्ष जनरल, पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की

भाषा। वाशिंगटन

**काबुल में** आतंकवादी हमले के एक दिन बाद अमेरिका के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल मार्क मिले ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल सैय्यद आसिम मुनीर से फोन पर बात की और पाकिस्तान तथा क्षेत्र में मौजूदा सुरक्षा हालात पर चर्चा की। जनरल मिले ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख का नया पदभार ग्रहण करने पर जनरल मुनीर को बधाई दी। ज्वाइंट स्टाफ के प्रवक्ता कर्नल दवे बटलर ने जानकारी देते हुए कहा, वरिष्ठ नेताओं ने पाकिस्तान तथा क्षेत्र में मौजूदा सुरक्षा हालात समेत आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा की। जनरल मिले ने गर्मियों में आई विनाशकारी बाढ़ का सामना करने वाले पाक के लोगों के प्रति संवेदनाएं भी व्यक्त की। कांग्रेस सदस्य शीला जैक्सन ली ने मुश्किल के इस समय में पाकिस्तान के लोगों के प्रति एकजुटता व्यक्त करने तथा इससे उबरने के प्रयास के दौरान उनका समर्थन करते रहने के लिए प्रतिनिधि सभा में एक प्रस्ताव पेश किया।

# शिंजो आबे हत्या: अभियोजकों ने हमलावर के खिलाफ औपचारिक रूप से लगाए हत्या के आरोप

भाषा। तोक्यो



**जापान के** अभियोजकों ने पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या के मामले में संदिग्ध पर औपचारिक रूप से हत्या के आरोप लगाए हैं और एक अदालत ने शुक्रवार को कहा कि मामले में सुनवाई की तैयारी की जा रही है। पूर्वी जापान के नारा में एक रेलवे स्टेशन के बाहर जुलाई में एक चुनावी सभा के दौरान आबे पर तेत्सुया यामागामी ने देसी बंदूक से कथित तौर पर गोली चला दी थी। घटना के तुरंत बाद ही यामागामी को गिरफ्तार कर लिया गया था। उसकी मानसिक स्थिति का पता लगाने के लिए उसे करीब छह महीने तक ओसाका हिरासत केंद्र में रखा गया। मंगलवार को उसे नारा में पुलिस के हवाले कर दिया गया था। नारा जिला अदालत के अनुसार, यामागामी पर बंदूक नियंत्रण कानून का उल्लंघन करने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में यामागामी ने बताया कि उसने आबे की हत्या इसलिए की क्योंकि उनके एक धार्मिक संगठन से स्पष्ट संबंध थे, जिससे वह नफरत करता था। मीडिया की कुछ खबरों में इस संगठन की पहचान यूनिफिकेशन चर्च के रूप में की गई है। पुलिस के मुताबिक, यामागामी ने कहा उसकी मां ने यूनिफिकेशन चर्च को बहुत चंदा दिया था, जिससे उनका परिवार दिवालिया हो गया और उनका जीवन बर्बाद हो गया। यामागामी के वकील मासाकी फुरुकावा ने बृहस्पतिवार को द एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि यामागामी को अपने कथित कृत्यों के गंभीर परिणामों की जिम्मेदारी लेनी होगी और बचाव पक्ष के वकील उसकी सजा कम करने की पूरी कोशिश करेंगे।

## श्रीलंका ने 2030 तक सेना को आधा करने की योजना की घोषणा की

**कोलंबो।** आर्थिक तंगी से जूझ रहे श्रीलंका ने तकनीकी और रणनीतिक रूप से मजबूत और संतुलित रक्षा बल तैयार करने के लिए 2030 तक अपनी सेना की मौजूदा संख्या घटाकर आधी करने की योजना की शुक्रवार को घोषणा की। श्रीलंका सरकार ने यह कदम 2023 के बजट में स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा के लिए आवंटित राशि की तुलना में सैन्य व्यय के लिए आवंटन अधिक किए जाने को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच उठाया है। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि वर्ष 2030 तक सेना को 200,783 की मौजूदा ताकत को घटाकर 100,000 कर दिया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि अगले साल तक यह संख्या 135,000 तक सीमित कर दी जाएगी। राज्य की रक्षा मंत्री प्रमिथा बंडारा टेनाकून के हवाले से जारी बयान में कहा गया है, रणनीतिक खाके का समग्र उद्देश्य वर्ष 2030 तक तकनीकी और सामरिक रूप से मजबूत और पूर्णरूपेण संतुलित रक्षा बल को आगामी सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करना है।

# राष्ट्रपति बाइडन को नहीं पता उनके यहां मिले गोपनीय दस्तावेजों में क्या है : व्हाइट हाउस

● राष्ट्रपति ने इस घटना को काफी गंभीरता से लिया

भाषा। वाशिंगटन

**व्हाइट हाउस ने** कहा है कि राष्ट्रपति जो. बाइडन इस बारे में नहीं जानते कि उनके निजी आवास एवं निजी कार्यालय के गैराज में मिले गोपनीय दस्तावेजों में क्या है और उन्होंने इस घटना को काफी गंभीरता से लिया है। अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने वाशिंगटन, डीसी में पेन बाइडन सेंटर और विलमिंगटन, डेलावेयर में राष्ट्रपति के निजी आवास में मिले गोपनीय दस्तावेजों की जांच के लिए रॉबर्ट हुर को विशेष अधिकारी नियुक्त किया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन जीन-पियरे ने बृहस्पतिवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, अमेरिकी लोगों के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि राष्ट्रपति ने कहा है कि वह गोपनीय दस्तावेजों और सूचनाओं को बहुत गंभीरता से लेते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति इस बारे में कुछ भी कहने से नहीं कतराएंगे और वह घटना को लेकर खुद आश्चर्यचकित हैं। बाइडन के सहयोगियों को जो गोपनीय दस्तावेज मिले हैं, वे संभवतः 2009 से 2016 तक उनके उपराष्ट्रपति रहने के दौरान के हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव ने कहा, वह (राष्ट्रपति) नहीं जानते कि दस्तावेजों में क्या है। इन दस्तावेजों को उनके यहां मिलने के तुरंत बाद न्याय विभाग के अभिलेखागार में भेज दिया गया। ओबामा प्रशासन के समय के माने जा रहे इन गोपनीय दस्तावेजों के बाइडन के यहां मिलने से देश में राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया है और इसकी तुलना बाइडन के पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप से की जा रही है। सीनेट न्यायिक समिति के अध्यक्ष डिक डर्बिन ने कहा कि दोनों घटनाओं में अंतर है। उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने जहां सैकड़ों गोपनीय दस्तावेजों को बरामद करने के प्रयासों में बार-बार बाधा डालने का प्रयास किया, वहीं राष्ट्रपति बाइडन की टीम ने तुरंत राष्ट्रीय अभिलेखागार को रिकॉर्ड सौंप दिया। इस बीच, कुछ रिपब्लिकन सांसदों ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति बाइडन से उन सभी लोगों के नाम जारी करने की मांग की। जिन्होंने डेलावेयर स्थित उनके घर का दौरा किया था।



# सुनक ने स्कॉटलैंड की नेता के साथ रचनात्मक रूप से काम करने का संकल्प दोहराया

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन के** प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने शुक्रवार को स्कॉटलैंड की नेता निकोला स्टर्जियन के साथ रचनात्मक तरीके से काम करने का संकल्प लिया, यद्यपि स्टर्जियन के प्रशासन द्वारा आजादी के लिए एक नए जनमत संग्रह की इच्छा व्यक्त किए जाने को लेकर दोनों नेताओं में तनाव जारी था। सुनक ने सत्ता संभालने के बाद स्कॉटलैंड की अपनी पहली यात्रा के दौरान स्कॉटिश प्रथम मंत्री निकोला स्टर्जियन के साथ निजी बातचीत की। यद्यपि वे "एक दूसरे की हर बात बात पर सहमत नहीं हो रहे हैं, लेकिन फिर भी उनका मानना है कि सहयोग की गुंजाइश है। स्कॉटलैंड की स्वतंत्रता की स्टर्जियन की मांग के कारण उनके संबंध सुनक के दो पूर्व प्रधानमंत्रियों -बोरिस जॉनसन और लिज ट्रस- के साथ ठंडे थे। सुनक ने बीबीसी को बताया, "ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के रूप में मैं स्कॉटिश सरकार के साथ रचनात्मक रूप से काम करना चाहता हूं, ताकि स्कॉटलैंड के लोगों के जीवन में बदलाव लाया जा सके। ब्रिटिश सरकार ने कहा कि स्वतंत्रता का प्रश्न 2014 के जनमत संग्रह के दौरान तय किया गया था, जब स्कॉटिश मतदाताओं ने जनमत संग्रह को 45 प्रतिशत के मुकाबले 55 प्रतिशत के अंतर से खारिज कर दिया था। स्टर्जियन ने दलील दी है कि तब से स्थिति बदल गई है और उनकी अर्ध-स्वायत्त सरकार ने एक नए जनमत संग्रह के लिए जोर दिया है, लेकिन नवंबर में, ब्रिटेन के उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि स्टर्जियन की सरकार के पास ब्रिटिश सरकार की सहमति के बिना नया जनमत संग्रह कराने का अधिकार नहीं है।



# राजौरी आतंकी हमलों की जांच एनआईए को सौंपी गई जम्मू क्षेत्र के लिए सुरक्षा बनी कार्ययोजनाः शाह

**भाषा।** जम्मू



**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह** ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू कश्मीर के राजौरी में हाल ही में हुए आतंकी हमलों की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंप दी गई है। शाह ने जम्मू क्षेत्र के लोगों को एक नई कार्ययोजना के साथ एक सुरक्षित माहौल का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ग्राम रक्षा प्रहरियों को मजबूत करने का एक और दो जनवरी को धनगड़ी में हुए दोहरे हमलों से कोई लेना-देना नहीं है, जिसमें सात लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हो गए थे क्योंकि इन स्वयंसेवकों को सशक्त बनाने का निर्णय पिछले साल अगस्त में लिया गया था। एक जनवरी को आतंकवादी गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई थी, वहीं अगले दिन आईईडी विस्फोट में दो बच्चों की मौत हो गई थी।

शाह ने यहां राजभवन में एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, भारत सरकार ने (धनगड़ी में) दो दिनों के दौरान हुई दो घटनाओं से संबंधित मामले को एनआईए को सौंप दिया है। एनआईए और जम्मू पुलिस जम्मू क्षेत्र में इस मामले की और पिछले डेढ़ साल में हुई अन्य सभी आतंकी घटनाओं की साथ मिलकर जांच करेगी। शाह का धनगड़ी गांव जाने का कार्यक्रम था, लेकिन खराब मौसम के कारण नहीं जा सके। शाह ने कहा, मैं यहां राजौरी में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों से मिलने और उनका दुख साझा करने आया हूं। खराब मौसम के कारण यात्रा नहीं हो सकती, लेकिन मैंने सभी सात पीड़ित परिवारों के सदस्यों से फोन पर बात की है। शाह के साथ जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी थे।

उनका साहस देश के लिए एक उदाहरण है और उन सभी का मानना है कि यह हमारा क्षेत्र है और हम (आतंकी खतरे के चलते) इसे नहीं छोड़ेंगे। उनमें से कुछ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से आए थे और वे इतनी बड़ी घटना के बावजूद आतंकवादियों से लड़ने के लिए तैयार हैं। शाह ने कहा कि वह निश्चित रूप से दोबारा आएंगे और उनसे मिलेंगे। लोगों को आश्वासन दिया कि हमले में शामिल आतंकवादियों की पहचान करके उन्हें जल्द से जल्द अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा। सुरक्षा समीक्षा बैठक पर गृह मंत्री ने कहा कि उन्होंने विस्तृत चर्चा की जिसमें सभी सुरक्षा एजेंसियों ने हिस्सा लिया और बताया कि पुलिस, बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसआईए और सेना किसी भी स्थिति से निपटने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए शत प्रतिशत तैयार हैं। बैठक में जमीनी कार्यकर्ताओं, आतंकी समूहों की सहायता प्रणाली और उनके मुखबिरों के मुद्दे पर भी विस्तार से चर्चा हुई। हम कह सकते हैं कि (आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए) सुरक्षा खाका तैयार किया गया है और सभी एजेंसियों ने हमें आश्वासन दिया है। खुफिया एजेंसियों ने भी अपनी गतिविधियां बढ़ाने के लिए रणनीति बनाई है।

## सूरीनाम के राष्ट्रपति संतोखी ने की नड्डा से मुलाकात

**नई दिल्ली।** सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की। दोनों नेताओं की यह मुलाकात राजधानी स्थित भाजपा मुख्यालय में हुई। इस दौरान भाजपा के विदेश विभाग के प्रभारी विजय चौथाईवाले भी मौजूद थे। संतोखी पिछले दिनों मध्य प्रदेश के इंदौर में संपन्न हुए 17वें प्रवासी भारतीय दिवस समारोह के विशिष्ट अतिथि थे। संतोखी सूरीनाम के राष्ट्रपति के रूप में चुने जाने वाले भारतीय मूल के दूसरे व्यक्ति हैं। वह सूरीनाम की प्रगतिशील सुधार पार्टी के अध्यक्ष हैं और इससे पहले 2005-10 तक न्याय और पुलिस मंत्री के रूप में कार्य कर चुके हैं। उन्होंने वर्ष 2022 में कैरेबियन समुदाय और आम बाजार (कैरीकॉम) के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया है।

# भारत सभी को उच्च गुणवत्ता व कम खर्च वाली स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने को प्रयासरतः मांडविया

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि भारत हर व्यक्ति को उच्च गुणवत्ता एवं कम खर्च वाली स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने का लगातार प्रयास कर रहा है और वसुधैव कुटुम्बकम के मंत्र के आधार पर उसने दुनिया के इच्छुक देशों को टीका संबंधी डिजिटल मंच कोविन साझा किया। एक दूसरे पर निर्भर विश्व में स्वास्थ्य आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों में बदलाव की जरूरत है ताकि गुणवत्ता बनाए रखते हुए स्थानीय स्तर एवं वैश्विक दक्षिण क्षेत्र के वंचित समुदायों तक वहनीय एवं सस्ती स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराई जा सके।

मांडविया ने वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ डिजिटल शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन स्वास्थ्य मंत्रियों के एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा, कोविड-19 ने हमें बताया है कि हम एक दूसरे पर निर्भर विश्व में रह रहे हैं और जब सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति के प्रबंधन की बात आती है तब हम सभी असुरक्षा की स्थिति में होते हैं। महामारी ने स्वास्थ्य प्रणाली में वर्तमान चुनौतियों को भी रेखांकित किया है और इसमें आमूलचूल परिवर्तन की जरूरत बताई है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा आपूर्ति की व्यवस्था और आधारभूत ढांचे का निर्माण हमारे दीर्घकालिक लचीली स्वास्थ्य प्रणाली तैयार करने का केंद्रीय आयाम है ताकि भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों को लेकर तैयारी के साथ स्वास्थ्य सेवाओं को बनाए रखा जा सके। मांडविया ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में क्षेत्रीय विनिर्माण नेटवर्क समर्थित कम खर्च वाले अनुसंधान की व्यवस्था को बढ़ावा देना जरूरी है। उन्होंने दुनियाभर में मरीजों को मूल्य आधारित स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए हील इन इंडिया पहल का भी जिक्र किया। वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य समता सुनिश्चित करने की जरूरत है, खासतौर पर वैश्विक दक्षिण क्षेत्र में।

भारत ने जी20 समूह की अध्यक्षता ग्रहण की है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी वैश्विक दक्षिण की आवाज और सहयोग के महत्व को रेखांकित किया है। जी20 की भारत की अध्यक्षता में डिजिटल स्वास्थ्य पहल मुख्य प्राथमिकता होगी। मांडविया ने चिकित्सा के क्षेत्र में भारत की विशेषज्ञता, भारत के टीका मंच कोविन को दुनिया के साथ साझा करने के साथ ही आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग आदि के महत्व को भी रेखांकित किया। कोविड-19 महामारी के प्रबंधन में भारत की यात्रा का जिक्र करते हुए इसे मील का पत्थर करार दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, हमने कोविड रोधी टीके की 2.2 अरब खुराक दी। 12 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 90 प्रतिशत लोगों को टीके की दूसरी खुराक दी गई।

# हिप्र में कांग्रेस सरकार ने पुरानी पेंशन योजना की बहाली को मंजूरी दी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने मंत्रिमंडल की अपनी पहली बैठक में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। सरकार ने वर्तमान में नई पेंशन योजना (एनपीएस) के तहत आने वाले 1.36 लाख कर्मचारियों के लिए इसे लोहड़ी के उपहार के रूप में बताया। कांग्रेस पार्टी ने मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ओपीएस को बहाल करने का वादा किया था और वह इस पर कायम रही। मंत्रिमंडल ने कांग्रेस पार्टी के चुनाव घोषणा पत्र को सरकार के नीति दस्तावेज के रूप में अपनाने का भी निर्णय लिया।

मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पत्रकारों से कहा, अपने चुनावी दौरे के दौरान, एआईसीसी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने हमें ओपीएस की बहाली का वादा करने के लिए कहा था और हमने इसे प्रतिज्ञा पत्र में शामिल किया और मंत्रिमंडल की पहली बैठक में वादा पूरा किया। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन योजना का लाभ आज (13 जनवरी, 2023) से दिया जाएगा और इस संबंध में जल्द ही अधिसूचना जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने 18 से 60 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं को 1,500 रुपए प्रति माह प्रदान करने के वादे को लागू करने पर जोर देते हुए कहा कि कृषि मंत्री चंद्र कुमार की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की एक उप समिति का गठन किया गया है जिसमें धनी राम शांडिल, अनिरुद्ध सिंह और जगत नेगी को सदस्यों के रूप में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि यह समिति 1,500 रुपए प्रति माह के वितरण के लिए 30 दिनों में एक रूपरेखा तैयार करेगी।

उन्होंने कहा कि एक लाख नौकरियों की संभावना तलाशने के लिए समिति का भी गठन किया गया है। पिछली सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार को न केवल 75,000 करोड़ रुपए की कर्ज देनदारी विरासत में मिली है, बल्कि कर्मचारियों और पेंशनधारियों से संबंधित 11,000 करोड़ रुपए की देनदारी भी है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पिछली सरकार ने कर्मचारियों को 4,430 करोड़ रुपए, पेंशनधारियों को 5,226 करोड़ रुपए और छठे वेतन आयोग के तहत 1,000 करोड़ रुपए के महंगाई भत्ते का भुगतान नहीं किया है।

सुक्खू ने कहा कि एनपीएस के तहत, कर्मचारियों और सरकार ने क्रमशः दस प्रतिशत और 14 प्रतिशत का योगदान दिया और 8,000 करोड़ रुपए की राशि केंद्र सरकार के पास पड़ी है, जो यह राशि नहीं देना चाहती है लेकिन सरकार ने इसके बिना ही यह फैसला किया है और डीजल पर जीएसटी में तीन प्रतिशत की वृद्धि से अतिरिक्त धन का सृजन करने में मदद मिलेगी। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार ने ओपीएस को वोट के लिए नहीं बल्कि सामाजिक सुरक्षा देने और हिमाचल के विकास का इतिहास लिखने वाले कर्मचारियों के स्वाभिमान की रक्षा के लिए बहाल किया है। उन्होंने कहा कि मामले का गहराई से अध्ययन किया गया है और वित्त अधिकारियों द्वारा कुछ आपत्तियों के बावजूद, इस मुद्दे को सुलझा लिया गया है और नई पेंशन योजना के तहत सभी कर्मचारियों को ओपीएस के दायरे में लाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने पिछली भाजपा सरकार द्वारा बजट का आवंटन किए बगैर खोले गए 900 से अधिक संस्थानों को गैर-अधिसूचित कर दिया क्योंकि उन्हें शुरू करने के लिए 5,000 करोड़ रुपए की राशि की आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि कड़े फैसले लेने होंगे क्योंकि सरकार भारी कर्ज के तले नहीं चल सकती। एक जनवरी, 2004 से सरकारी सेवा में शामिल होने वाले कर्मचारी नई पेंशन नीति (एनपीएस) के अंतर्गत आते हैं। नई पेंशन योजना कर्मचारी महासंघ हिमाचल के अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर ने कहा, हमने सरकार को बताया था कि एनपीएस के तहत 2022-23 के लिए देनदारी 1,632 करोड़ रुपए है, जिसमें से कर्मचारी और सरकार क्रमशः 680 करोड़ रुपए और 952 करोड़ रुपए जमा करेंगे, जबकि ओपीएस के तहत देयता केवल 147 करोड़ रुपए होगी। विभिन्न कर्मचारी संघों ने फैसले की सराहना की है और सरकार को धन्यवाद दिया है।



जोशीमठ में होअल मलारी इन को गिराने से पहले तैनात किए गए पुलिसकर्मी।

# बड़ी परिवहन परियोजनाओं से बदल रहा है पूर्वोत्तरः हिमंत

**भाषा।** गुवाहाटी

**असम के** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि पूर्वोत्तर में परिवहन के माध्यम से परिवर्तन हो रहा है और इस क्षेत्र में नियमित रूप से शुरू की जाने वाली बड़ी परियोजनाएं इसकी गवाह हैं। शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से यदि पूर्वोत्तर में विकास कार्य वर्तमान गति से हुआ होता तो यह क्षेत्र बहुत पहले ही विकास पथ पर जा चुका होता। शर्मा गुवाहाटी के पांडु टर्मिनल में एक कार्यक्रम में बोल रहे थे, जिसमें नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल तरीके से भाग लिया। समारोह के दौरान, मोदी ने गुवाहाटी में एक जलीय कौशल विकास केंद्र का उद्घाटन किया, जो स्थानीय युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान करेगा। इसे छह करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है।

उन्होंने गुवाहाटी में 208 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले जहाज मरम्मत संयंत्र की आधारशिला भी रखी। यह कोलकाता में इसी तरह की सुविधा के विकल्प के रूप में काम करेगा, रोजगार पैदा करने के अलावा, जहाज मालिकों के लिए ईंधन और जनशक्ति लागत की बचत करेगा और स्थानीय सहायक उद्योगों को बढ़ावा देगा।

पांडु टर्मिनल को राष्ट्रीय राजमार्ग 27 से जोड़ने वाली एक उन्नत सड़क की आधारशिला भी प्रधानमंत्री द्वारा रखी गई। परियोजना की लागत 180 करोड़ रुपए होगी और यह मालवाहक वाहनों की चौबीसों घंटे और सातों दिन आवाजाही की अनुमति देगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज एमवी गंगा विलास को हरी झंडी दिखाकर वाराणसी से रवाना किया। यह वाराणसी से ढाका के रास्ते असम के डिब्रूगढ़ तक जाएगा।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि 2014 में, जब केंद्र में पहली मोदी सरकार बनी थी, तब प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर के लिए "परिवहन के माध्यम से परिवर्तन" की परिकल्पना की थी। उन्होंने कहा, हमने रेलवे और राजमार्गों में प्रगति देखी है। ध्यान अब जलमार्गों पर है और हम अब इस क्षेत्र में काफी विकास देख रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में नियमित रूप से शुरू होने वाली बड़ी परियोजनाएं लोगों को आश्वस्त करती हैं कि विकास हो रहा है। ऐसे में जब गुवाहाटी और डिब्रूगढ़ जी20 बैठक स्थलों में शामिल हैं, उन्होंने दावा किया कि पिछली सरकारों के तहत, इस तरह के बड़े कार्यक्रम बड़े शहरों तक ही सीमित थे। उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर के लोग इसके लिए आभारी हैं। हमें लगता है कि आजादी के बाद से इस क्षेत्र के विकास पर इतना जोर दिया गया होता, तो हमारी स्थिति में पहले ही काफी सुधार हो गया होता। शर्मा ने कहा कि एमवी गंगा विलास से पर्यटकों को कामाख्या मंदिर, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, माजुली द्वीप और असम में चाय शहर डिब्रूगढ़ जैसे स्थानों का दौरा करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि पर्यटकों के साथ हमेशा अत्यंत सम्मान और सौहार्दपूर्ण व्यवहार किया जाएगा।

## तिरुमाला बालाजी मंदिर को 2022 में श्रद्धालुओं से मिले 1,450 करोड़ रुपए

**तिरुपति (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश की तिरुमाला पहाड़ियों पर स्थित भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर को वर्ष 2022 में श्रद्धालुओं से भेंट (हुंडी संग्रह) में 1,450 करोड़ रुपए से अधिक मिले। इस मंदिर को दुनिया का सबसे अमीर हिंदू मंदिर माना जाता है। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के कार्यकारी अधिकारी धर्म रेड्डी के अनुसार, पिछले साल मंदिर में 2.37 करोड़ श्रद्धालु आए। 2021 में मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 1.04 करोड़ रही और उनसे हुंडी संग्रह के रूप में 833.41 करोड़ रुपए प्राप्त हुए थे। रेड्डी ने एक संवाददाता सम्मेलन में मीडियाकर्मियों से कहा, 2022 में 2.37 करोड़ श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन किए और हुंडी में 1,450.50 करोड़ रुपए प्राप्त हुए। मंदिर प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि आंकड़ों की तुलना नहीं की जा सकती, क्योंकि 2021 और 2022 की शुरुआत के ज्यादातर हिस्से कोविड-19 पाबंदियों के तहत थे।

# नागरिक अधिकारों को प्रभावित करने वाले कानून के समान कर कानूनों का परीक्षण नहीः न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि नागरिक अधिकारों को प्रभावित करने वाले कानूनों की कसौटी पर ही कर कानूनों का परीक्षण नहीं किया जा सकता तथा इन कानूनों की पड़ताल करते समय कानून निर्माताओं को व्यापक छूट देनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के जुलाई 2007 के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें हिमाचल प्रदेश मोटर वाहन कराधान (संशोधन) अधिनियम, 1999 की धारा 3ए(3) को अधिकारातीत माना गया था।

न्यायमूर्ति एस के कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अदालतों को न्यायिक संयम दिखाना चाहिए और कर कानून में तब तक हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए जब तक यह दिखाया और साबित नहीं किया जाता है कि इस तरह के कर कानून स्पष्ट रूप से अन्यायपूर्ण या असंवैधानिक हैं।

शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय की राय थी कि धारा 3ए(3) के तहत लगाया गया कर दंड की प्रकृति का है, जिसके लिए राज्य विधानमंडल के पास कानून बनाने की कोई शक्ति नहीं है। राजकोषीय कानूनों में हस्तक्षेप की गुंजाइश का उल्लेख करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा, अब तक यह अच्छी तरह से स्थापित हो गया है कि किसी भी कर कानून में आसानी से हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता है। पीठ में न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ भी शामिल थे। यह भी संज्ञान लिया गया कि 1999 के संशोधन अधिनियम द्वारा, धारा 3ए (विशेष सड़क उपकर) पेश किया गया था और यह विशेष सड़क कर धारा 3 के तहत लगाए गए कर के अतिरिक्त था।

## शरद यादव का अंतिम संस्कार आज मध्यप्रदेश के उनके पैतृक गांव में होगा

**भोपाल/नर्मदापुरम।** वरिष्ठ समाजवादी नेता और जद (यूनाइटेड) के पूर्व अध्यक्ष शरद यादव का अंतिम संस्कार शनिवार को मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले में उनके पैतृक गांव में किया जाएगा। यह जानकारी उनके एक करीबी सहयोगी ने भोपाल में दी। पूर्व केंद्रीय मंत्री यादव का गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में बृहस्पतिवार को निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। जद (यू) की मध्यप्रदेश इकाई के पूर्व प्रमुख एवं यादव के करीबी सहयोगी गोविंद यादव ने कहा कि वरिष्ठ नेता का अंतिम संस्कार नर्मदापुरम (पहले होशंगाबाद) जिले की बाबई तहसील के उनके पैतृक गांव आंखमऊ में शनिवार को किया जाएगा। यादव का पार्थिव शरीर चार्टर विमान से शनिवार सुबह करीब 11 बजे दिल्ली से भोपाल लाया जाएगा, जहां से इसे सड़क मार्ग से उनके पैतृक गांव आंखमऊले जाया जाएगा। दोपहर डेढ़ बजे के बाद उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### एफसीआई भ्रष्टाचारः सीबीआई ने 19 और स्थानों पर मारे छापे, एक अन्य अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के अधिकारियों, चावल मिल मालिकों तथा अनाज कारोबारियों के भ्रष्ट सिंडिकेट के खिलाफ जारी अभियान के तहत 19 अन्य स्थानों पर छापे मारे और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया तथा 23 लाख रुपए बरामद किए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि एजेंसी ने 99 स्थानों पर छापे मारे है जिनमें 90 स्थान पंजाब और चंडीगढ़ मे है और नौ स्थान देश के बाकी हिस्सो मे है। इनमे उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु मे चेन्नई शामिल है। उन्होने बताया कि छापेमारी के दौरान अतिरिक्त 23 लाख रुपए जब्त किए गए और अब कुल जब्त राशि बढ़कर 1.03 करोड़ हो गई है। पटियाला मे एफसीआई के एक अन्य प्रबंधक सतीश वर्मा को गिरफ्तार किया गया है और वह अभी पुलिस हिरासत मे है। सीबीआई ने एफसीआई मे कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ बुधवार को ऑपरेशन कनक शुरू किया और पंजाब, हरियाणा व दिल्ली मे 50 जगहो पर छापेमारी की। एफसीआई मे अधिकारियों, चावल मिल मालिकों और बिचौलियो समेत अन्य के कथित गठजोड़ का पता लगाने के लिए छह महीने तक गोपनीय अभियान चलाने के बाद प्राथमिकी मे एफसीआई के कार्यकारी निदेशक सुदीप सिंह समेत 74 लोगों को आरोपी बनाया गया है। ये लोग कथित तौर पर भ्रष्ट गतिविधियों में लिप्त थे। 74 आरोपियों मे से 34 सेवारत और तीन सेवानिवृत्त अधिकारी व 20 संस्थाएं शामिल है।

### राज्यपाल रवि के साथ टकराव का राजनीतिकरण करना मुझे पसंद नहीं : मुख्यमंत्री स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने शुक्रवार को विधानसभा मे कहा कि वह राज्यपाल आर.एन. रवि के साथ हालिया टकराव के संबंध मे बात करना और इसका राजनीतिकरण करना पसंद नही करते है। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए, स्टालिन ने कहा कि राज्यपाल रवि ने तमिलनाडु सरकार के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की सराहना करते हुए अपना संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने नौ जनवरी को सदन मे अपने अभिभाषण के दौरान विकास के उद्देश्य से उठाए जा रहे भविष्य के कदमो की भी जानकारी दी। गौरतलब है कि राज्यपाल रवि ने सोमवार को राज्य विधानसभा मे अपने परंपरागत अभिभाषण से हटकर संबोधन दिया था और स्टालिन ने इसके खिलाफ एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसके बाद राज्य सरकार और राजभवन के बीच पहले से टकराव वाले संबंधो मे और तनाव आ गया।

### निर्वाचन आयोग का दल दो दिवसीय दौरे पर नगालैंड पहुंचा

**कोहिमा।** निर्वाचन आयोग का 16 सदस्ईय दल दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को नगालैड पहुंचा। यह दल आगामी विस चुनाव के मद्देनजर विभिन्न राजनीतिक दलो के नेताओ और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियो के साथ बैठकें करेगा। नगालैंड मे इस वर्ष विधानसभा चुनाव होने है,मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो की सरकार का कार्यकाल चार मार्च को समाप्त हो रहा है। यह दल जिला निर्वाचन अधिकारियों, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के साथ, तथा पहली बार मतदान करने वाले लोगो और राजनीतिक दलो के सदस्यो के साथ बैठकें करेगा। नगालैड पीपुल्स ऐक्शन कमेटी ने शनिवार को सुबह छह बजे से छह घंटे के बंद का आह्वान किया है। एनपीएसी के एक सदस्य ने कहा कि यह बंद नगा राजनीतिक मुद्दे को सुलझाए बिना विधानसभा चुनाव कराने के विरोध मे आहूत किया गया है।

### सीबीआई को जमीन के बदले नौकरी घोटाले के सिलसिले में लालू के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** सीबीआई को जमीन के बदले नौकरी घोटाले के सिलसिले मे पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए केंद्र की मंजूरी मिल गई है। अधिकारियो ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होने कहा कि एजेंसी ने शुक्रवार को एक विशेष अदालत के समक्ष मंजूरी के बारे मे बताया। उन्होने कहा कि विशेष अदालत के लिए एजेंसी द्वारा दायर आरोप पत्र का संज्ञान लेने के वास्ते सक्षम प्राधिकार से मुकदमा चलाने की स्वीकृति एक शर्त है।

### पर्यावरण अनुकूल वाहन उतारे

**नई दिल्ली।** एमजी मोटर इंडिया ने सस्टेनेबिलिटी पर खास फोकस के साथ भारत में गतिशीलता के भविष्य को प्रदर्शित करते हुए ऑटो एक्सपो 2023 में अपनी थर्ड जेनरेशन की हाइड्रोजन फ्यूल सेल टेक्नोलॉजी से चलने वाले न्यू एनर्जी व्ही कल्स यएनईवी का प्रदर्शन किया। दुनिया का नेतृत्व कर रहा हाइड्रोजन फ्यूलणसेल सिस्टम पर्यावरण के अनुकूल और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों पर आधारित है। यह स्वच्छ पर्यावरण में यूजर्स को सक्षम और बेहतरीन तरीके से यात्रा की सुविधा देने की प्रतिबद्धता व्यक्त करता है। हाइड्रोजन फ्यूलणसेल सिस्टम को सबसे पहले 2001 में फीनिक्स के नंबर 1 फ्यूल सेल व्हीहकल प्रोजेक्ट के लिए लॉन्च किया गया था।

# रामचरितमानस को लेकर मंत्री की मुश्किलें बढ़ीं

**पटना।** महाकाव्य रामचरितमानस के बारे में अपमानजनक टिप्पणी को लेकर बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर की मुश्किलें शुक्रवार को बढ़ती दिखी। बिहार के एक से अधिक जिलों की अदालतों में कई याचिकाएं दायर की गईं हैं जिनमें राजद नेता पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया गया, जबकि उनकी पार्टी ने कहा कि उन्होंने वास्तव में भाजपा जो कमंडलवादियों का प्रतिनिधित्व करती है, के बारे में कहा था। बिहार के मुजफ्फरपुर की एक अदालत में अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा और राजीव कुमार के अलावा गरीब नाथ मंदिर के महंत अभिषेक पाठक और स्थानीय हिंदू संगठन के नेता श्याम सुंदर ने मंत्री के खिलाफ याचिकाएं दायर की। उन्होंने हिंदू भावनाओं का जानबूझकर अपमान करने के लिए राजद नेता के खिलाफ भादंवि की संगत धाराओं के तहत मुकदमा चलाए जाने की प्रार्थना की है। अदालत ने मामले की आगे की सुनवाई के लिए 25 जनवरी की तारीख तय की है।

बेगूसराय जिले के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में अधिवक्ता अमरेंद्र कुमार अमर ने भी इसी तरह की याचिका दायर की है। याचिका पर अदालत द्वारा सुनवाई के लिए तारीख का निर्धारण किया जाना अभी बाकी है। चंद्रशेखर ने नालंदा खुला विवि के दीक्षांत समारोह में मध्ययुगीन संत गोस्वामी तुलसीदास द्वारा लिखित रामायण के लोकप्रिय संस्करण रामचरितमानस पर टिप्पणी की थी। बाद में जब पत्रकारों द्वारा उनसे उनके बयान के बारे में पूछे जाने पर वे अपनी बात पर अड़े रहे और कहा, मनु स्मृति, रामचरितमानस और बंच ऑफ थॉट्स (आरएसएस विचारक एमएस गोलवलकर द्वारा लिखित) ने समाज में नफरत को बढ़ावा दिया है। यही कारण है कि इन (कार्यों) को दलितों और ओबीसी से विरोध का सामना करना पड़ रहा है। मंत्री ने कहा था कि वह रामचरितमानस से सामाजिक भेदभाव की निंदा करने वाले सभी छंदों को निकाले जाने की वे मांग करेंगे। भाजपा और इसके नेताओं ने मंत्री को उनके विवादित बयान को लेकर उन्हें बर्खास्त करने की मांग की है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू ने मामले को तूल पकड़ते देख मंत्री को ऐसे बयान देने से परहेज करने की सलाह दी है। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जो अपने पिता और राजद के संस्थापक प्रमुख लालू प्रसाद के राजनीतिक उत्तराधिकारी माने जाते हैं, ने विवाद के बारे में पत्रकारों के सवालों को टाल दिया। यादव ने संवाददाताओं के काफिले के पास से गुजरते हुए कहा, मैं अपने वरिष्ठ नेता शरद यादव के निधन से स्तब्ध हूं। मैं इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के पास दिल्ली जा रहा हूं। राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने पटना में पार्टी कार्यालय में संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि शिक्षा मंत्री के शब्दों ने कमंडलवादियों को नाराज कर दिया हैअ कमंडल के आगे मंडल हार नहीं मानेगा। राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी ने मध्यम मार्ग अपनाते हुए कहा, समाजवादी विचारक राम मोहन लोहिया अक्सर कहा करते थे कि हमारी परंपरा में ऐसा बहुत कुछ है जिसकी तुलना गहनों से की जा सकती है।

## केंद्र ने तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की

**नई दिल्ली।** केंद्र ने तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई की सशस्त्र वीआईपी सुरक्षा को बढ़ाकर जेड श्रेणी का कर दिया है। शुक्रवार को यह जानकारी दी। जेड श्रेणी सुरक्षा घेरे के तहत, लगभग 30 कमांडो की एक टीम सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति के साथ उसके ठहरने के स्थान पर और जब भी वह कहीं जाता है, पालियों में चौबीस घंटे तैनात रहती है। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट में भाजपा तमिलनाडु प्रमुख के सुरक्षा घेरे को राज्य पुलिस सुरक्षा के साथ-साथ एक्स श्रेणी से बढ़ाकर जेड श्रेणी करने की बात कही गई थी। आईपीएस अधिकारी से नेता बने 38 वर्षीय अन्नामलाई को उनके काफिले में एक पायलट और एस्कॉर्ट वाहन रखने के लिए अधिकृत करेगा। सीआरपीएफ अपने वीआईपी सुरक्षा कार्य के तहत लगभग 100 गणमान्य लोगों को सुरक्षा प्रदान करता है। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके बच्चे राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा शामिल हैं।

# ईडी के समक्ष नही पेश हुए आरोपी विधायक, अतिरिक्त मोहलत मांगी

**भाषा।** रांची

**नकदी बरामदगी** मामले में जांच के दायरे में आए कांग्रेस के निलंबित विधायक इरफान अंसारी ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश होने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा है। एक अधिकारी ने बताया कि एजेंसी ने अंसारी की ही कार से नकद बरामदगी की जांच के सिलसिले में उन्हें तलब किया था, जिसमें वह पार्टी विधायकों राजेश कच्छप और नमन बिक्सल के साथ यात्रा कर रहे थे। गत वर्ष जुलाई में हावड़ा जिले में उनके वाहन से 49 लाख रुपए नकद बरामद होने के बाद पश्चिम बंगाल पुलिस ने तीनों विधायकों को गिरफ्तार कर लिया था।

अंसारी ने कहा कि उन्होंने चिकित्सा के आधार पर एजेंसी से समय मांगा है। उन्होंने कहा, मेरे वकील चंद्र भानु सिंह ने आज ईडी कार्यालय का दौरा किया और अतिरिक्त मोहलत की गुहार लगाई। अगली तारीख जब भी दी जाएगी, मैं पेश होऊंगा और जांच में अपना पूरा सहयोग दूंगा।

ईडी ने अन्य दो विधायकों को अगले सप्ताह पूछताछ के लिए तलब किया है। ईडी ने इस मामले में 24 दिसंबर को कांग्रेस विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह से नौ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी। सिंह ने रांची के अरगोड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि झामुमो के नेतृत्व वाली झारखंड सरकार को गिराने के लिए तीन विधायकों ने उन्हें 10 करोड़ रुपए और मंत्री पद की पेशकश की थी। सिंह ने दावा किया था कि उन्हें आरोपी के तौर पर नहीं, बल्कि मामले में शिकायतकर्ता के तौर पर समन किया गया था। प्रवर्तन निदेशालय इस मामले में धनशोधन के पहलू की जांच कर रहा है।

# विश्वकप हाकी में भारत का जीत से आगाज

## ● स्पेन को 2-0 गोल से पराजित किया

**भाषा।** राउरकेला



**आत्मविश्वास से** ओतप्रोत भारतीय टीम ने खचाखच भरे बिरसा मुंडा स्टेडियम पर शुक्रवार को एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप के अपने पहले मैच में स्पेन को 2-0 से हराकर शानदार आगाज किया।

पिछले 48 वर्ष से विश्व कप में पदक का इंतजार कर रही भारतीय टीम की पूल डी में शीर्ष पर रहकर सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को इस जीत से बल मिला है। भारतीय हॉकी की नर्सरी कहे जाने वाले सुंदरगढ जिले के अमित रोहिदास ने जैसे ही 12वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर पहला गोल किया, दर्शकों के शोर से पूरा स्टेडियम गूंज उठा। दुनिया का सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम बताए जा रहे बिरसा मुंडा स्टेडियम पर यह पहला अंतरराष्ट्रीय मैच था। भारत के लिए दूसरा गोल 26वें मिनट में हार्दिक सिंह ने किया जो अकेले गेंद को लेकर सर्कल में गए थे। गेंद पर नियंत्रण के मामले में भारत का दबदबा रहा और जीत का अंतर अधिक भी हो सकता था लेकिन भारत ने पांच में से चार पेनल्टी कॉर्नर गंवाए। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकरों में शुमार कप्तान हरमनप्रीत सिंह पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल नहीं कर सके। युवा गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक ने पेनल्टी कॉर्नर समेत कई शानदार बचाव किए। पिछले साल प्रो लीग के चार मैचों में से भारत को दो में हराने वाली स्पेन की टीम को मिले तीनों पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए। पहले क्वार्टर के आखिरी मिनटों में ही भारत ने आक्रामक खेल दिखाते हुए हमले बोले जिससे उसे लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले और दूसरे पर रोहिदास ने गोल किया। इसके बाद भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन हरमनप्रीत गोल नहीं कर सके। दूसरे क्वार्टर में भी भारत का दबदबा रहा और हाफटाइम से चार मिनट पहले हार्दिक ने बाईं ओर से दौड़ते हुए अकेले दम पर शानदार फील्ड गोल दागा। तीसरे और चौथे क्वार्टर में कोई गोल नहीं हो सका। ब्रेक के दो मिनट बाद ही भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला लेकिन दबाव में दिख रहे हरमनप्रीत गोल करने में नाकाम रहे। इससे पहले एक अन्य मैच में इंग्लैंड ने वेल्स को 5 . 0 से हराया।

## राउरकेला पर चढ़ा हॉकी का बुखार, बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित हुआ पहला अंतरराष्ट्रीय मैच

**राउरकेला।** हजारों लोग शुक्रवार को यहां बिरसा मुंडा स्टेडियम में इंग्लैंड और वेल्स के बीच पुरूष हॉकी विश्व कप का शुरूआती मैच देखने पहुंचे जिससे देश में हॉकी का गढ़ कहे जाने वाले इस स्थान पर खेल का बुखार चढ़ चुका है। भारत के आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर रखे गए 21,000 दर्शकों की क्षमता वाले इस स्टेडियम को दुनिया का सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम कहा जा रहा है और राज्य की परंपरा के मुताबिक पूल डी के इस मैच को देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में राउरकेला सबसे बड़ा शहर है जिसे भारतीय हॉकी का उद्गम स्थान माना जाता है जहां से 60 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी (पुरूष और महिला) निकले है जिसमें हॉकी इंडिया के मौजूदा अध्यक्ष दिलीप टिर्की भी शामिल है। पंजाब के संसारपुर को पहले भारतीय हॉकी की नर्सरी माना जाता था लेकिन हाल के समय मे इसमें गिरावट देखने को मिली है।

## पहले मैच में अर्जेंटीना ने दक्षिण अफ्रीका को हराया



**भुवनेश्वर।** पूर्व ओलंपिक चैम्पियन अर्जेंटीना को एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप मे पूल ए के पहले मैच मे दुनिया की 14वे नंबर की टीम दक्षिण अफ्रीका ने काफी कड़ी चुनौती दी हालांकि अर्जेंटीना ने यह मैच 1-0 से जीता। पहले दो क्वार्टर मे कोई गोल नही हो सका। रियो ओलंपिक 2016 की चैम्पियन अर्जेंटीना के लिए 42वें मिनट मे केसला मेइको ने गोल दागा। पहले क्वार्टर मे दक्षिण अफ्रीका ने लगातार हमले बोले लेकिन उसे सफ्लता नही मिल सकी। दूसरे क्वार्टर मे अर्जेंटीना ने मजबूती से वापसी करते हुए लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर बनाए लेकिन गोल नही हो सका। ब्रेक के बाद दक्षिण अफ्रीका को भी पेनल्टी कॉर्नर मिला जो बेकार गया। अर्जेंटीना ने 42वें मिनट मे जवाबी हमले पर मेइको के गोल के दम पर बढ़त बनाई। आखिरी क्वार्टर में दक्षिण अफ्रीका ने तेज हमले बोले लेकिन अर्जेंटीना का डिफेंस काफी मजबूत था। अब अर्जेंटीना का सामना 16 जनवरी को दुनिया की नंबर एक टीम आस्ट्रेलिया से होगा जबकि दक्षिण अफ्रीका की टक्कर फ्रांस से होगी।

# हैवर्ड और क्रेग की हैट्रिक आस्ट्रेलिया जीता

## ● आस्ट्रेलिया ने फ्रांस को 8-0 से हराया

**भाषा।** भुवनेश्वर



**जेरेमी हैवर्ड** और टॉम क्रेग की हैट्रिक से दुनिया की नंबर एक टीम आस्ट्रेलिया ने एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप में पूल ए के मैच में शुक्रवार को फ्रांस को 8 -0 से रौंदा। क्रेग ने आठवें, 31वें और 44वें मिनट में फील्ड गोल दागे जबकि हैवर्ड ने 12 मिनट के भीतर तीनों गोल 26वें, 28वें और 38वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर किए। इससे पहले पूर्व ओलंपिक चैम्पियन अर्जेंटीना को दुनिया की 14वें नंबर की टीम दक्षिण अफ्रीका ने काफी कड़ी चुनौती दी हालांकि अर्जेंटीना ने यह मैच 1-0 से जीता। पहले दो क्वार्टर में कोई गोल नहीं हो सका। रियो ओलंपिक 2016 की चैम्पियन अर्जेंटीना के लिए 42वें मिनट में केसला मेइको ने गोल पहले क्वार्टर में दक्षिण अफ्रीका ने लगातार हमले बोले लेकिन उसे सफलता नहीं मिल सकी। दूसरे क्वार्टर में अर्जेंटीना ने मजबूती से वापसी करते हुए लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर बनाए लेकिन गोल नहीं हो सका। ब्रेक के बाद दक्षिण अफ्रीका को भी पेनल्टी कॉर्नर मिला जो बेकार गया। अर्जेंटीना ने 42वें मिनट में जवाबी हमले पर मेइको के गोल के दम पर बढत बनाई। आखिरी क्वार्टर में दक्षिण अफ्रीका ने तेज हमले बोले लेकिन अर्जेंटीना का डिफेंस काफी मजबूत था। अब अर्जेंटीना का सामना 16 जनवरी को दुनिया की नंबर एक टीम आस्ट्रेलिया से होगा जबकि दक्षिण अफ्रीका की टक्कर फ्रांस से होगी।

### पाउलो बाडोसा जांघ की चोट के कारण एडीलेड इंटरनेशनल से बाहर

**वाशिंगटन।** पाउला बाडोसा ने जांघ की चोट के कारण एडीलेड इंटरनेशनल टेनिस के सेमीफाइनल से नाम वापिस ले लिया है जिससे पांचवी वरीयता प्राप्त डारिया कासात्किना को वाकओवर मिल गया। वेरोनिका कुदेरमेतोवा ने भी बाएं कूल्हे की चोट के कारण बेलिंडा बेंचिच के खिलाफ नही खेलने का फैसला किया। अब कासात्किना का सामना शनिवार को बेंचिच से होगा।

### विश्व महिला 9–बॉल चैम्पियनशिप में भाग लेगी नौ वर्षीय एनआरआई तन्वी

**वाशिंगटन।** विश्व महिला 9-बॉल चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए नौ वर्षीय प्रवासी भारतीय तन्वी वालेम को आमंत्रित किया गया है। इसकी जानकारी मीडिया विज्ञप्ति में दी गई जिससे वह पूल टूर्नामेंट के लिए आमंत्रित की जाने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बन गई। 2023 वामुई विश्व महिला 9-बॉल चैम्पियनशिप चार साल के बाद 19 से 22 जनवरी तक अटलांटिक सिटी मे आयोजित की जाएगी। तन्वी ने इसी तरह की उपलब्धि नवंबर 2022 मे पुअर्तो रिको में विश्व जूनियर 9-बॉल चैम्पियनशिप मे भाग लेकर हासिल की थी। हैदराबाद मे जन्मी तन्वी अपने माता-पिता के साथ अमेरिका के मैरीलैंड मे रहती है।

### ओडिशा की महिला क्रिकेटर का शव कटक के पास जंगल में मिला

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की महिला क्रिकेटर राजश्री स्वांई 11 जनवरी से लापता थी और उनका शव शुक्रवार को कटक के करीब घने जंगल में मिला। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। कटक के पुलिस उपायुक्त पिनाक मिश्रा ने कहा कि उनका शव अथागढ़ क्षेत्र मे गुरूदिझाटिया जंगल में एक पेड़ से लटका हुआ मिला था। राजश्री के कोच ने बृहस्पतिवार को कटक मे मंगलाबाग पुलिस थाने में उनके लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। गुरूदिझाटिया पुलिस स्टेशन में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया जाएगा।

### कोसियारेटो और डेविस भिड़ेंगी होबार्ट डब्ल्यूटीए फाइनल में

**होबार्ट।** पूर्व आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन सोफिया केनिन को गुरूवार को होबार्ट डब्ल्यूटीए अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मे एलिसाबेटा कोसियारेटो से 7-5, 4-6, 6-1 से हार का सामना करना पड़ा। केनिन ने 2020 मे आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीता था। सोमवार से शुरू हो रहे आस्ट्रेलियाई ओपन के लिए होबार्ट डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट तैयारी का टूर्नामेंट है। होबार्ट डब्ल्यूटीए फाइनल में 21 वर्षीय कोसियारेटो का सामना लॉरेन डेविस से होगा। डेविस ने दूसरे सेमीफाइनल में अन्ना ब्लिंकोवा को 6-3, 6-3 से पराजित किया।


### नौरी एएसबी क्लासिक टूर्नामेंट के फाइनल में

**ऑक्लैड।** कैमरोन नौरी ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में अमेरिका के जेनसन ब्रुक्सबाई को 6-3, 6-4 से हराकर एएसबी क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल मे प्रवेश किया। वह 2019 में भी फाइनल मे पहुंचे थे लेकिन अमेरिका के टेनिस सैंडग्रेन से हार गए थे। शनिवार को फाइनल में नौरी का सामना फ्रांस के अनुभवी रिचर्ड गैस्केट से होगा।

# उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का मैच ड्रॉ

## ● रणजी राउंडअप

## ● तिवारी-घारामी ने बंगाल को दिलाई जीत



हिम्मत सिंह का शतक

**लखनऊ ।** लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेली जा रही रणजी मुकाबले में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का मैच ड्रॉ रहा।
वंही भारत के सीमित ओवरों के पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी और उदीयमान खिलाड़ी सुदीप घारामी के शानदार प्रदर्शन से बंगाल ने बड़ौदा को सात विकेट से हराकर रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए की तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। दोनों ने आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी करते हुए शतकीय साझेदारी की जबकि एक समय ऐसा लग रहा था कि 177 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच बंगाल के हाथ से निकल जाएगा। तीसरे दिन तीन विकेट 53 रन पर गिरने के बाद घारामी (नाबाद 76) और तिवारी (नाबाद 60) ने बड़ौदा के गेंदबाजों को कोई और कामयाबी हाथ नहीं लगने दी। दोनों ने 126 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को जीत दिलाई। नादौन में एक अन्य मैच में ओडिशा को हिमाचल प्रदेश ने तीन विकेट से हराया। ओडिशा के पहली पारी के 191 रन के जवाब में हिमाचल ने 258 रन बनाए थे। ओडिशा ने दूसरी पारी में 374 रन बनाए और हिमाचल ने सात विकेट खोकर 310 रन बना लिए।

### दिल्ली ने आंध्र से ड्रॉ खेला लेकिन नॉकआउट की दौड़ से बाहर

**नई दिल्ली।** हिम्मत सिंह के शतक और आखिरी विकेट के लिए हर्षित राणा और दिविज मेहरा के बीच 65 रन की साझेदारी की मदद से दिल्ली ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी के मैच मे आंध्र से ड्रॉ खेलकर सत्र मे पहले तीन अंक हासिल किए लेकिन नाकआउट की दौड़ से बाहर हो गई। पांच मैचों मे सिर्फ पांच अंक के कारण हालांकि दिल्ली नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो गई है। अगले दो मैचों मे मुंबई और हैदराबाद के खिलाफ पूरे अंक लेने से भी वह ग्रुप मे शीर्ष दो मे नही रह सकती। सौराष्ट्र के खिलाफ पिछले मैच से बाहर किए गए हिम्मत ने 204 गेंद में 10 चौको और तीन छक्को की मदद से 104 रन बनाए जिसकी मदद से दिल्ली ने पहली पारी में नौ विकेट पर 488 रन बनाए थे। आंध्र ने पहली पारी नौ विकेट पर 459 रन पर घोषित की थी। हिम्मत आउट होने वाले नौवे बल्लेबाज रहे जब स्कोर 423 रन था। उस समय दिल्ली 33 रन पीछे थी लेकिन दिविज और हर्षित ने क्रमशः 32 और 33 रन बनाए। पुणे में महाराष्ट्र ने तमिलनाडु के खिलाफ दूसरी पारी मे पांच विकेट पर 364 रन बनाए। इससे पहले महाराष्ट्र के 446 रन के जवाब मे तमिलनाडु ने पहली पारी में 404 रन बनाए थे। गुवाहाटी मे मुंबई ने असम को हराया।

# मध्य प्रदेश ने गुजरात को 206 रन से हराया

## ● ग्रुप डी में शीर्ष स्थान मजबूत किया

**इंदौर।** गत चैम्पियन मध्य प्रदेश ने शुक्रवार को यहां रणजी ट्राफी मैच में गुजरात को 206 रन से हराकर ग्रुप डी मे अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया। शुभम शर्मा मध्य प्रदेश की जीत के स्टार रहे जिन्होंने 72 और नाबाद 101 रन की पारी खेलकर अपनी टीम को जीत तक पहुंचाया। पहली पारी मे विकेटकीपर हिमांशु मंत्री (159 रन) के शतक और शुभम (72 रन) की अर्धशतक से 312 रन का स्कोर खड़ा करने वाली मध्य प्रदेश ने गुजरात को 211 रन पर समेट दिया। गुजरात के लिए कप्तान प्रियांक पंचाल 71 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि मनन हिंगराजिया ने 66 रन बनाए। मध्य प्रदेश की दूसरी पारी मे शुभम ने तेजी से महज 118 गेंद में शतक जड़ दिया जिसमें आठ चौके और तीन छक्के जड़े थे। मंत्री (65 रन) और रजत पाटीदार (57 रन) ने भी बल्ले से उपयोगी योगदान दिया जिससे मध्य प्रदेश ने दूसरी पारी 71.3 ओवर में छह विकेट पर 280 रन पर घोषित कर गुजरात को जीत के लिए 382 रन का लक्ष्य दिया। लेकिन इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात की पारी लड़खड़ा गई जिसमें ऑफस्पिनर सारांश जैन (64 रन देकर चार विकेट) ने शुरूआती झटके दिए। मध्यम गति के गेंदबाज गौरव यादव (41 रन देकर तीन विकेट) ने भी अपने साथी गेंदबाज का पूरा सहयोग किया जिससे मध्य प्रदेश ने गुजरात की पूरी टीम को 40.3 ओवर मे 121 रन पर समेटकर मैच से पूरे अंक हासिल किए। मोहाली में मेजबान पंजाब ने जम्मू कश्मीर को चार विकेट से हराकर ग्रुप डी मे दूसरा स्थान हासिल किया। जम्मू कश्मीर ने पहली पारी मे 212 और पंजाब ने 268 रन बनाए। जम्मू कश्मीर ने दूसरी पारी मे 260 रन बनाकर पंजाब को जीत के लिए 205 रन का लक्ष्य दिया जिसने अभिषेक शर्मा (83 रन) के अर्धशतक और मंदीप सिंह की नाबाद 45 रन की पारी से इसे 24.5 ओवर मे छह विकेट पर 210 रन बनाकर हासिल कर लिया। चंडीगढ़ मे विदर्भ और चंडीगढ़ के बीच मैच ड्रा रहा और दोनो टीमो को एक एक अंक मिले क्योंकि खराब मौसम के कारण चंडीगढ़ की टीम पहली पारी भी समाप्त नही कर पाई थी। विदर्भ ने संजीव रघुनाथ के 133 रन की मदद से पहली पारी 73.2 ओवर मे छह विकेट पर 307 रन पर घोषित की। चंडीगढ़ की टीम पहली पारी मे पांच ओवर ही खेल सकी जिसमे उसने एक विकेट पर 16 रन बनाए।

# कड़ी मेहनत पर वनडे में दोहरी भूमिका निभाने से राहुल को कोई शिकायत नही



**भाषा।** कोलकाता

**के एल राहुल** को वनडे में विकेटकीपर-बल्लेबाज की दोहरी भूमिका निभाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है लेकिन उन्हें इसके लिए कोई शिकायत नहीं है क्योंकि उनकी प्राथमिकता अंतिम एकादश में बने रहना है। टेस्ट में राहुल भारत के लिए नियमित रूप से सलामी बल्लेबाज के स्थान पर खेलते हैं। लेकिन अब चोटिल ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में उन्हें विकेटकीपिंग की भूमिका निभानी पड़ रही है और साथ ही उन्हें बल्लेबाजी क्रम में भी पांचवें नंबर पर उतारा जा रहा है क्योंकि शुभमन गिल सलामी बल्लेबाज के तौर पर खेल रहे हैं। राहुल ने कहा कि टीम इस बारे में काफी स्पष्ट है कि वह उनसे क्या भूमिका चाहते हैं। उन्होंने यहां श्रीलंका के खिलाफ दूसरे वनडे में जीत से तीन मैचों की श्रृंखला जीतने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा, निश्चित रूप से, मैंने यह अब करीब दो साल तक ऐसा किया है। 2019 के अंत से पूरे 2020 तक और 2021 में भी कुछ मैचों में भी। टीम ने मुझे इस स्थान पर और इस भूमिका में रमने के लिए समय दिया है। जब आपको अपने कप्तान और कोच का साथ मिले तो इससे आपको फोकस करने में मदद मिलती है और टीम भी यही चाहती है। हां, मैं अन्य प्रारूपों में जो करता हूं, यह उससे अलग है जिससे मैं हमेशा सतर्क रहता हूं, इससे मुझे चुनौती मिलती है, यह अलग भूमिका है जिससे मुझे अपना खेल बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलती है। राहुल को इस अतिरिक्त जिम्मेदारी के लिए अपनी फिटनेस पर कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है। मुझे थोड़ा अलग करना पड़ रहा है क्योंकि मुझे मध्यक्रम के लिए आना होता है। विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी शरीर के लिए थोड़े ज्यादा थकाऊहो सकती है क्योंकि मैंने यह ज्यादा लंबे समय के लिए नहीं किया।

### हैंड्सकोंब चोटिल, अधिकारियों को भारत दौरे के लिए समय पर फिट होने की उम्मीद

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज पीटर हैंड्सकोंब के कूल्हे मे चोट लग गई है जिसके कारण अगले महीने होने वाले भारत दौरे के लिए उनका फिट होना मुश्किल लग रहा है लेकिन अधिकारियों को उनके सही समय पर उबरने का भरोसा है। मंगलवार को विक्टोरिया मे क्लब क्रिकेट में पुल शॉट लगाने के प्रयास मे उन्हे यह चोट लगी जिससे वह मैदान से रिटायर्ड हर्ट होकर गए। इस शॉट के बाद उन्होने एक और पुल शॉट लगाने का प्रयास किया और तीन गेंद बाद दर्द से कराहने लगे। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू की शुक्रवार की रिपोर्ट के अनुसार, स्कैन मे पुष्टि हुई है कि उन्हे दाएं कूल्हे के उत्तकों को नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों को भरोसा है कि हैंड्सकोंब इस महीने भारत दौरे के लिए आस्ट्रेलियाई टीम के साथ रवाना होने के लिए फिट होंगे।

### अश्विन की गेंदबाजी से निपटने के लिए लाबुशेन ने अपने खेल में बदलाव किया

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन अगले महीने भारत के टेस्ट दौरे के दौरान रविचंद्रन अश्विन की गेंदबाजी का सामना करने के लिए बेताब है क्योंकि उन्होने इस शीर्ष स्पिनर से निपटने क लिए अपने खेल में जरूरी बदलाव किए है। आस्ट्रेलिया ने 2004 के बाद से भारत में कोई टेस्ट श्रृंखला नही जीता है। टीम नागपुर (नौ से 13 फरवरी), नई दिल्ली (17 से 21 फरवरी), धर्मशाला (एक से पांच मार्च) और अहमदाबाद (नौ से 13 मार्च) में चार टेस्ट मैच खेलेगी। लाबुशेन आस्ट्रेलिया में 2020-21 बॉर्डर-गावस्कर ट्राफी में 53.25 के औसत से 426 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे थे लेकिन अश्विन ने उन्हें दो बार आउट किया था।

### सूर्यकुमार वन टीम में नहीं होना हैरानी की बात : चांदीमल



**दुबई।** श्रीलंका के पूर्व कप्तान दिनेश चांदीमल ने सूर्यकुमार यादव को भारतीय एकदिवसीय एकादश मे जगह नही मिलने पर आश्चर्य जताते हुए शुक्रवार को कहा कि इस तरह का आक्रमक बल्लेबाज 30 से 50 रन की पारी से पूरे मैच का रूख मोड़ सकता है। श्रीलंका के लिए 157 एकदिवसीय मे लगभग 5000 (4936) रन बनाने वाले चांदीमल ने कहा, यह दिखाता है कि भारतीय क्रिकेट मे कितनी प्रतिभा है। मुझे फिर भी लगता है कि सूर्यकुमार यादव एकदिवसीय टीम का हिस्सा हो सकते है। श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और निर्णायक टी20 अंतरराष्ट्रीय मे सूर्यकुमार ने शतकीय पारी खेलकर टीम की जीत सुनिश्चित की। संयुक्त अरब अमीरात मे खेले जा रहे इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) मे डेजर्ट्स वाइपर्स टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे चांदीमल ने कहा , सूर्यकुमार यादव जैसा खिलाड़ी 30 से 50 रन की पारी से प्रतिद्वंद्वी टीम को परेशानी मे डाल सकता है।

# राज्य टेनिस में आयरा और सानिध्य और आशी चैंपियन



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी के उन्नाद टेनिस अकादमी, आशियाना में चल रही उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन राज्यस्तरीय टेनिस प्रतियोगिता के दूसरे दिन आयरा, सानिध्य धर द्विवेदी, आशी, ध्रुव सिंह, शुभी, विवान चैंपियन बने। सबजूनियर वर्ग के अंडर 14 बालिकाओं के फाइनल में आयरा ने अरुंधती को कड़े मुकाबले में 7-6,7-4 से हराकर खिताब अपने नाम किया। वहीं अंडर 14 बालक वर्ग में सानिध्य धर द्विवेदी ने वंशराज जलोटा को टाईब्रेक तक खिंचे मुकाबले में 7-6,7-1 से हरा दिया। इसी तरह अंडर 12 वर्ग के बालिकाओं के फाइनल में आशी शमशेरी ने सिद्धि सिंह को 5-3 से हराकर चैंपियनशिप पर कब्जा जमा लिया। अंडर 12 बालक वर्ग में ध्रुव सिंह चैंपियन बने उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी किंजलक श्रीवास्तव को 5-2 से हराया। सबजूनियर के अंडर 10 वर्ग में बालिका वर्ग में शुभी चैंपियन बनीं उन्होंने फाइनल में अपनी प्रतद्वंदी सौंदर्या जायसवाल को 5-4,7-5 से हराया। अंडर 10 वर्ग में बालकों का फाइनल विवान श्रीवास्तव ने जीता। उन्होंने कड़े मुकाबले में कृष्णा को 5-4 ,10-8 से हराया। प्रतियोगिता का जूनियर और में वुमेन वर्ग 14,15 जनवरी 2023 को आयोजित होगा। इस प्रतियोगिता का समापन 15 जनवरी को होगा। 14 जनवरी को सुबह 11.30 बजे एक समारोह में प्रदेश के अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण, उत्तर प्रदेश सरकार और यूपीटीए अध्यक्ष,नवनीत सहगल इन विजेताओं को सम्मानित करेंगें।

# सात्विक और चिराग सेमीफाइनल में

## ● मलेशिया ओपन प्रणय क्वार्टर में हारे

**भाषा।** कुआलालंपुर



**राष्ट्रमंडल** खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स चैम्पियन लियू यू चेन और यू शुआन यि को तीन गेम में हराकर मलेशिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।
सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने चीनी टीम को 17-21, 22-20, 21-9 से हराया। अब उनका सामना चीन के ही लियांग वेइ केंग और वांग चांग से होगा। इससे पहले भारत के एच एस प्रणय को तीन गेम तक चले क्वार्टर फाइनल में दुनिया के सातवें नंबर के जापानी खिलाड़ी नाराओका से हार का सामना करना पड़ा। केरल के 30 साल के प्रणय को 84 मिनट तक मैच में 21 वर्षीय नाराओका से 16-21 21-19 10-21 से हार मिली। नाराओका इससे पहले दौर में दो लंबे मैच खेलने के बावजूद भारतीय खिलाड़ी से कहीं तेज और फिट दिख रहे थे। प्रणय के खिलाफ यह नाराओका की तीन भिड़ंत में तीसरी जीत है। उन्होंने पिछले साल सिंगापुर ओपन और विश्व टूर फाइनल्स में भी प्रणय को पराजित किया था। प्रणय ने कुछ तेज तर्रार विनर जमाए और शुरूआती गेम में पिछड़ने के बाद वापसी की लेकिन युवा प्रतिद्वंद्वी ने निर्णायक गेम में नियंत्रण बनाए रखा और भारतीय खिलाड़ी को अपनी सहज गलतियों का खामियाजा भुगतना पड़ा। घरेलू प्रबल दावेदार दूसरे वरीय ली जि जिया को 73 मिनट और एनजी जे योंग को 72 मिनट में हराने के बाद इस मैच में खेल रहे नाराओका ने प्रणय को अंक जुटाने में काफी मशक्कत कराई। शुरूआती गेम में 7-7 की बराबरी के बाद जापानी खिलाड़ी ने ब्रेक तक दो अंक की बढ़त बनाई और दबाव बनाए रखा। दूसरे गेम में प्रणय ने अपने प्रतिद्वंद्वी को लंबी रैलियों में उलझाने का प्रयास किया। थोड़े समय के लिए यह कारगर रहा जिससे उन्होंने 13-9 से बढ़त बना ली ।

# नैतिकता अधिकारी ने बीसीसीआई अध्यक्ष के खिलाफ हितों के टकराव की शिकायत खारिज की

**भाषा।** नई दिल्ली



**बीसीसीआई** (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के नैतिकता अधिकारी न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) विनीत सरन ने बोर्ड अध्यक्ष रोजर बिन्नी के खिलाफ हितों के टकराव का मामला खारिज कर दिया और कहा कि शिकायतकर्ता संजीव गुप्ता के दावों का कोई आधार नहीं है। गुप्ता ने अपनी शिकायत में तर्क दिया था कि बिन्नी की पुत्रवधू मयंती लैंगर बिन्नी बतौर एकंर स्टार स्पोर्ट्स के साथ काम कर रही हैं जिसका बीसीसीआई से करार है जिससे यह हितों के टकराव का मामला बनता है। स्टार स्पोर्ट्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और भारतीय राष्ट्रीय टीम के घरेलू टूर्नामेंटों के साथ आईसीसी के सभी टूर्नामेंट का आधिकारिक प्रसारक है। मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ की शीर्ष परिषद के पूर्व सदस्य गुप्ता भारतीय क्रिकेट के मशहूर खिलाड़ियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते रहे हैं जिसमें सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, सौरव गांगुली, वीवीएस लक्ष्मण और विराट कोहली भी शामिल हैं। न्यायमूर्ति सरन ने अपने 11 पन्ने 20 बिंदुओं की रिपोर्ट में गुप्ता की शिकायत को खारिज कर दिया और कड़ी चेतावनी भी जारी की कि वह शिकायत संबंधित दस्तावेज गैर संबंधित पक्षों के साथ साझा नहीं करें। गुप्ता की आदत है कि वह अपने सभी दस्तावेज सैकड़ों पत्रकारों, बीसीसीआई के पूर्व और मौजूदा अधिकारियों को ईमेल कर देते हैं। बीसीआई डॉट टीवी पर अपलोड किए गए इस फैसले में सरन ने कहा, शिकायतकर्ता (गुप्ता) का मामला यह नहीं है कि मयंती लैंगर स्टार स्पोर्ट्स के बिक्री, विपणन, व्यवसाय या प्रबंधन में शामिल है।